www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

13 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 55


रेलवे ने इस साल 3.02 करोड़ फेक आइआरसीटीसी अकाउंट बंद किये








## कोयला के अवैध कारोबार पर इडी ने की बड़ी कार्रवाई

# तीन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी

- डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के हैं संचालक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को तीन कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई, उनमें डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक मनोज अग्रवाल, सुधीर चौटाला और इंद्रराज भदौरिया शामिल हैं। मनोज अग्रवाल ट्रांसपोर्टर भी हैं। यह कार्रवाई कोयला के अवैध कारोबार से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में की जा रही है।

**21 नवंबर को भी हुई थी छापामारी:** इसके पहले 21 नवंबर को भी इडी ने कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार, अनिल गोयल, लाल बाबू सिंह और अन्य कोयला कारोबारियों के घर और कार्यालयों में छापेमारी की थी। उस छापेमारी में कोलकाता की इडी टीम भी शामिल थी, जो पश्चिम बंगाल के ठिकानों पर जांच कर रही थी। इस छापेमारी के दौरान कई करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों का पता चला था। जांच में यह भी सामने आया कि इंद्रराज भदौरिया, सुधीर चौटाला और मनोज अग्रवाल का अवैध कोयला कारोबार में संलिप्तता हैं। जिसके चलते इडी ने इनके खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की है।



### कफ सीरप मामला: झारखंड, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में इडी का छापा

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी ने शुक्रवार को झारखंड, गुजरात और उत्तर प्रदेश में जानलेवा कफ सीरप की अवैध खरीद-बिक्री के मामले में छापेमारी की। यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे शुरू हुई। झारखंड में रांची स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान शैली ट्रेडर्स भी जांच के दायरे में है। इडी ने रांची के व्यवसायी शुभम जायसवाल के तुपुदाना स्थित गोदाम और उनके आवास पर भी तलाशी ली। मिली जानकारी के अनुसार इडी की टीमें उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर के साथ-साथ गुजरात के अहमदाबाद और झारखंड के रांची में एक साथ छापेमारी की। इडी यह पता लगाने में जुटी है कि इस खतरनाक कफ सीरप की आपूर्ति श्रृंखला किन-किन राज्यों तक फैली हुई है और इसके वित्तीय लेन-देन कैसे संचालित हो रहे हैं।

# पालकोट के बंगरू लैंपस में धान खरीदारी की आड़ में करोड़ों का घोटाला

- भूमिहीनों, अपने संबंधियों, अन्य ग्रामीणों को किसान का पंजीयन कर किया गया फर्जीवाड़ा
- आला अधिकारियों की जानकारी में आने के बावजूद दबा दी गयी फाइल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के पालकोट प्रखंड के बंगरू गांव में संचालित लैंपस में सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर और कुछ बिचौलियों ने फर्जी तरीके से धान खरीद कर सरकार को करोड़ों का चूना लगाया है। यह मामला वर्ष 2024-25 का है। इस मामले में 04 अप्रैल 2025 को अपर समहर्ता शशिन्द्र बड़ाइक और पालकोट एसडीओ ने जांच की। इसके बाद 26 अप्रैल 2025 को उपायुक्त कार्यालय को विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंप दी। खुलासा और जांच होने के बावजूद जिले के आला अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। सभी आरोपी मजे से सरकारी कार्य कर रहे हैं। इन आरोपियों ने कहीं फर्जी लोगों को किसान बना कर, कई किसानों को उनकी जमीन से अधिक उपज दिखा कर, तो कहीं अपने सगे संबंधियों को किसान बना कर उनके खाते में बिना विभागीय पदाधिकारी की अनुमति से राशि भेजी। पूरा मकड़जाल बना कर सरकार के करोडो रुपयों का गबन कर लिया। इस घोटाले के संबंध में स्थानीय लोगों की शिकायत पर तत्कालीन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने तत्कालीन अपर समाहर्ता को मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी। जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी घोटाले की परतें खुलती चली गयी। बंगरू लैंपस में कदम कदम पर घोटाले हैं। अपर समाहर्ता ने जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि मलावती देवी के द्वारा 13.77 एकड़ भूमि को पंजीकृत किया गया। जिसमें 150 क्विंटल और 49 क्विंटल धान बिक्री करने का उल्लेख किया गया। आपूर्ति पदाधिकारी के सत्यापन के बिना ही लाभुक को दो बार राशि का भुगतान कर दिया गया। लाभुक लदरू खड़िया को 15.56 एकड़ भूमि में 150 क्विंटल और 49 क्विंटल धान की बिक्री दिखाई गई। इन्हें भी बिना आपूर्ति पदाधिकारी की सत्यापन के ही भुगतान कर दिया गया दोनों से बराबर धान खरीदारी की गयी। इसी तरह दूसरे प्रखंड के किसानों को रैयत बना कर की धान खरीदी गयी। वहीं, निर्धारित वजन से काफी अधिक मात्रा में धान खरीदारी की गयी। यहां तक कि जिन्होंने धान बिक्री नहीं की, उनके नाम से भी राशि निकाली गयी और भूमिहिन ग्रामीणों को भी किसान बता कर भुगतान किया गया।

# राज्य के 32 हजार किसानों के खाते में पहुंचे 15 करोड़ रुपये

- झारखंड मिलेट मिशन का नाम अब होगा झारखंड मडुआ क्रांति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मिलेट मिशन अब झारखंड मडुआ क्रांति के नाम से जाना जायेगा। इसकी घोषणा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। शिल्पी शुक्रवार को पशुपालन निदेशालय के सभागार में आयोजित झारखंड राज्य मिलेट मिशन 2025-2026 के तहत लाभुकों को प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस मौके पर मंत्री ने राज्य के 32 हजार 911 किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 15 करोड़ 63 लाख 24 हजार 900 रुपये की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की। बताते चलें कि वर्ष 2024-25 में 18 हजार किसानों को मोटे अनाज की खेती पर प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला था। इस वर्ष 32 हजार को लाभ मिला। अब अगला लक्ष्य 60 हजार है। मंत्री ने कहा है कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की तरह ही मडुआ के लिए पहले चरण में गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिला को चिन्हित किया है।









# धरती मां की गोद को फिर से हरा-भरा बनाने का संकल्प-जय धरती मां फाउंडेशन

सुनील भंडारी

**धनबाद ।** भारत की मिट्टी सदियों से उर्वरता, संस्कृति और समृद्ध कृषि परंपराओं का प्रतीक रही है। लेकिन आधुनिक चुनौतियां–बेरोजगारी, पलायन, वन कटाई, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन–इस धरोहर पर गंभीर प्रभाव डाल रही हैं। इन्हीं चुनौतियों के बीच झारखंड की धरती से एक ऐसी आवाज उठी जिसने समाज में उम्मीद की नई रोशनी जगाई। यह आवाज है 'जय धरती मां फाउंडेशन' की–एक ऐसा सामाजिक आंदोलन जिसने पिछले बारह वर्षों में न सिर्फ किसानों को मजबूती दी, बल्कि पर्यावरण, युवाओं और महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन की एक नई इबारत लिख दी।

**संस्थापक का दृष्टिकोण : सिर्फ भाषण नहीं, जमीन पर बदलाव का संकल्प :** 'धरती मां की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है'–इसी विचार को जीवन का उद्देश्य बनाकर रवि कुमार निषाद ने सामाजिक उत्थान की इस यात्रा की शुरूआत की। एक साधारण परिवार में जन्मे–पिता शिव शंकर मल्लाह और माता पार्वती देवी–उन्हें बचपन से ही पलायन, गरीबी, युवाओं में कौशल की कमी और किसानों की बदहाल स्थिति ने गहरी चोट पहुंचाई। धनबाद, जिसे ह्यकोयले की राजधानी' कहा जाता है, बढ़ते प्रदूषण और बर्बाद हो रहे जंगलों से जूझ रहा था। उन्होंने महसूस किया कि–'बदलाव भाषणों से नहीं, कर्मों से आता है। 'यही सोच 2012 में 'जय धरती मां फाउंडेशन' की स्थापना का आधार बनी, जिसके साथ शुरू किया गया 1 करोड़ पौधारोपण महाअभियान, जो आज जन-आंदोलन का रूप ले चुका है।



संस्थापक : श्री रवि कुमार निषाद
धनबाद, झारखंड

## फाउंडेशन का ध्येय : हरियाली, खुशहाली और आत्मनिर्भरता का संगम



यह संस्था सिर्फ पौधारोपण या प्रशिक्षण तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास का एक व्यापक मॉडल प्रस्तुत करती है। इसके चार मुख्य स्तंभ हैं–

**1. धरती मां की सेवा**
*बड़े स्तर पर पौधारोपण
*जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन
*प्राकृतिक वनों और स्थानीय प्रजातियों की रक्षा

**2. किसानों की उन्नति**
*आधुनिक व जैविक खेती का प्रशिक्षण
*तकनीकी जागरूकता
*आय बढ़ाने के नए मॉडल

**3. युवाओं व महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण**
*स्वरोजगार केंद्रों की स्थापना
*उद्यमिता व ग्रामीण स्टार्टअप को प्रोत्साहन

**4. शिक्षा का दीपक**
*2013 में प्रारंभ हुए 'संकल्प शिक्षा अभियान' के तहत अब तक



*13,780 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान किया ।
*इनमें से कई विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और प्रतियोगी परीक्षाओं में असाधारण सफलता हासिल की है।

## सम्मान की गूंज : देश-विदेश में पहचान





**संस्था के अथक प्रयासों को देश ने भी सराहा :** 22 नवम्बर 2024 को नई दिल्ली में 'भारत विभूषण सम्मान' से सम्मानित किया जाना इस आंदोलन की ऐतिहासिक उपलब्धि है।

**इसके अलावा–**
*4 अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार
*3 राष्ट्रीय सम्मान
*112 राज्य स्तरीय सम्मान
*313 जिला स्तरीय सम्मान

## यह साबित करते हैं कि जब नीयत साफ और इरादे मजबूत हों, तो समाज भी सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाता है।

- प्रमुख परियोजनाएं जो बदल रहीं ग्रामीण भारत की तस्वीर
- पौधारोपण महाअभियान : हरियाली का जन-आंदोलन

अब तक 3,15,700 पौधे सफलतापूर्वक लगाए गए हैं। इनमें नीम, पीपल, बरगद, आम, आंवला और कई स्थानीय प्रजातियां शामिल हैं।




**इन पौधों ने–**
*भूजल स्तर में सुधार
*हवा की गुणवत्ता में वृद्धि
*तापमान में कमी
*जैव विविधता में बढ़ोतरी
*जैसे परिणाम दिए हैं, जिन्हें ग्रामीण लोग प्रत्यक्ष महसूस कर रहे हैं।

## फल-फूल की खेती : ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ऊर्जा



150 एकड़ से अधिक भूमि पर फलों व फूलों की बागवानी ने सैकड़ों परिवारों की आय का नया स्रोत बनाया है। यह मॉडल बताता है कि– 'यदि सही मार्गदर्शन मिले, तो खेती सिर्फ रोजगार नहीं बल्कि एक समृद्ध व्यवसाय बन सकती है।'

## किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम : आधुनिक कृषि की ओर कदम

अब तक 17,890 किसानों को जैविक खेती, आधुनिक तकनीकों, ड्रिप इरिगेशन, मशरूम उत्पादन, सब्जी बीज उत्पादन आदि का प्रशिक्षण दिया गया है।
* इससे किसानों की औसत आय में 25%-40% तक वृद्धि दर्ज की गई है।
*स्वरोजगार व ग्रामीण विकास : आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार ।

फाउंडेशन ने 17,560 युवाओं और महिलाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण दिए–जैसे सिलाई, मशरूम उत्पादन, ब्यूटी ट्रेनिंग, कंप्यूटर शिक्षा, हस्तशिल्प निर्माण, फूड प्रोसेसिंग आदि।इनमें से हजारों लोग आज स्वरोजगार, छोटे उद्योग और स्टार्टअप के माध्यम से अपने परिवार को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रहे हैं।



**प्रभाव : सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि नई सोच का निर्माण:** 'जय धरती मां फाउंडेशन' ने झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत में यह संदेश दिया है कि– 'यदि एक व्यक्ति बदलाव की ठान ले, तो यह एक आंदोलन बन सकता है।'

**आज यह संस्था–**
*समाज में पर्यावरण चेतना फैलाने
*किसानों को आधुनिकता से जोड़ने
*युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने
*और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने
का सफल उदाहरण बन चुकी है।

## आगे का सफर : सामूहिक सहयोग से बनेगा हरा-भरा भारत




संस्था की पारदर्शिता, निष्ठा और समर्पण ने इसे विश्वसनीयता की उस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, जहां लोग स्वयं आगे बढ़कर जुड़ रहे हैं। लेकिन मिशन विशाल है, और लक्ष्य उससे भी बड़ा। पौधारोपण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कृषि क्रांति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समाज के हर वर्ग–कॉर्पोरेट, स्वयंसेवी, CSR मॉडल, सरकारी संस्थान और आम नागरिकों–के सहयोग की आवश्यकता है।



## समापन : धरती मां पुकार रही है– क्या आप तैयार हैं?

**'जय धरती मां फाउंडेशन'** ने यह साबित कर दिया है कि साफ नीयत, सच्चा प्रयास और सकारात्मक सोच किसी भी समाज में चमत्कार ला सकती है।

आज समय है कि हम सब मिलकर इस पुकार को सुनें– धरती मां को बचाने की पुकार, किसानों को मजबूत करने की पुकार, और एक हरित, स्वच्छ, आत्मनिर्भर भारत बनाने की पुकार।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 13 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# केंदुआ की सिसकती जमीन, जहरीली सांसें और नींद से जागी व्यवस्था

## ■ यह धनबाद की त्रासदी है, जहां फटती है धरती या रिसती है जहरीली गैस

## ■ पुनर्वास के इंतजार में मौत से जंग लड़ रहीं बची जिंदगियां, पर सामने दिखती है हार

## ■ भूमिगत आग, रिसती गैस और प्रशासन की पुरानी उदासीनता ने रचा एक ऐसा हादसा, जिसे रोका जा सकता था, लेकिन रोका नहीं गया

**आजाद सिपाही विशेष**

देश की कोयला राजधानी धनबाद आज भू-धंसान और जहरीली गैस की त्रासदी से जूझ रहा है। दशकों से चली आ रही इस समस्या ने न केवल लोगों की जिंदगियों को खतरे में डाला है, बल्कि उनके घरों, सपनों और भविष्य को भी पाताल में समा दिया है। अवैध कोयला खनन, भूमिगत आग और भारी बारिश ने कोयलांचल को एक ऐसी धरती बना दिया है, जहां हर पल मौत का डर सताता है। कोयलांचल की हालत यह हो गयी है कि यहां के लोग अब हर सुबह यही सोचते हुए जगते हैं कि आज कहां गैस रिसेगी या जमीन धंसेगी और किसकी मौत होगी। जोरदार आवाज के साथ जमीन धंसना या फिर घर के किसी कोने से जहरीली गैस का रिसना अब धनबाद के अलग-अलग इलाकों की आदत हो गयी है। कई स्थानों पर भू-धंसान के कारण दूर तक धरती फट गयी है, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। धनबाद में हर साल ऐसे दर्जनों मामले आते हैं। यह अलग बात है कि हल्ला इस बार मचा है, क्योंकि जहरीली गैस से दो महिलाओं की मौत हो गयी है। पिछले पांच वर्षों (2020-2025) की बात करें, तो अनुमानित 100-150 भू-धंसान की घटनाओं ने 10-20 लोगों को घायल किया और पांच लोगों की जान ली। इस मामले में खास बात यह भी है कि भू-धंसान का कोई भी आधिकारिक आंकड़ा कहीं भी दर्ज नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोग भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और प्रशासन से पुनर्वास और मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन आश्वासनों के बावजूद ठोस कार्रवाई का अभाव बना हुआ है। एक सप्ताह पहले केंदुआ इलाके में जहरीली गैस के रिसाव से दो महिलाओं की मौत के बाद जो स्थिति पैदा हुई है, उसकी हकीकत और वस्तुस्थिति से अवगत करा रहे हैं **आजाद सिपाही के धनबाद संवाददाता सुनील भंडारी और सामीद खान।**







**धनबाद** का कोयलांचल क्षेत्र, जो भारत का कोयला उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, पिछले 150 वर्षों से कोयला खनन के लिए जाना जाता है। लेकिन इस खनन ने जमीन के नीचे खाली सुरंगें और भूमिगत आग छोड़ दी, जो भू-धंसान और जहरीली गैस रिसाव की घटनाओं का प्रमुख कारण बन गयी हैं। इन घटनाओं ने न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, बल्कि कई जिंदगियां भी छीन लीं। कुछ मामलों में लोग जमीन के अंदर समा गये और उनके शव तक बरामद नहीं हो सके। परिजनों को न तो उनके प्रियजनों का अंतिम दर्शन मिला और न ही अंतिम संस्कार का अवसर।

इसी तरह बीते 5 दिसंबर की सुबह केंदुआडीह में सूरज तो निकला, पर उसके साथ ही मौत भी हवा में तैरती मिली। जब अचानक बस्ती की गलियों में लोग तड़पते दिखे, बच्चों की चीखें गूंज उठीं और दो महिलाओं–ललिता देवी तथा एक अन्य–की सांसें हमेशा के लिए थम गयीं, तब इस बस्ती ने सचमुच समझा कि यहां हर सांस एक जुआ बन चुकी है। लोग भाग रहे थे, गिर रहे थे, चिल्ला रहे थे। लेकिन यह सब अचानक नहीं हुआ। इस मौत की पटकथा वर्षों से जमीन के नीचे लिखी जा रही थी, बस पढ़ने वाला कोई नहीं था। केंदुआ की गलियों में फैली यह खामोशी किसी तूफान से कम न थी। पर यह तूफान ऊपर आसमान से नहीं, जमीन के नीचे से निकला। काले धुएं, जहरीली गैस और अनदेखे खतरे का तूफान। जब बस्ती में अचानक चीख-पुकार उठी, लोग इधर-उधर भागते दिखे, बच्चे रोते हुए मां की गोद ढूंढ़ने लगे और बुजुर्ग धम्म से जमीन पर गिरते चले गये, तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह गैस दो जिंदगियां निगल चुकी है। ललिता देवी और एक अन्य महिला की सांसें हमेशा के लिए थम चुकी थीं। केंदुआ की तंग गलियों में उस वक्त सिर्फ एक ही आवाज थी, दर्द की, लाचारी की और सवालों की। बस्ती की आंखों में दहशत, जहर की गंध के साथ उड़ती मौत। राजपूत बस्ती हो, नया धौड़ा हो या मस्जिद मोहल्ला, हर तरफ एक ही डर पसरा हुआ है कि आज हमारी बारी तो नहीं?

### जिंदगी या मौत- केंदुआ की हवा पूछ रही है सवाल

*600 से 2000 पीपीएम तक पहुंची जहरीली गैस, विशेषज्ञ भी दंग, यहां रहना आत्महत्या जैसा*

जब तकनीकी टीमों के मीटर 600 पीपीएम से ऊपर का स्तर दिखाने लगे, तो अधिकारी भी सन्न रह गये। कई जगह गैस का स्तर 2000 पीपीएम तक आंका गया, ऐसा स्तर जहां कुछ ही मिनटों में मानव शरीर जवाब दे देता है। लेकिन बस्ती के लोगों को इससे भी ज्यादा दर्द दे रहा है प्रशासनिक रवैया।

### विस्थापन की बात करते हैं, गैस रोकने की नहीं

*लोगों की चीख, जिम्मेदार पहले कहां थे?*

मौके पर मौजूद मो. जाहिद की आवाज गुस्से से कांप रही थी, हम पूछते हैं कि गैस क्यों निकल रही है, इसे कैसे रोका जायेगा और अधिकारी सिर्फ हमें घर छोड़ देने को कहते हैं। बस्ती के आनंद की पीड़ा और गहरी थी, हम बेलगढ़िया क्यों जायें? वहां रोजगार नहीं, ईंट भर उम्मीद नहीं। क्या अपने ही घर से उजड़ कर भूखे जियेंगे? यह गुस्सा सिर्फ विस्थापन का नहीं, यह लापरवाही का गुस्सा है, दशकों की अनसुनी पीड़ा का गुस्सा है।

### दो मौतें हुई, तब जागा प्रशासन

निरीक्षण टीमें, अधिकारी, दौरे, लेकिन क्या यह भी सिर्फ एक औपचारिकता? अपर समाहर्ता विनोद कुमार की टीम पहुंची। उपायुक्त, एसएसपी, बीसीसीएल अधिकारी–सब दौरे करते दिखे। रिपोर्टें तैयार होने लगीं। लेकिन स्थानीय लोग पूछ रहे हैं, अगर यह खतरा पुराना था, तो हमारी बस्ती वर्षों से मौत के मुहाने पर क्यों थी? प्रशासन की यह देर से जागी सक्रियता लोगों की नाराजगी को कम करने में नाकाम रही है।

### जीएम साहा सस्पेंड, लेकिन क्या इससे गैस बंद हो जायेगी?

एक अफसर हटाया गया, लेकिन भय बाकी है। पीबी एरिया के जीएम जीसी साहा का निलंबन कर दिया गया। कोयला मंत्रालय सख्त हुआ, कार्रवाई हुई। लेकिन लोगों के मन में एक तीखा सवाल अब भी मौजूद है, एक अफसर चला गया, पर क्या जमीन का जहर भी चला जायेगा?

### घरों पर चिपके नोटिस, तुरंत खाली करें

किसी की यादें, किसी की कमाई और एक नोटिस से उजड़ती जिंदगी। बीसीसीएल ने बस्ती की हर दीवार पर नोटिस चिपका दिया- जहरीली गैस के खतरे को देखते हुए घर तुरंत खाली करें। यह नोटिस जितनी स्याही से लिखा था, उससे ज्यादा आंसुओं में पढ़ा जा रहा था। यहां हर घर उजड़ रहा है, हर दरवाजा बंद होते वक्त कराह रहा है, हर कोना कह रहा है, हमें ऐसे क्यों छोड़ा जा रहा है?

### टेंट सिटी—राहत या मजबूरी का दूसरा नाम?

*रोटियां मिल सकती हैं, पर घर की गरमाहट कहां मिलेगी? प्रशासन कह रहा है—*

टेंट में बिजली है, खाना है, डॉक्टर हैं। लेकिन बस्ती के लोग कह रहे हैं– यह सब है, पर घर जैसा कुछ भी नहीं है। मांएं चिंतित हैं– बच्चों को कैसे संभालें? हवा की हर हल्की हलचल डर पैदा कर देती है। बुजुर्गों की आवाज में टूटन है।

### हम कितनी बार उजड़ेंगे?

*1000 से अधिक लोग हटाये जायेंगे, बस्ती डरी हुई है*

आज वह दो थीं, कल पता नहीं कौन? औपचारिक बयानों में यह साफ कहा गया।

एक हजार से अधिक लोगों को बाहर निकाला जायेगा। लेकिन लोगों की आंखों में जो साया है, वह किसी भी बयान से नहीं मिट रहा– आज दो मरी हैं। कल किसकी बारी होगी?

### कोल इंडिया चेयरमैन का दौरा: उम्मीद की किरण या खतरे की पुष्टि?

हटिये, अभी यही एकमात्र उपाय है–चेयरमैन का साफ संदेश। चेयरमैन सनोज कुमार झा केंदुआ पहुंचे। उनका बयान बस्ती में सन्नाटा भर गया- गैस का स्तर बेहद खतरनाक है। अभी यहां रहना किसी भी हाल में सुरक्षित नहीं।

उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि गैस को रोकने के तकनीकी प्रयास चल रहे हैं, लेकिन यह भी कहा कि इसमें समय लगेगा।

स्थानीय पार्षद ने बताया– चेयरमैन ने स्थायी विस्थापन की बात नहीं की है। सिर्फ अस्थायी शिफ्टिंग की अपील की है। लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन आतंक का धुंआ अभी भी मन में भरा है।

### यह सिर्फ हादसा नहीं : यह मानव त्रासदी है

जब लापरवाही मौत बनकर हवा में घुल जाये। केंदुआ की ये मौतें अचानक नहीं हुईं। यह प्रशासनिक देरी, तकनीकी अनदेखी और प्रबंधन की ढीली पकड़ का नतीजा है।

यह त्रासदी है, उन बच्चों की, जो रातों में रो रहे हैं, उन माताओं की, जो घर छोड़ कर जा रही हैं, उन बुजुर्गों की, जो जीवन भर की कमाई छोड़ कर टेंट में बैठने को मजबूर हैं। यह त्रासदी है–एक बस्ती का टूटना, एक पहचान का बिखरना, एक जिंदगी का बिना आवाज खत्म होना।

### केंदुआ की जनता की अंतिम पुकार

हमें आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए, क्योंकि ज़िंदगी दोबारा नहीं मिलती। यह आवाज अब सिर्फ स्थानीय नहीं– यह एक चेतावनी है, एक सवाल है और एक इंसाफ की मांग है।

केंदुआ सांस लेना चाहता है– बिना डर, बिना जहर, बिना विस्थापन की तलवार के।

# जहरीली गैस और आग के बीच कोयला चुनने वाले नौनिहाल

## भविष्य संवारने में जुटीं पिनाकी और मौसमी




**कोयलांचल** की धूल भरी खदानों के बीच बसी एक ऐसी आबादी है, जहां जिंदगी का आधार कोयला चुनना है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता यह सिलसिला नन्हे बच्चों की मासूमियत को भी खदानों की कालिख में रंग देता है। लेकिन झरिया के पिनाकी राय और उनकी पत्नी मौसमी राय इन बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस के जरिये वे न सिर्फ इन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभा को कला, नृत्य और तकनीक के क्षेत्र में निखार कर एक बेहतर भविष्य का सपना संजो रहे हैं। यह कहानी है कोयला खदानों की कठिन जिंदगी से जूझते बच्चों और उनके लिए मसीहा बने इस दंपति की, जो एक नयी सुबह की तलाश में जुटे हैं।

**खदानों की कालिख में बसती जिंदगी :** धनबाद में कोयला खनन क्षेत्रों के आसपास बसे परिवारों की जिंदगी कोयले पर टिकी है। सुबह की पहली किरण के साथ ही बच्चे, बूढ़े और जवान खदानों की ओर निकल पड़ते हैं। फटी जमीन, गैस रिसाव और खतरे के बीच कोयला चुनना इनके लिए मजबूरी है। इस कोयले को बेचकर ही परिवार का गुजारा चलता है। नन्हे बच्चे, जिनके हाथों में किताबें होनी चाहिए, वे कोयले की कालिख से सने रहते हैं। सीआइएसएफ के जवान इन्हें खदानों से भगाते हैं, लेकिन मजबूरी इन्हें बार-बार उसी कालिख भरी दुनिया में लौटने को मजबूर करती है।

**पिनाकी राय सपनों को दे रहे हकीकत का रूप :** पिनाकी राय, जिनका जन्म 1967 में झरिया के कोयलांचल में हुआ, ने विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन से अर्थशास्त्र में शिक्षा प्राप्त की। शुरूआती दिनों में वे कार्मेल और डी नोबिली जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते थे। लेकिन खदानों में कोयला चुनते बच्चों को देखकर उनका मन विचलित हो उठा। इन बच्चों की जिंदगी को बेहतर बनाने का संकल्प लेकर उन्होंने 22 जुलाई 2018 को कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस की शुरूआत की। आज झरिया के लिलोरी पथरा, केंदुआ घनसाडीह, सहाना पहाड़ी, लोदना डीपू धौड़ा और बस्तकोला बंगालीकोठी में उनके पांच केंद्र चल रहे हैं, जहां 100 से अधिक बच्चे शिक्षा और कला के जरिये अपने सपनों को पंख दे रहे हैं।

**बाल श्रम एक अनदेखी चुनौती:** पिनाकी राय का कहना है कि केंद्र सरकार ने झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) के लिए 5,940 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, लेकिन बाल श्रम पर ध्यान देना जरूरी है। कोयलांचल में कितने बच्चे कोयला चुनने का काम करते हैं, इसका कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। वे मांग करते हैं कि इस मुद्दे पर सर्वे हो और जेएमपी में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष प्रावधान बनाए जायें। पिनाकी कहते हैं, भारत सुपरपावर बनने की राह पर है, लेकिन इसके लिए बाल श्रम को पूरी तरह खत्म करना होगा।

**उम्मीद की नयी सुबह :** पिनाकी और मौसमी राय की यह मुहिम कोयलांचल के बच्चों के लिए एक नयी रोशनी लेकर आयी है। खदानों की कालिख में सने इन बच्चों के हाथ अब किताबें, रंग और सपने थाम रहे हैं। दिल्ली के मंचों पर नृत्य, दीवारों पर कला और कंप्यूटर की स्क्रीन पर भविष्य रचते ये बच्चे साबित कर रहे हैं कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो कोई भी मुश्किल उनके हौसले को नहीं तोड़ सकती।

### मौसमी राय बनीं बच्चों की मां और मार्गदर्शक

पिनाकी की इस मुहिम में उनकी पत्नी मौसमी राय कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। मौसमी बच्चों को नृत्य सिखाती हैं और उनकी प्रतिभा को मंच देती हैं। वे कहती हैं, हम बच्चों को सिखाते नहीं, वे खुद सीखते हैं। हम बस एक मां की तरह उनका मार्गदर्शन करते हैं। उनकी मेहनत का नतीजा है कि ये बच्चे दिल्ली, कोलकाता और पटना में आयोजित नृत्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। मौसमी बताती हैं कि दिल्ली की एक प्रतियोगिता के लिए बच्चों को जनरल टिकट पर ले जाना पड़ा, तब भी बच्चों ने हार नहीं मानी और फाइनल राउंड तक पहुंचे। उस दौरान उनके परिवारों के घर टूट रहे थे, फिर भी इन बच्चों ने हिम्मत के साथ अपने सपनों को जिया।

### कला और शिक्षा से बदल रही जिंदगी

कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस में बच्चों को न सिर्फ पढ़ाई, बल्कि नृत्य, पेंटिंग और कंप्यूटर की ट्रेनिंग भी दी जाती है। खनन क्षेत्रों की दीवारों पर इन बच्चों की बनायी पेंटिंग्स, जिन्हें अर्ली कोलियरी आर्ट का नाम दिया गया है, उनकी रचनात्मकता की कहानी बयां करती हैं। बच्चे अंग्रेजी बोलने की प्रैक्टिस करते हैं और अपने माइंडसेट को बदलने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। पिनाकी कहते हैं, इन बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं। हमारा मकसद उन्हें कोयला चुनने की जिंदगी से बाहर निकालकर एक बेहतर भविष्य देना है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °c | 8.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.04 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.21 बजे | |



# दंपति से छिनतई का खुलासा : कोढ़ा गैंग के ठिकाने से 60 लाख के जेवरात वापस लायी रांची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में हुई एक बड़ी छिनतई की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर दिया है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि शहर के सदर थाना क्षेत्र में बीते 8 दिसंबर को बैंक से घर लौट रहे दंपति को निशाना बनाकर बाइक सवार दो अपराधियों ने लाखों के जेवरात झपट लिये थे। अब पुलिस ने बिहार के कटिहार जिले से लगभग 55 से 60 लाख रुपये मूल्य के सभी जेवर बरामद कर लिये हैं। इस वारदात को अंजाम देने के पीछे कुख्यात कोढ़ा गैंग का नाम उछला है।



## कैसे हुई घटना

जयप्रकाश नगर बूटी मोड़ निवासी निलय प्रकाश अपनी पत्नी के साथ बैंक ऑफ इंडिया, बरियातू शाखा गये थे। वहां से उन्होंने अपने लॉकर से जेवर निकाले और कार से घर लौट रहे थे। घर पहुंचते ही उनकी पत्नी कार से उतरकर गेट खोल रही थीं। तभी बाइक पर आये दो अपराधी तेजी से पहुंचे और उनके कंधे से झोला झपटकर फरार हो गये। निलय प्रकाश ने तुरंत सदर थाना में इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामला सदर थाना कांड संख्या 596/25 के तहत दर्ज किया।

## क्या-क्या मिला

- सोने के बिस्कुट 2 पीस
- सोने के सिक्के 7 पीस
- सोने की अंगूठी 15 पीस
- सोने के झुमके 16 जोड़ा
- सोने की चेन 9 पीस
- सोने के हार 2 पीस
- सोने की गिन्नी आदि
- चांदी के पायल 9 जोड़ा
- चांदी की चेन, सिक्के और कड़ा

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई

छिनतई की घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर एसएसपी राकेश रंजन पहले से ही विशेष निर्देश दे रहे थे। इसी के तहत सिटी एसपी नगर पारस राणा के निर्देश में सदर डीएसपी संजीव बेसरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनायी गयी। तकनीकी शाखा की मदद से पुलिस को संकेत मिला कि इस घटना में कुख्यात कोढ़ा गैंग की संलिप्तता हो सकती है। सुराग मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में टीम को कटिहार भेजा गया।

## कटिहार में छापा, जेवर बरामद

स्थानीय पुलिस की मदद से टीम ने कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज गांव में छापेमारी की। यहां आरोपी रामकुमार यादव के घर की तलाशी ली गयी। तलाशी में वह सभी जेवर मिले जो रांची से छीने गये थे। पुलिस के अनुसार बरामद सामान में लगभग 425 ग्राम सोना और 450 ग्राम चांदी शामिल है, जिसकी बाजार में कुल कीमत करीब 55 से 60 लाख रुपये है। आरोपी रामकुमार यादव सहित अन्य की पहचान कर ली गयी है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

राज्य में धान की खरीद 15 से शुरू होगी

# किसानों को 2450 रुपये प्रति क्विंटल मिलेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत राज्य में धान अधिप्राप्ति कार्य 15 दिसंबर 2025 (सोमवार) से शुरू करने की घोषणा की है। राज्यभर में धान खरीद के लिए 783 अधिप्राप्ति केंद्र बनाये गये हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष किसानों को धान बिक्री पर बोनस सहित प्रति क्विंटल 2,450 रुपये एकमुश्त भुगतान किया जायेगा।

मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य के सभी मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के चयनित धान अधिप्राप्ति केंद्रों (लैंपस, पैक्स) आदि पर पहुंचकर धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ करें। डॉ अंसारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि वे किसानों का मनोबल बढ़ायें। सरकार किसानों के प्रति गंभीर है, क्योंकि किसान समाज की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से किसानों को भरोसा मिलेगा कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मंत्री इफान अंसारी ने यह भी कहा कि किसानों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसी सोच के तहत लगातार साहसिक निर्णय लिये जा रहे हैं। धान अधिप्राप्ति योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार तभी संभव है, जब जनप्रतिनिधि इसमें शामिल होकर किसानों को प्रोत्साहित करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** विविध उलझनों का सामना होगा,इस समय शत्रु हावी हो सकता है,उदर पीड़ा, सेहत में गिरावट आयेगी।

**वृष** भौतिक सुख-सम्पन्नता में वृद्धि होगी,घर में अविवाहित बच्चों के रिश्ते आएंगे।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण,प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर।

**कर्क** शुभ समाचार की प्राप्ति होगी,बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

**सिंह** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा,आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# टेंडर वर्क पर स्टीफन ने लगाया पक्षपात का आरोप कहा, सभी वर्क की होगी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता







**पाकुड़।** लघु सिंचाई विभाग द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की टेंडर पर महेशपुर विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने जांच कराने की बात कही है। विधायक प्रोफेसर मरांडी ने शुक्रवार को रांची से दूरभाष पर बताया कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा महेशपुर ब्लॉक के बॉसकेंद्री में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का टेंडर के बाद अधीक्षण अभियंता द्वारा चहेते संवेदक को काम आवंटित कर दिया है जो जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि उक्त विभाग द्वारा जारी टेंडर और कार्य की उच्च स्तरीय जांच करायी जायेगी। उधर अधीक्षण अभियंता अनिरुद्ध मंडल से इस बाबत पूछे जाने पर कहा कि टेंडर का निष्पादन नियमानुसार की गयी है। वहीं उक्त कार्य को लेकर निविदा में भाग लेने वाले संवेदक मोहम्मद फारूक ने डीसी को एक आवेदन पत्र देकर गलत तरीके से टेंडर का निष्पादन और एग्रीमेंट को रद्द कर पुनः निविदा कराने की मांग की है। संवेदक का आरोप है कि उक्त कार्य का टेंडर मेरे द्वारा भी डाली गयी थी। जिसमें एल वन हुआ और मेरे प्रतिद्वंदी खुदीराम साह एल 2 के बाद तकनीकी त्रुटि होने के बावजूद कार्य उन्हें आवंटित कर दिया गया है जो जांच का विषय है। इधर कार्यपालक अभियंता प्रेम हांसदा का कहना है कि टेंडर वर्क का निष्पादन करना अधीक्षण अभियंता के अधिकार क्षेत्र का मामला है। टेंडर का डिस्पोजल होने के बाद कार्य का एग्रीमेंट कर खुदीराम शाह के द्वारा काम शुरू कर दी गयी है। हालांकि कार्य स्थल पर उक्त कार्य से संबंधित सूचना पट नहीं लगाने का स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है। उक्त कार्य आनन-फानन में टेंडर डिस्पोजल किए जाने पर संवेदक मोहम्मद फारूक ने उक्त मामले को लेकर हाइकोर्ट में रिट दायर करने की बात कही है।

# केंद्रीय सरना समिति ने धर्मांतरित आदिवासियों को दोहरे लाभ से डिलिस्ट करने की मांग की

धर्मांतरित इसाई समुदाय के लोग आदिवासी आरक्षण का लाभ ले रहे

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की के नेतृत्व में शुक्रवार को लोकभवन के समक्ष धर्मांतरित आदिवासियों द्वारा आरक्षण और सरकारी योजनाओं में मिल रहे दोहरे लाभ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन द्वारा पारंपरिक पूजा से हुई। इसी दौरान विरोध स्वरूप समिति की महिला अध्यक्ष निशा भगत ने अपना मुंडन कराया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है, लेकिन धर्मांतरण के बाद आदिवासी पहचान से दूर हो चुके लोग अभी भी आरक्षण और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी परंपराएं और प्रथाएं हैं, जिन्हें त्यागने वाले लोगों को आदिवासी सूची से डिलिस्ट किया जाना आवश्यक है। सामाजिक कार्यकर्ता जय मंगल उरांव ने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम परिवार आदिवासी बेटियों से विवाह कर मायके से जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवा लेते हैं और आदिवासी समुदाय के लिए बनी योजनाओं का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि झारखंड पांचवीं अनुसूची का राज्य है, फिर भी पेसा कानून अब तक लागू नहीं हो सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसाई समुदाय के धर्मांतरित लोग आदिवासी आरक्षण का लाभ लेकर मंत्री, सांसद और विधायक तक बन रहे हैं, जिससे मूल आदिवासी समाज के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शन में संजय तिर्की, एंजेल लकड़ा, निरा टोप्पो, प्रमोद, विनय, पंचम तिर्की, सोहन कच्छप, हंदु भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अनिल टाइगर हत्याकांड के आरोपी को नहीं मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता इंद्रजीत कुमार उर्फ अनिल टाइगर हत्याकांड मामले के आरोपी अजय कुमार रजक को बेल देने से अपर न्यायायुक्त संजीव झा की कोर्ट ने इनकार कर दिया है। कोर्ट ने अजय कुमार रजक की जमानत याचिका खारिज कर दी। बता दें कि हत्याकांड की यह घटना 26 मार्च 2025 की दोपहर की है। अनिल टाइगर कांके चौक स्थित शिव मंदिर परिसर के पास ठाकुर होटल में बैठे थे। तभी मोटरसाइकिल में सवार दो अपराधी गोली मारकर भाग गये थे। गोली लगने से अनिल टाइगर गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिसके बाद उन्हें रिम्स अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। मामले में 5 आरोपी जिशान अख्तर, अजय रजक, मनीष कुमार रजक, अमन सिंह और रोहित वर्मा पर आरोप गठित हो चुका है। हत्याकांड की घटना को अंजाम जमीन विवाद में दी गयी थी। देवव्रत नाथ शहदेव नाम के बिल्डर पर साजिश रचकर शूटरों से हत्या कारने आरोप लगाया गया है। घटना के बाद ही शूटर समेत 4 को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# नयी दिल्ली में सुदेश-चिराग की मुलाकात में झारखंड पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार को नयी दिल्ली में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के बीच मुलाकात हुई। श्री पासवान के कार्यालय पर हुई मुलाकात में बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई का आदान-प्रदान हुआ। मुलाकात के दौरान झारखंड के राजनीतिक मुद्दों और विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी उपस्थित रहे। चिराग पासवान ने चंद्रप्रकाश चौधरी को उनके गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, किसानों को उचित मूल्य दिलाने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए अपने मंत्रालय के माध्यम से विशेष योजनाएं लागू करने का आश्वासन दिया।

# झारखंड में अनाथ बच्चों को 18 साल तक दी जाये वित्तीय सहायता : मिथिलेश ठाकुर

पूर्व मंत्री ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मिलते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने झारखंड में अनाथ बच्चों को 18 साल की उम्र तक वित्तीय सहायता देने की मांग की है। इस संबंध में श्री ठाकुर ने गांडेय विधायक विधानसभा के महिला एवं बाल विकास समिति अध्यक्ष कल्पना सोरेन को मांग पत्र सौंपा है।

सौंपे गये मांग पत्र में श्री ठाकुर ने कहा है कि झारखंड के अनाथ बच्चों को पर्याप्त रूप से वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही अनाथ बच्चों की स्पॉन्सरशिप स्कीम मिशन वात्सल्य योजना का लाभ राज्य के सभी बच्चों को नहीं मिल पा रहा है और न ही भविष्य में लाभ मिल पाने की उम्मीद नजर आ रही है। आवेदन में कहा गया है कि पूरे राज्य में करीब 45 हजार अनाथ बच्चे हैं। इनमें मात्र आठ हजार बच्चों को ही इसका लाभ मिल रहा है। जबकि गढ़वा जिले में करीब 900 बच्चे हैं। इनमें केवल 65 बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है।

श्री ठाकुर ने बताया कि वर्तमान मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत अनाथ बच्चों को सरकार की ओर से चार हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि केवल तीन वर्षों के लिए दी जाती है। इसे आगे जारी रखने के लिए उनका पुनर मूल्यांकन किया जाता है, जो कि समय से नहीं हो पाता है। ज्यादातर बच्चों की सहायता राशि बंद हो जाती है। गढ़वा जिले में 85 से घटकर संख्या 65 हो गयी है। आवेदन में श्री ठाकुर ने कहा है कि यदि यह योजना झारखंड सरकार द्वारा अपने निधि से ली जाती है तो ऐसे अनाथ बालकों को तीन वर्ष के स्थान पर 18 वर्ष पूर्ण होने तक तथा अनाथ बालिकाओं के मामले में उनका विवाह होने तक अथवा 21 वर्ष तक लगातार चार हजार रुपये प्रति माह सहायता राशि दी जा सकेगी। जिसका प्रति माह पूरे झारखंड राज्य में 12 से 15 करोड़ और वार्षिक बजट करीब 180 करोड़ रुपये का होगा। उन्होंने कहा है कि अनाथ बच्चे सबसे जरूरतमंद और वॉइसलेस सेक्शन में आते हैं। इसलिए श्री ठाकुर ने पूरे झारखंड राज्य के अनाथ बच्चों की वित्तीय सहायता के लिए झारखंड सरकार की सर्वजन योजना में इस अनाथ स्पॉन्सरशिप स्कीम को अपने राज्य निधि से आच्छादित करवाने का आग्रह किया है।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ–08122025–268314
CG-DL-E-08122025-268314
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II- खण्ड 3- उप–खण्ड (ii)
PART II- Section 3- Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5436] नई दिल्ली, शुक्रवार, दिसम्बर 5, 2025/अग्रहायण 14, 1947
No. 5436] NEW DELHI, FRIDAY, DECEMBER 5, 2025/AGRAHAYANA 14, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 2025

**का.आ. 5624 (अ).**– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **5413 तारीख 13 December 2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के खूंटी जिले के गाँव– नगड़ा, सरदुल्ला, तिमली, बमरजा, बरवादाग, बकसपुर, बड़ागाँई, मुरूचकेल, कुदा टोली, लप्पा, गारी, गुसा टोली, जरिया, जलंगा, टिमड़ा ,तालुक–कर्रा मे NH-143D के कि.मी. 103.756 से कि.मी.128.000 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"05.02.2025"** को **"आजाद सिपाही"** और **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** दोनों में प्रकाशित किया गया था जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है य अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के खूंटी जिले के गाँव– नगड़ा, सरदुल्ला, तिमली, बमरजा, बरवादाग, बकसपुर, बड़ागाँई, मुरूचकेल, कुदा टोली, लप्पा, गारी, गुसाटोली, जरिया, जलंगा, टिमड़ा ,तालुक–कर्रा मे NH-143D के कि.मी. 103.756 से कि.मी.128.000 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

जिले का नामः खूंटी
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 05.12.2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

फा. सं. NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3a]/3A/3D
शेख अमीन खान, निदेशक

नोटः इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## 25 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार के नेतृत्व में विगत 25 दिनों से चल रहे इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का संचालन संस्थान के खेल प्रभारी व्याख्याता संतोष कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। ऑर्गेनाइजिंग कमिटी में ओमप्रकाश साव सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से पूरे 42 मैचों को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खेल प्रभारी संतोष कुमार ने पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों की समस्याओं को जानने, उन्हें समाधान देने और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लीजेंड-11 और फीयरलेस फाइटर के बीच खेला गया। फाइनल मैच का टॉस संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. उमेश कुमार ने किया, जिन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहपूर्वक खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। रोमांचक मुकाबले में फीयरलेस फाइटर ने लीजेंड-11 को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम के कप्तान अमित कुमार यादव को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी गयी। वहीं, लीजेंड-11 के कप्तान व्याख्याता मनोज यादव ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। फाइनल मैच हारने के बावजूद उनकी शालीनता, संयम और टीम प्रबंधन की सभी ने प्रशंसा की। उन्होंने यह साबित किया कि एक सच्चा कप्तान केवल मैच ही नहीं, बल्कि दिल भी जीतता है। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार के सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोग की सराहना की गयी, जिसके कारण यह लंबा टूर्नामेंट अत्यंत शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के व्याख्याता संजय कुमार, हीरालाल, शाहीन अथर, रीता देवी, ललिता देवी सहित कई अन्य शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। खेल प्रभारी संतोष कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## छात्राओं की बहादुरी: छेड़खानी करने वाला युवक गिरफ्तार, दो फरार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना इलाके में विद्यालय जाने वाली छात्राओं को छेड़ने वालों पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की है। एक युवक को शुक्रवार को पकड़कर जेल भेज दिया गया। युवकों पर आरोप है कि बीते एक हफ्ते से गिरिडीह रोड में विद्यालय जाने वाली छात्राओं को कुछ मनचले छेड़ते थे और परेशान भी करते थे। हर दिन की भांति शुक्रवार को भी ये मनचले लड़के तय जगह पर खड़े थे और जैसे ही स्कूली छात्रायें उधर से गुजर रही थीं, इनलोगों ने उन्हें छेड़ना शुरू कर दिया। हालांकि आज स्कूली छात्राओं ने हिम्मत दिखाई और इसका विरोध करने लगीं, इतने में शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गये। आसपास के लोगों को आते देख मनचले युवक वहां से भागने लगे, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ा गया। हालांकि इस दौरान सिर्फ एक ही युवक लोगों की पकड़ में आया, जबकि दो अन्य युवक वहां से भागने में सफल रहे। पकड़ाए गये युवक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के ही बदडीहा निवासी आशीष कुमार (पिता बनेश्वर यादव) के रूप में हुई है। दो युवक फरार हो गये। इधर स्थानीय लोगों द्वारा पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि उक्त घटना के आलोक में मामला (कांड संख्या 214/25) दर्ज कर गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। वहीं फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के साथ भी इस तरह का व्यवहार हो रहा है तो वे तुरंत थाना को इसकी शिकायत करें। वहीं उन्होंने ऐसे मार्गों में विशेष गश्ती करने का भी आश्वासन दिया है। इधर पुलिस और स्थानीय लोगों की इस कार्रवाई के पश्चात मनचलों पर अंकुश लगने की उम्मीद जतायी जा रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच और प्रेरणा शाखा ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** समाजसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया की प्रेरणा शाखा ने एक सराहनीय कदम उठाया। शुक्रवार को नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को वूलन कपड़ा प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। सम्मान के साथ-साथ शाखा के सदस्यों ने उनके साथ सेल्फी लेकर अ सेल्फी विद आवर सोशल हीरो अभियान को चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने की। नंदिनी अपार्टमेंट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सेवा, सम्मान और संवेदनशीलता की एक अद्भुत मिसाल देखने को मिली। प्रेरणा शाखा की सदस्यों ने सफाई कर्मियों को वूलन कपड़े भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सारिका लड्ढा ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था के अनाम नायक हैं। उन्होंने बताया कि आगामी आने वाले 18 से 20 दिसंबर तक अग्रसेन भवन में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें जरूरतमंदों को निशुल्क कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर और बैसाखी उपलब्ध कराई जाएगी जिसके लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक है। कार्यक्रम में श्वेता गुटगुटिया, नेहा हिसारिया, सुनीता गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया सहित कई सदस्यों ने अपने सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी ने एकजुट होकर सफाई कर्मियों से संवाद किया और उनके दैनिक कठिन परिश्रम की सराहना की। सम्मान ग्रहण करते समय सफाई कर्मियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

## सेवनिवृत्त शिक्षिका का निधन

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो निवासी प्रसिद्ध उपनाम नाम देवी जी उर्फ हेमवंती देवी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वे राजकीय मध्य विद्यालय पेटो की पूर्व शिक्षिका थीं। उनके निधन के समाचार से पूरे पेटो क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। शुभचिंतक,ग्रामीण और उनके पूर्व विद्यार्थी अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके निवास पर पहुंच रहे हैं। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने वालों में मुखिया कौशल्या देवी, पंचायत समिति सदस्य अरविंद साहू, भाजपा नेता प्रीतम साहू, समाज सेवी, आशेश्वर यादव, दिनेश मिश्रा, जगदीश सिंह, शिक्षक महेश राम, शिक्षक मुकेश राम, रामेश्वर साहू, कांग्रेस नेता रविन्द्र गुप्ता, पूर्व मुखिया रेशम, पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साहू, भाजपा नेता नारायण यादव, शिक्षक रामवतार रजक, रिटायर्ड शिक्षक महावीर साहू, शिक्षक शिवचरण साहू, चितरंजन कुमार, पूरण साहू, पचू राम, बलदेव राम, प्रमोद गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र साव, शिवनाथ चौधरी, सकूल साहू, दशरथ साहू, राजकुमार साहू, उप मुखिया लक्ष्मण साहू, बसंत कुमार, अवधेश यादव, प्रदीप राम, रवि कुमार मिश्रा, राजेश ठाकुर, रामचंद्र साहू, शंकर शाहा, अनुज सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार, सुनील हार्डवेयर, दीपक कुमार, सुनील साव उर्फ द्वारिका साहू, रमेश साव सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हैं।

# नियोजनालय ने निजी क्षेत्रों में पांच साल में 1772 शिक्षित बेरोजगारों को दिलायी नौकरी

**भर्ती कैंप और रोजगार मेला से मिली जॉब**

**फिलहाल सात हजार 215 शिक्षित बेरोजगार रजिस्टर्ड**

सतीश कुमार



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला नियोजनालय कार्यालय ने विभिन्न निजी क्षेत्रों में पांच साल में एक हजार 772 शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी दिलायी है। इसमें भर्ती कैंप और रोजगार मेला से युवक - युवतियों को जॉब मिली है। जिला मुख्यालय स्थित नियोजनालय कार्यालय में फिलहाल सात हजार 215 शिक्षित बेरोजगार रजिस्टर्ड हैं। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कार्यालय में तीन साल पहले रजिस्टर्ड 24 हजार 353 शिक्षित बेरोजगारों में 17 हजार 138 रिनुअल नहीं कराने की वजह से लेप्स कर गये। चूंकि तीन साल में रजिस्टर्ड युवक - युवतियों को रिनुअल कराना होता है। साल 2021 में नियोजन कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती कैंपों और रोजगार मेला के जरिये 107, 2022 में 809, 2023 में 504, 2024 में 250 और 2025 में 302 शिक्षित युवक - युवतियों को रोजगार हासिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार साल 2024- 2025 में तीन रोजगार मेला और 7 भर्ती केंद्र का आयोजन किया गया। इसमें 372 बेरोजगारों का शॉर्ट लिस्ट कर अंतिम रूप से 302 लोगों का चयन किया गया। जबकि राज्य और राज्य से बाहर की कुल 56 कंपनियों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार साल 2025 - 2026 में दो रोजगार मेला और सात भर्ती केंद्र का आयोजन हुआ। इसमें कुल 32 कंपनियों ने भाग लिया। कुल 255 बेरोजगारों का शॉर्ट लिस्ट करते हुए कुल 250 बेरोजगारों का अंतिम चयन किया गया।

### क्या कहते हैं जिला नियोजन पदाधिकारी

**जिला नियोजन पदाधिकारी प्रकाश बैठा बताते हैं कि अभी हाल ही में कोडरमा में रोजगार मेला और भर्ती कैंप का आयोजन किया गया था। इसमें राज्यभार के वैसे युवक - युवतियां हिस्सा ले सकते हैं, जो कोडरमा स्थित नियोजन कार्यालय से रजिस्टर्ड हों। उन्होंने बताया कि विभाग समय - समय पर प्लस टू हाई स्कूल और कॉलेजों में काउंसिलिंग कराती है। नियोजन कार्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकालय स्थापित है, जहां बैठने के लिए सेंटर टेबल, फ्री नेट, साफ - सफाई, बिजली, पानी का पूरा ख्याल रखा गया है। यहां जेपीएससी, बीपीएससी, टीचर की प्रतियोगी परीक्षा आदि के लिए किताबें उपलब्ध है। एक साथ 20-25 युवकों के बैठने की व्यवस्था है।**

# सीआरपीएफ जवान का हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम दर्शन को उमड़ा हुजूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** श्रीनगर के निशात करपुरा में नाका ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवान सुजीत का शव शुक्रवार को ताबूत में बंद व तिरंगे से लिपटकर देवीपुर पहुंचा। जैसे ही वाहन गांव के प्रमुख द्वार पर रुका जन सैलाब उमड़ पाड़ा। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सहित हजारों की संख्या में लोग सुजीत के अंतिम दर्शन को पहुंचने लगे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव के लोगों ने बताया कि सुजीत बचपन से ही शांत स्वभाव के थे और देश सेवा का जज्बा उन में कूट-कूट कर भरा हुआ था। उनके ताबूत को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गयी। गांव के मुख्य मार्ग से अंतिम यात्रा निकाली गयी, जिसमें जन समुदाय कंधा मिलाकर चल रहे थे। सुजीत अमर रहे, भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। अंतिम संस्कार स्थल धोबिया डीह स्थित नदी के मुक्तिधाम पर सुरक्षा बलों की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि सुजीत सिर्फ एक जवान नहीं थे बल्कि क्षेत्र का गौरव थे। उनके बड़े भाई विकास कुमार सिंह भी सीआरपीएफ के जवान हैं। सुजीत के अंतिम यात्रा में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, एसडीपीओ अनिल सिंह, बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, थाना प्रभारी सुमन कुमार, प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, भाजपा नेता राजकुमार यादव, बिजय यादव, कैलाश यादव, मुखिया बेदू साव, पूर्व मुखिया राजीव पांडेय, मनोज सिंह, राजद के महेंद्र यादव, यमुना यादव समेत कई गणमान्य व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान सीआरपीएफ के अधिकारी सुशांत व जितेंद्र सिंह से सुजीत की मौत के बारे मे पूछे जाने पर कुछ भी बोलने से मना कर दिया।



## अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने अंचल कर्मियों को दो सप्ताह में भूमि सर्वेक्षण का दिया निर्देश



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ अंचल अंतर्गत कई परिवार भूमिहीन है, जिन्हें मकान बनाने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। कई ऐसे परिवार है, जिन्हें सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास / अबुआ आवास स्वीकृत हुआ है, परंतु भूमि के अभाव में वे आवास का निर्माण कार्य नहीं कर पा रहे है। विष्णुगढ़ अंचल में वास करने वाले परिवार के लिए आवास मूलभूत आवश्यकता है, इसको देखते हुए विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने पूरी तत्परता से उक्त परिवारों द्वारा प्राप्त आवेदनों के परिपेक्ष्य में क्षेत्र में गहन सर्वेक्षण कर वेसे परिवार को चिन्हित करने और जो भूमिहीन है, और जिनके पास आवास निर्माण के लिए अपना भूमि नहीं है, और वैसे परिवार को सरकारी बन्दोबस्ती कर भूमि उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर अपना प्रयास जारी कर दिया है। इस कार्य के लिए अंचलाधिकारी ने अंचलकर्मियो को दो सप्ताह समय निर्धारित कर इसका समाधान करने की बात कही है। अंचलाधिकारी ने बताया कि अंचल में अभी कुल 12 भूमिहीनों का आवेदन प्राप्त हुआ है, इसकी जांच और सरकारी भूमि का चयन कर जल्द हीं भूमिहीनों को भूमि आवंटित किया जाना है।

## मॉडर्न स्कूल में एजुकेशनल मेला का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जिले के विद्यार्थियों को भविष्य में मार्गदर्शन के लिए भव्य एजुकेशन मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ नीरा यादव ने मेले का उद्घाटन किया। मेले में जीआरजीआइ हरियाणा के चेयरमैन एस के जिंदल, कोडरमा जिला खेल अधिकारी तुषार रॉय भी मौके पर उपस्थित थे। एजुकेशनल मेले में लगभग 25 महाविद्यालय और संस्थानों ने अपनी उपस्थिति दिखाकर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उनका परामर्श भी किये। इस मेले में लगभग 1500 छात्र विभिन्न विद्यालय से शामिल हुए। जिले में आयोजित एजुकेशनल मेले के बारे में मुख्य अतिथि नीरा यादव ने कहा कि इस प्रकार के मेले का आयोजन छात्रों के लिए बराबर होना चाहिए ताकि छात्र हमेशा अपने करियर के प्रति सही निर्णय ले सके। मॉडर्न विद्यालय के प्राचार्य गुरुचरण वर्मा ने भी कहा कि छात्र उच्च शिक्षा से संबंधित मन में उठे सभी सवाल का संतुष्ट जवाब पाकर काफी खुश थे। सही दिशा पर अपने आप को ले जाने में सक्षम होंगे। विद्यालय की निर्देशिका संगीता शर्मा ने इस एजुकेशनल फेयर के आयोजन को छात्रों के लिए उचित बताते हुए इस मेले की काफी सराहना की और कहा कि आने वाले समय में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के द्वारा छात्रों के लिए और नई नई चीजें लायी जायेंगी जिससे छात्रों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

# विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लायें पदाधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीवीटीजी बिरहोर टोला कैंप की तैयारी, ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, आवास योजनाओं तथा पंचायती राज विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक की शुरुआत आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं से अच्छादित कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से की गयी। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और नगर निकायों के प्रशासकों को निर्देश दिया कि वे आदिम जनजातियों के अधिकार, सामाजिक और संरचनात्मक विकास और आजीविका सुदृढ़ीकरण के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं मनरेगा अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गाय, मुर्गी, बत्तख पालन शेड, दीदी बाड़ी, पोषण वाटिका, खेल विकास योजना, बिरसा कूंप सर्वधन योजना, पीडी जेनरेट और मानव दिवस सृजन आदि की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कमजोर प्रदर्शन करने वाले पंचायतों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। पंचायत सचिवों को कार्य में तेजी लाने और योजनाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में इस माह के अंत तक शत-प्रतिशत पोषण वाटिका निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया। पशुधन विकास योजना अंतर्गत शेड निर्माण की रिपोर्ट दो दिनों के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये। अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस माह के अंत तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जो लाभुक आवास निर्माण में देरी कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी कर आवास निर्माण करने का निर्देश दिये गये। पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से संचालित सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया। पंचायत ज्ञान केंद्र और पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश बैठा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मेहता कुशवाहा विकास मंच ने बांटे कंबल



**इचाक (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड और शीतलहरी को देखते हुए मेहता कुशवाहा विकास मंच (जुल्लू पार्क) हजारीबाग द्वारा कुरहा, करियातपुर, पुराना इचाक, मंगुरा एवम हदारी पंचायत में जरूरतमंद 40 लोगों को कंबल दिया गया। संरक्षक लखन मेहता और अध्यक्ष कुमार केशव ने कहा कि हजारीबाग जिले के लगभग प्रखंडों के प्रति पंचायतों में 25 कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर पंचायत के मुखिया संगीता देवी, अशोक राम, नंदकिशोर मेहता, मेहता विकास मंच के संगठन सचिव धनुधारी मेहता, युगल किशोर मेहता सह सचिव अजय कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष निर्मल मेहता, पंचायत सचिव इंद्रदेव मेहता, पंचायत सहायक सिकंदर भारती, मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी राकेश मेहता, दिगम्बर मेहता, लोकनाथ मेहता, नरेश मेहता, किशोरी मेहता, दिवाकर कुमार समेत कई मौजूद थे।

## एसपी ने किया अपराध गोष्टी का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने शुक्रवार को अपराध गोष्टी का आयोजन किया। इस दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारीयों और पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशानिर्देश दिये। महिला प्रताड़ना, हिंसा और एसटी एससी से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी चोरी, लूट, छिनतय और गृहभेदन से संबंधित जितने भी कांडों में अभियुक्त फरार हैं उनकी गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। वर्ष 2025 के पूर्व जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब डिस्पोजल करने को कहा। थानों में जितने भी जमानती और गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की- जब्ती हेतु लंबित है उसे एक विशेष अभियान चलाकर निष्पादन करने का निर्देश दिया। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों और साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालू और पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित सीओ और डीएमओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को साइबर से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए उसमें शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही सभी थाना प्रभारी को अपने अपने थानों में आम पब्लिक की समस्याओं को सुनने और उसकी समस्याओं को समय पर निष्पादित करने का आदेश दिया गया।

## अंबा प्रसाद ने एनटीपीसी पर लगाया जनता के पैसे से वर्तमान विधायक के आवास का रिपेयर कराने का आरोप



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव की राजनीति पूरे झारखंड की राजनीति को दिशा दिखलाती है। फिर एक बार यहां की राजनीति में वाक्युद्ध प्रारंभ हो चुका है। बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने हुडहुडू आवास पर प्रेस वार्ता कर एनटीपीसी तथा बड़कागांव के वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी पर हमला बोला है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों का सांठ गांठ चल रहा है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी अपने पैसे का गलत इस्तेमाल कर रही है, उसे आम जनता की समस्या नहीं दिखती मगर वर्तमान विधायक के पतरातु स्थित आवास का रिपेयर कराने के लिए टेंडर निकाल रही जो गलत है। यह सरकारी पैसे का दुरुपयोग है। आगे कहा कि वर्तमान विधायक के निजी आवास में टॉयलेट का भी निर्माण करवा रहा है। अंबा प्रसाद ने इस निर्माण को पूरी तरह गलत बताते हुए चुनौती दी कि वह एक ईंट भी नहीं लगने देंगी, चाहे इसके लिए उन्हें धरना प्रदर्शन ही क्यों न करना पड़े। उन्होंने कहा कि वह पीआईएल दायर करने पर भी विचार कर रही हैं। आगे बताया कि इसके लिए बारह लाख से अधिक का टेंडर भी निकाला गया है। आगे कहा कि अब क्या कोई निजी आवास मरम्मती या टॉयलेट के लिए टेंडर निकाला जा सकता है। क्या वर्तमान विधायक अगर विधायक नहीं रहेंगे तो उस आवास को छोड़ देंगे। आगे कहा कि एक तरफ वर्तमान विधायक कहते है कि एनटीपीसी उनकी बात नहीं सुनता दूसरी तरफ एनटीपीसी से निजी कार्य के लिए फंड लेना कहा तक सही है। इधर बड़कागांव के वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी से पक्ष लेने पर उन्होंने फोन पर बताया कि सभी आरोप निराधार है। आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। वर्तमान विधायक ने कहा कि एनटीपीसी जहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कर रही है, वह विधायक कार्यालय है। यहां जनता दरबार लगता है। वहां रोजाना लोगों का आना-जाना होता है, इसलिए कार्यालय के रिपेयर और पब्लिक टॉयलेट का निर्माण आवश्यक है और यह सार्वजनिक उपयोग के लिए है। इस मुद्दे को लेकर बड़कागांव की राजनीति एक बार फिर गर्म हो गयी है, और आने वाले दिनों में विवाद और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

## स्कूली विद्यार्थियों ने अपने मित्र को 20 फीट नीचे खाई में फेंका



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के छावनियां नदी में 14 वर्षीय किशोर प्रवीण गंझू को अचेता अवस्था में ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने उनके पिता नारायण गंझू को सूचना दिया। उक्त किशोर को इलाज हेतु बड़कागांव अस्पताल लाया गया। गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि 5:30 शाम में एक मोटरसाइकिल से तीन लड़के (स्कूली छात्र) छावनियां नदी के पुल के पास आए और पुल के एप्रोच के ऊपर से लगभग 20 फीट नीचे प्रवीण गंझू को फेंक दिये। इसके बाद वे युवक फरार हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि प्रवीण को फेंकने वाले युवक मोटरसाइकिल से बड़कागांव गुरुचट्टी की ओर से आए हुए थे, और उधर से ही वे भाग निकले। प्रवीण गंझू बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल के नवम वर्ग का विद्यार्थी है। ग्रामीण चर्चा कर रहे थे कि ये तीन युवक प्रवीण गंझू के साथ ही पढ़ते होंगे।

## मजदूर की महाराष्ट्र में मौत

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम वरवां निवासी प्रवासी मजदूर राजेश मंडल, 40 वर्ष, पिता लखन मंडल की विगत दिनों नासिक, महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। वहीं मरणोपरांत उनके परिजनों को किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला था। इस संबंध में कुमकुम देवी ने श्रम अधीक्षक कार्यालय हजारीबाग पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज जमा करते हुए राजेश मंडल के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। विदित हो कि मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं और उनके परिवार का भरण पोषण करने के लिए अभी कोई सहारा नहीं है। वहीं विभागीय अधिकारी ने मामले को तत्काल संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि मुआवजे की राशि जल्द दी जायेगी।

## बेसिक ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। टायर मोड़ स्थित कलश वेंकटेश हॉल में शुक्रवार को रामगढ़ टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन और दि इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बेसिक ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में सीए सावित्री कुमारी ने सेमिनार में शामिल टैक्स प्रैक्टीशनर को आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस के उपयोग के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रांची चैप्टर के चेयरमैन सीए अभिषेक केडिया, सीए भुनेश ठाकुर, सीए अनीस जैन, सीए मनीषा बियानी सहित रामगढ़ टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद हेतमसरिया और सचिव सिकंदर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बताया कि आज के दौर में आयकर एवं जीएसटी में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस का उपयोग बहुत ज्यादा सहायक है। लेकिन इसका उपयोग सावधान रह कर करने की जरूरत है। सेमिनार में मंच संचालन अधिवक्ता विवेक अग्रवाल ने किया। साथ ही आल इंडिया सीए की परीक्षा में 15 रैंक हासिल करने वाले अभय कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक सीए संदीप खंडेलवाल, अधिवक्ता अमित अग्रवाल, अधिवक्ता ओम प्रकाश नायक, महेश सिन्हा, सीए अनिल खंडेलवाल, सीए विजय कुमार लाल, श्रीकांत सिंह, रोशन कुमार, मोमिता बनर्जी, विदिशा वर्मा, सुजीत गर्ग, प्रवीण कुमार गुप्ता, प्रकाश रंजन, सीए रिम्मी अग्रवाल, आर आर दांगी, विपुल कुमार, प्रदीप कुमार, सीए विद्याधर महतो, राजेश प्रसाद, सीए वर्षा अग्रवाल, सीए राजीव रंजन सहित कई टैक्स प्रैक्टीशनर शामिल थे।

# तीन माह से लापता युवक सोनू राम का कंकाल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**हत्या के विरोध में परिजनों ने सुभाष चौक किया जाम, मुआवजा की मांग**

**लोगों को समझाने में पुलिस के छूटे पसीने, एसडीओ के आश्वासन पर हटा जाम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** 17 सितंबर से लापता कैंट स्टाफ क्वार्टर निवासी विजय राम का पुत्र सोनू राम के शव का टुकड़ो में कंकाल को रामगढ़ पुलिस ने बरामद कर लिया गया है। सोनू की हत्या की खबर के बाद परिजन और मुहल्लेवासियों के साथ शुक्रवार को सुभाष चौक जाम कर दिया। जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गयी। पुलिस ने जाम हटाने का पूरा प्रयास किया लेकिन लोग कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। करीब 2 घंटे के बाद एसडीओ अनुराग तिवारी पहुंचे और परिजनों को समझाया और आश्वासन दिया कि आपके साथ अन्याय नहीं होगा। पूरा पुलिस प्रशासन आपके साथ खड़ी है। जिसके बाद लोग माने और सड़क जाम हटाया।

**घटना की उद्भेदन के लिए हुआ था एसआइटी का गठन :** मामले के उदभेदन को लेकर एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जांच टीम के अनुसंधान के दौरान लगातार सोनू का लोकेशन शिबू कॉलोनी स्थित रंजीत सिंह उर्फ नाना के घर के समीप दिख रहा था। जिस पर पुलिस ने शक के आधार पर रंजीत सिंह उर्फ नाना को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। रंजीत ने स्वीकारा किया कि उसने ही सोनू की हत्या की है। साथ ही शव को कई टुकड़ों में विभक्त कर धांधर पोखर की समपी गड्ढे और कुंए में फेंका है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात उक्त स्थान से क्षत-विक्षित हालत में कंकाल के टुकड़े व कपड़ा बरामद किया। जिसे देखकर सोनू के परिजनों ने बताया कि उक्त कपड़ा व अंगूठी सोनू का है। इसके बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार युवक रंजीत के निशानदेही पर उसके घर के समीप कुंए से कंकाल और कपड़े को जब्त कर जांच के लिए फोरेसिंक लैब में भेजने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

**हत्या के विरोध में परिजनों ने किया तीन घंटे तक सड़क जाम:** गिरफ्तार रंजीत सिंह की निशानदेही पर सोनू राम का कंकाल बरामद होने पर हत्या का विरोध जताते हुए परिजनों और अखिल भारतीय अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक के समीप सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम में शामिल परिजनों व लोगों का कहना था कि जिला और पुलिस प्रशासन हत्या में शामिल अन्य अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तार करे और फास्ट ट्रेक कोर्ट में मामले की सुनवाई हो। जिससे हत्या में शामिल अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलायी जाये। वहीं सोनू के परिजनों को भूमि व आवास सहित उचित मुआवजा दिया जाये। लगभग तीन घंटे तक सड़क जाम की खबर पाकर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद, थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय सहित कई पुलिस पदाधिकारियों ने सड़क जाम का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता अनमोल सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, रंजीत राम, मनोज राम, अजय पासवान सहित अन्य महिला-पुरुषों को उचित मुआवजा दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। मौके पर विजय पासवान, मधु राम, बबलू राम, सन्नी राम, मधु राम, धीरज राम, मुकेश नायक, भोला राम, विनोद नायक, अनिल नायक, संतोष पासवान के अलावे दर्जनों अखिल भारतीय अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के कार्यकर्ता शामिल थे।

### रिहायसी इलाके में सोनू की हत्या कर तीन माह तक शव को छिपाये रखा

रंजीत सिंह उर्फ नाना ने शहर के रिहायसी इलाका शिबू कोलॉनी में रहता था। तीन माह पूर्व उसने सोनू की हत्या की। वहीं शव को छिपाये रखा। लेकिन शव की दुर्गंध तक लोगों को नहीं मिली। लोगों का कहना है कि मेडिकल से संबंधित जानकारी होने के कारण सोनू ने शव के टुकड़ो को केमीकल डालकर गला दिया होगा। इसके बाद शव को अलग-अलग स्थानों में फेंका होगा। मुहल्ले के लोगों ने यह भी बताया कि जिस कुंए में शव के हिस्सो को डाला गया था। वहां भी लोगों को दुर्गंध नहीं मिली। वहीं अनुसंधान में जुटे पुलिसकर्मियों ने बताया कि रंजीत के अनुसार पांच दिन पहले ही शव के कुछ टुकड़े उसने कुंए में डाला था। पुलिस कंकाल के टुकड़ों को बरामद कर हत्या के कारणों को जानने के प्रयास में अनुसंधान कर रहीं है। जिससे हत्यारे को कठोर सजा दिलाई जा सके।

### सोनू राम के माथे में मारी गयी थी गोली

सोनू राम हत्याकांड मामले में धांधर पोखर के समीप गड्ढे से खोपड़ी बरामद किया गया। जिसमें गोली के निशान मौजूद थे। पुलिस ने संदेह जताते हुए बताया कि पहले सोनू को नशे की हालत में माथे में गोली मारी गयी थी। इसके बाद उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर आरोपी रंजीत ने अलग-अलग जगह फेंक दिया था। इसी क्रम में धांधर पोखर की समीप गड्ढे व कुंए से क्षत-विक्षित हाल में कंकाल बरामद किया गया।

### पुलिस का संदेह : कही अवैध संबंध तो नहीं

पुलिस को संदेह है कि सोनू राम की हत्या का कारण अवैध संबंध या प्रेम प्रसंग हो सकता है। पुलिस हत्यारे से इस मामले में लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस को कुछ संकेत भी मिले हैं। इस संबंध में गिरफ्तार युवक के परिवार वालों से भी पूछताछ की जा रही है। सोनू की हत्या के बाद लगातार रंजीत सिंह उर्फ नाना उसके घरवालों व मुहल्ले के लोगों के संपर्क में रहा।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 नावाडीह स्थित ग्लोबल हार्डवेयर के पास गुरुवार देर बजे हुए सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गये। हादसा एक तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा की टक्कर से हुआ। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के कुब्बा गांव निवासी रमेश पासवान के 18 वर्षीय पुत्र विक्की पासवान और कार्तिक ठाकुर के 24 वर्षीय पुत्र साजन ठाकुर के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि दोनों युवक अपने गांव से बिहार के डोभी थाना क्षेत्र में जाकर पानी टंकी बैठाने का काम करते थे, नित्य प्रतिदिन की तरह गुरुवार देर शाम भी कुब्बा गांव अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान नावाडीह में ग्लोबल हार्डवेयर के पास हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। चिकित्सकों ने गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात हाइवा की धर पकड़ में जुटी है। इधर ग्रामीणों में तेज हाइवा के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नो इंट्री का समय परिवर्तन किया जाये। ताकि आतंक मचाए हाइवा से हादसों पर अंकुश लग सके। दुकानदान और ग्राहक भी 7 बजे शाम के बाद जैसे ही नो इंट्री खुलता है बाद में हाइवा से लोग दहशत में रहते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है समय सारणी में परिवर्तन करते हुए देर शाम 8 बजे किया जाये।

## कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन



प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित डागबंग्ला के समीप शुक्रवार को अजित डिजिटल कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सेंटर के संचालक अजित कुमार, सुमंती देवी, समाजसेवी गुड्डू कुमार यादव, अखिलेश यादव, आशीष रजक, दोचंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालक अजित कुमार ने बताया कि इस सेंटर में जाति, आवासीय, आय सहित सभी ऑनलाइन संबंधित कार्य किए जायेंगे। साथ ही सभी बैंकों के खातों से पैसे की निकासी भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस सेंटर के खुलने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में आसानी होगी और उन्हें अपने कामों के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मौके पर समाजसेवी गुड्डू कुमार यादव ने कहा कि इस सेंटर के खुलने से क्षेत्र के लोगों को बहुत सुविधा होगी और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सेंटर के संचालक को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर रहें। इस अवसर पर अखिलेश यादव, आशीष रजक, दोचंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## आजसू के मिलन समारोह को लेकर बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी का आगामी 14 दिसंबर को हजारीबाग में होने वाले कार्यकर्ता सह मिलन समारोह के सफल आयोजन को लेकर मांडू विधायक आवास, कुजू में मांडू विस स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो और संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक निर्मल महतो मौजूद रहे। बैठक के दौरान विधायक निर्मल महतो ने मौजूद कार्यकर्ताओं को मिलन समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। वहीं, समारोह को सफल बनाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि आगामी 14 दिसंबर को नयामोड़ फोरलेन में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य अतिथि सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके बाद कार्यक्रम के लिए रवाना होंगे। वहीं, नववर्ष 2026 में संगठन का नये स्तर से विस्तार किया जायेगा। बैठक में परमेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि रामभजनलाल महतो, नरेश महतो व नरेश प्रसाद साहू, तापेश्वर महतो, मदन महतो, मनोज महतो, जयकिशोर महतो, चिंतामन महतो, चितरंजन महतो, अमित ठाकुर, मुकेश महतो, भोला तूरी, पवन यादव, छोटेलाल भुईयां, बैजनाथ राम, संजीत गोप, सत्यम मिश्रा, राजेश राणा, ज्ञानी महतो, पंकज महतो, श्रवण सिंह, अजय महतो, गंगाराम, लालेश्वर महतो, अर्जुन महतो सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

## देशी शराब निर्माण का केंद्र बन रहा सौंदा टिपला साइडिंग



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा टिपला साइडिंग अवैध महुआ शराब का केंद्र बनता दिख रहा है। भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में यहां बनी शराब न जाने कितने परिवार उजाड़ रही है। विडंबना यह है कि वर्षों से बदस्तूर चल रहे इस गोरखधंधे पर पूर्ण रूप से रोक लगाने में पुलिस-प्रशासन नाकाम दिखती है। जो बड़े भ्रष्टाचार और बंदरबांट की ओर साफ इशारा करता है। टिपला साइडिंग में दर्जन भर से ज्यादा भट्ठियां नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। गाहे-बगाहे छोटे कारोबारियों की भट्ठियों को छोड़ और जावा महुआ महुआ जब्त कर अधिकारी कर्मठता का ढोल पीट जाते हैं। जबकि इस अवैध कारोबार से जुड़े बड़े कारोबारी कभी भी कानून की जद में नहीं आ सके हैं। भट्ठियां तोड़ी जाती है और संचालक तक पकड़े नहीं जाते हैं। सिस्टम में भ्रष्टाचार की सेंधमारी कर कानून से खिलवाड़ किया जा रहा है। कोयलांचल में लोगों की गढ़ी कमाई अवैध शराब कारोबारियों के विलासिता का आधार बन गया है। नशे से लोगों के परिवार उजड़ रहे हैं और व्यवस्था में बैठे अधिकारियों खानापूर्ति से आगे बढ़ नहीं पा रहे हैं। राज्य सरकार के साथ-साथ सिस्टम में बैठे आला अधिकारियों को बड़े पैमाने पर चलते इस अवैध धंधे की जानकारी न हो ऐसा मुमकिन नहीं लगता। उच्च स्तरीय जांच होने पर ही धंधे पर लगाम लगाया जा सकता है। निचले स्तर पर चलते खेल की जानकारी आम जनता को भी भलीभांति है। वहीं इस संबंध में रामगढ़ आबकारी विभाग के अधिकारी से पूछे जाने पर सही जानकारी देने से कतराते है।

## बनवार में अवैध खनन मुहानों पर डोजरिंग

कुजू (आजाद सिपाही)। अवैध कोयला उत्खनन पर रोक को लेकर सीसीएल तोपा परियोजना ने बनवार में डोजरिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत सुरक्षा विभाग द्वारा अवैध कोयला खनन स्थलों पर डोजर के माध्यम से मिट्टी पत्थर डालकर डोजरिंग की गयी। इस दौरान तोपा परियोजना के बंद पड़े खदान थ्री थ्री बेस्ट सीम के समीप कोयला तस्करों द्वारा बनाये गये दो अवैध खनन स्थल के मुहाने और बनवार के दो अवैध मुहानों की डोजरिंग की गयी। सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि डोजरिंग अभियान आगे भी जारी रहेगी। अभियान में परियोजना सुरक्षा प्रभारी शंकर राम, कुंवर महतो, जीएम यूनिट सुरक्षा विभाग के रमेश राउत, अजय कुमार सहित महिला होमगार्ड और जवान शामिल रहे।

## पालू पंचायत के लोहरकट्टा वन क्षेत्र में मिला अज्ञात शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पालू पंचायत के लोहरकट्टा वन क्षेत्र के एक खेत में शुक्रवार को ग्रामीणों द्वारा देखा गया। इसकी सूचना पतरातु थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद शव को खेत से बाहर निकल गया। कयास लगाये जा रहे है कि शव करीब सप्ताह दिन पुराना है। शव से बदबू आनी शुरू हो गयी थी। साथ ही मृतक के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। बाद में पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की, साथ ही शव जहां पाया गया। उसके आस पास के स्थानों पर पुलिस द्वारा सर्च भी किया गया। जहां एक टी शर्ट पाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# इटखोरी में महाने नदी तट पर फर्जी बंदोबस्ती कर कराये जा रहे निर्माण पर सख्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में इटखोरी प्रखंड के महाने नदी तट पर कथित फर्जी बंदोबस्ती कर अवैध रूप से कराये जा रहे चाहरदीवारी निर्माण को रोकने संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि फर्जी तरीके से की गयी बंदोबस्ती की जांच कर उसे फॉर-एच (4-H) के तहत तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाये, साथ ही जमाबंदी और रसीद निर्गमन पर रोक लगाई जाए। महाने नदी के तट पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित करने को कहा गया साथ ही उपायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि इस प्रकरण में जिन भी कर्मियों या पदाधिकारियों की संलिप्तता पायी जायेगी, उन पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। जानकारी के अनुसार मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त के निर्देशानुसार एक जांच टीम का गठन किया गया था। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर ही आगे की कार्रवाई के लिए यह निर्णय लिया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अंचल अधिकारी इटखोरी सविता सिंह, अंचल के अमीन, संबंधित राजस्व उप-निरीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि और नदी तटों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और अवैध कब्जे या अनियमित बंदोबस्ती के किसी भी प्रयास को कड़ाई से रोका जायेगा।

## नर्स ने लगायी फांसी, हत्या की आशंका

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के साहू कॉलोनी स्थित राम लौलीन साव के मकान में रह रही एक नर्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की खबर शहर में फैलते ही सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना रामगढ़ पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर सीढ़ी में लटकी नर्स की लाश निकलवा कर पोस्टपार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मृतिका के परिजनों को इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार फरवरी माह से रह रही ओरमांझी थाना क्षेत्र के पिपरबंडा निवासी करीब 23 वर्षीया लवली कुमारी पिता राजन मुंडा शहर के चट्टी बाजार स्थित बरेलिया नर्सिंग होम में नर्स के रूप में कार्यरत थी। उसके साथ रह रही अन्य नर्सों ने बताया कि हम सभी नर्सिंग होम से आकर खाना खाकर अपने-अपने बेड में सोने चले गये। जब सुबह हम लोगों ने देखा की सीढ़ी में बंधे एक फंदे से लवली लटकी हुई है। अपनी बेटी की निधन की सूचना पाकर रामगढ़ पहुंचे उसके पिता राजन मुंडा ने हत्या की आशंका जतायी है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट-25-26-45, दिनांक: 11.12.2025।** **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के अधीन चक्रधरपुर मंडल के एडीईएन/I/टाटानगर तथा एडीईएन/II/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन दक्षिण पूर्व रेलवे की चौहद्दी में विद्यमान रेलवे भूमि के म्युटेशन को सम्पादित करने हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु शेष कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,47,31,920.49। **बयाना राशि:** ₹ 2,73,700। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-25-26-23, दिनांक: 11.12.2025।** **कार्य का नाम:** एडीईएन/चाईबासा के अधिकार क्षेत्र के अधीन चाईबासा (सीबीएसए) में एसएसई/डब्ल्यू/चाईबासा, एसएसई/एस एंड टी/चाईबासा, एसएसई/टीआरडी/चाईबासा, एसएसई/जी/चाईबासा एवं एसएसई/पी.वे/चाईबासा के वर्तमान कार्यालय भवन के लिए विविध मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,22,77,273.71। **बयाना राशि:** ₹ 2,11,400। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-25-26-52, दिनांक: 11.12.2025।** **कार्य का नाम:** (i) डीईएन/सेंट्रल/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन टुनिया यार्ड का सुधार। (ii) डीईएन/सेंट्रल/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मनोहरपुर यार्ड, जराईकेला यार्ड, भलुलता यार्ड एवं बिरसा यार्ड का सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,14,61,675.21। **बयाना राशि:** ₹ 3,07,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 05.01.2026 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए) तथा 09.01.2026 (क्रम संख्या 3 के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-945)


# इनर व्हील क्लब ने किया सेवा कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब रामगढ़ की ओर से शुक्रवार को ओंकार आई हॉस्पिटल में एक महत्वपूर्ण सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 15 मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराये गये, जिससे कई जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी प्राप्त हुई। सफल ऑपरेशन के बाद मरीजों को आवश्यक देखभाल सामग्री के रूप में 24 कंबल, दवाइयां और काले चश्मे वितरित किये गये। क्लब सदस्यों ने मरीजों और उनके परिजनों को उपचारोपरांत सावधानियां और देखभाल संबंधी निर्देश भी प्रदान किये। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष नमिता श्रोफ, मेघा नागरिया, नीरू साहनी और पिंकी गांधी उपस्थित रहीं। सभी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व सेवा भाव का परिचय दिया। क्लब अध्यक्ष नमिता श्रोफ ने कहा कि हमारा उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति उपचार के अभाव में अपनी दृष्टि न खोए। ओंकार आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों और क्लब सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्लब आगे भी ऐसे स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# जिंदल स्टील पतरातू में इंटर-प्लाटून हैंडबॉल टूर्नामेंट का फाइनल टीम वारियर्स ने किंग्स को 8-4 से हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील पतरातू के सुरक्षा विभाग की ओर से आयोजित इंटर-प्लाटून हैंडबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला गुरुवार को बी-गेट प्लेग्राउंड में खेला गया। फाइनल में प्लाटून 1 (टीम किंग्स) और प्लाटून 2 (टीम वारियर्स) आमने-सामने हुईं। शुरू से ही दोनों टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। अंततः टीम वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8-4 के अंतर से विजय हासिल की। खिलाड़ियों के जोश, फिटनेस और टीम तालमेल ने दर्शकों का मन मोह लिया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि और प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सुरक्षाकर्मियों के बीच आपसी समन्वय, उत्साह और टीम भावना को मजबूत करते हैं। कंपनी भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करती रहेगी। कार्यक्रम में एचआर प्रमुख मिनू सिंह, कमर्शियल हेड रूपेश कुमार, सीएसआर प्रमुख कुमार राहुल, चिकित्सा प्रभारी संजीव द्विवेदी और सुरक्षा प्रमुख दिलेश्वर प्रसाद साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की। जिंदल स्टील पतरातू द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट सुरक्षाकर्मियों में खेल भावना, सकारात्मक ऊर्जा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने वाला सफल आयोजन साबित हुआ।


**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: Sr.DMM/SBP/Stores/Tender Publication/2025, दिनांक: 09.12.2025

निविदा सं. 40256476

सामग्रियों का विवरण : 6MM मोटी नायलॉन कॉर्ड रेनफोर्सड (Reinforced) GRSP।

निविदा मूल्य : ₹ 1,93,37,250/-, EMD @ 2% : ₹ 3,86,750/-

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.01.2026 को 1500 बजे।

ई-निविदा हस्तांतरणीय नहीं है और इसे निविदाकार के पूर्व अधिकृत कार्मिक द्वारा DSC के पास जमा किया जाना चाहिए, जो पहले से ही वेबसाइट में पंजीकृत हैं। किसी भी कारण दर्शाए बिना किसी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार रेलवे के पास संरक्षित है।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ सम्बलपुर

PR-893/Q/25-26

# कर्नाटक में हेट स्पीच पर नया बिल

कर्नाटक विधानसभा में हेट स्पीच और हेट क्राइम के खिलाफ बिल पेश किया गया है। इसका मकसद है नफरत और घृणा फैलाने वाले अपराधों एवं बयानों को नियंत्रित करना। अक्सर कई ऐसे बयान आते रहते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य बढ़ता है। इसे देखते हुए ऐसे कानून जरूरी लगते हैं, लेकिन इसके साथ चिंता भी है-दुरुपयोग की।

**कड़ी सजा :** बिल के प्रावधान बेहद कड़े हैं। पहली गलती पर एक से 7 साल की सजा और दोबारा गलती होने पर 2 से 10 साल की सजा मिल सकती है। साथ में, जुमार्ना भी है। विधेयक में हेट क्राइम और हेट स्पीच को विस्तृत रूप से परिभाषित किया गया है और इसका दायरा बहुत बड़ा है, जिसमें सार्वजनिक बयानबाजी से लेकर ऑनलाइन निगरानी तक शामिल है।

**सुप्रीम चिंता :** इसमें शक नहीं कि नफरत फैलानेवाले बयान और कृत्य इस समय की एक बड़ी परेशानी हैं, जिनसे कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी हो जाती है। सामाजिक सद्भाव को भी चोट पहुंचती है। सुप्रीम कोर्ट कई मौकों पर इस बारे में चिंता जता चुका है। 2018 में शीर्ष अदालत ने हेट क्राइम की निंदा करते हुए कहा था कि नागरिकों की जान की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। उसी साल तहसीन पूनावाला जजमेंट आया, जिसमें राज्यों के लिए कई दिशा-निर्देश थे।

**बिल के प्रावधान बेहद कड़े हैं। पहली गलती पर एक से 7 साल की सजा और दोबारा गलती होने पर 2 से 10 साल की सजा मिल सकती है। साथ में, जुमार्ना भी है। विधेयक में हेट क्राइम और हेट स्पीच को विस्तृत रूप से परिभाषित किया गया है।**

**आलोचना और नफरत :** लेकिन, जब इतना कड़ा कानून आता है, तो उसके दुरुपयोग की आशंका भी बढ़ जाती है। भले ही बिल में अपराध की विस्तृत व्याख्या की गयी हो, लेकिन असल चुनौती है इसे लागू करने में। कौन-सी बात नफरत फैलाने वाली है और कहां आलोचना की गयी है - इसमें समझ का थोड़ा भी अंतर बड़ा टकराव पैदा कर सकता है। इसी तरह, असहमति के अधिकार को भी सुरक्षित रखने की जरूरत है।

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता :** बिल में सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी शामिल किया गया है। इंटरनेट पर जिस तेजी से दुष्प्रचार और वैमनस्य बढ़ाने वाले कंटेंट बढ़े हैं, उसे देखते हुए बिल उपयोगी हो सकता है, पर यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आड़े नहीं आना चाहिए। बिल को लेकर कई आशंकाएं और राजनीतिक विरोध है। कर्नाटक इखढ का आरोप है कि यह बिल खास समूह को निशाना बनाने के लिए लाया जा रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस तरह का इंतजाम और निगरानी हो कि यह बिल किसी से बदला लेने का नहीं, बल्कि शांति कायम करने का टूल बने।

अभिमत
आजाद सिपाही

**परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिजाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिजाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रही हैं। जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है - एक ऐसी डिजाइन जो स्वतः सुरक्षित हो।**

# संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास-नये अधिनियम से क्या हासिल होगा



डॉ रतन कुमार सिन्हा



जनता का विश्वास हमेशा से भारत के परमाणु कार्यक्रम की आधारशिला रहा है। देश के सतत, समतापूर्ण और ऊर्जा-सुरक्षित विकास के दृष्टिकोण में यह आधार निहित है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अत्यधिक संरक्षा, निर्विवाद उत्तरदायित्व और पारदर्शी संचार के साथ किया जाए। संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास के स्तंभ केवल अमूर्त आदर्श नहीं हैं; ये भारत के परमाणु उद्योग के व्यावहारिक आधार हैं। जैसे-जैसे हम परमाणु ऊर्जा के लिए एक नये विधायी ढांचे पर विचार कर रहे हैं, यह पूछना जरूरी है कि यह नए अधिनियम से क्या हासिल होगा? मेरे विचार से, इसका उत्तर इन्हीं आधारों को मजबूत करने में निहित है। इस कानून से अपेक्षा है कि यह जनता के विश्वास से समझौता किये बिना संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करे, सरलीकरण और सुरक्षा प्रदान करे, नवाचार को प्रोत्साहित करे।

**संरक्षा-पूर्णता की संस्कृति को संस्थागत बनाना :** परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिजाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिजाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रही हैं। जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर (अळहफ) की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है - एक ऐसी डिजाइन जो स्वतः सुरक्षित हो। वास्तव में, संरक्षा परमाणु ऊर्जा परिनियोजन का एक अभिन्न अंग है।

**जनता का विश्वास केवल पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है।**

नये अधिनियम को, निश्चित रूप से, यह गारंटी देनी चाहिए कि संरक्षा-संस्कृति जारी रहे। इसे उच्चतम संरक्षा मानकों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए और नियामक संस्थानों की स्वायत्तता, अधिकार और जवाबदेही को मजबूत करना चाहिए। इसे आवश्यकतानुसार प्रौद्योगिकी उन्नयन और पारदर्शी संरक्षा समीक्षाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे प्रचालन प्रदर्शन पर सूचना के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देना चाहिए। किसी भी उद्योग में विशेषकर परमाणु ऊर्जा के मामले में तो और भी ज्यादा, संरक्षा एक स्थिर लक्ष्य नहीं है। इसे एक ऐसी संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका निरंतर पोषण किया जाना चाहिए। खास तौर पर परमाणु पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में, इस संस्कृति को एक संस्थागत फ्रेमवर्क के जरिए मजबूत किया जाना चाहिए।

**दायित्व-स्पष्टता के साथ उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना :** नाभिकीय क्षति के लिए असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी अधिनियम) एक अग्रणी कदम रहा है, जिसने तीन महत्वपूर्ण हितों को संतुलित किया हैः जनता की संरक्षा, आपूर्तिकर्ताओं को आश्वासन और ऑपरेटरों का विश्वास। इसने दोष-रहित दायित्व सिद्धांत को प्रतिपादित किया और यह सुनिश्चित किया कि ऑपरेटर की ज़िम्मेदारी स्पष्ट और निर्देशित रहे।

ऊर्जा परिदृश्य और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास ने संबंधित संस्थाओं की देनदारियों पर अधिक स्पष्टता को आवश्यक बना दिया है। इस तरह के संशोधन किसी भी परिपक्व क्षेत्र की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन का फ्रेमवर्क वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बनाए रखे। नये अधिनियम को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन का फ्रेमवर्क निष्पक्ष, स्पष्ट हो और संदेह रहित बना रहे, साथ ही जवाबदेही की एक सुपरिभाषित श्रृंखला भी बनाये रखे। इसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि दायित्व का मूल्यांकन करने की व्यवस्था देश में परमाणु तैनाती की सीमा और पैमाने के अनुरूप हो। एक आधुनिक दायित्व व्यवस्था को इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि संरक्षा और ज़िम्मेदारी विकास के साथ-साथ चलती हैं।

**जन विश्वास-प्रगति की आधारशिला :** दुनिया भर में परमाणु उद्योग के उत्कृष्ट संरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, परमाणु ऊर्जा के प्रति जनता का दृष्टिकोण अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों की तुलना में धारणाओं से अधिक प्रभावित होता रहा है। कुछ साल पहले मैंने जिस पुस्तक का सह-लेखन किया था, द अनरीजन्ड फियर ऑफ रेडिएशन, ऐसी ही भ्रांतियों को दूर करने का एक प्रयास था। यह पुस्तक बताती है कि नियंत्रित और सुव्यवस्थित वातावरण में विकिरण, किसी भी अन्य तकनीक जितना ही सुरक्षित है जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से आत्मविश्वास से करते हैं।

जनता का विश्वास केवल पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जब नागरिक देखते हैं कि परमाणु विज्ञान रेडियोथेरेपी के माध्यम से जीवन बचा रहा है, उत्परिवर्तन प्रजनन के माध्यम से फसलों को बढ़ा रहा है या विकिरण शुद्धिकरण के माध्यम से सुरक्षित जल उपलब्ध करा रहा है, तो वे परमाणु ऊर्जा के मानवीय पहलू से जुड़ने लगते हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान, हमने नयी आउटरीच रणनीतियों की शुरुआत करके इस दिशा में कई प्रयास किये, जिसके परिणामस्वरूप 2015 की गणतंत्र दिवस परेड में परमाणु ऊर्जा विभाग की झांकी प्रदर्शित की गयी और प्रसारण एवं सोशल मीडिया पर उपस्थिति दर्ज करायी गयी। ये कदम दिखावटी नहीं थे; इनका उद्देश्य विज्ञान और समाज के बीच की दीवार को हटाना था। यदि नया अधिनियम नागरिकों के साथ खुले संवाद को बढ़ावा दे पाता है, तो यह समाज के साथ विज्ञान के सामाजिक संबंधों को पुनर्परिभाषित करेगा। ऐसा करके, यह हमारे चिरस्थायी आदर्श वाक्यः राष्ट्र की सेवा में परमाणु, की भावना को साकार करेगा। नये अधिनियम से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रकार के संदेश सार्वजनिक प्रकटीकरण को अनिवार्य बनायें, शैक्षिक जागरूकता को प्रोत्साहित करें तथा नागरिकों के साथ संवाद को संस्थागत कार्य प्रणाली का अभिन्न अंग बनायें।

**नये अधिनियम में क्या गारंटी होनी चाहिए :** यदि 1962 के प्रथम परमाणु ऊर्जा अधिनियम ने क्षमता निर्माण के मूल मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया था, तो नये अधिनियम का उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और परमाणु प्रौद्योगिकी की बड़े पैमाने पर तैनाती करना होना चाहिए। इसमें उस राष्ट्र की परिपक्वता प्रतिबिंबित होनी चाहिए जिसने जटिल तकनीकों में महारत हासिल की है और जिम्मेदार आचरण के माध्यम से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। नये अधिनियम को विज्ञान और समाज के बीच पारस्परिक आश्वासन की यह गारंटी देनी चाहिए कि : संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी, दायित्व (देनदारियां) हमेशा न्यायसंगत और पारदर्शी रहेगा और जनता का विश्वास हर निर्णय के केंद्र में रहेगा। जब ये गारंटियां न केवल कानून में, बल्कि संस्थागत व्यवहार में भी निहित होंगी, तो भारत का परमाणु भविष्य सुदृढ़ आधार पर खड़ा होगा।

**विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम :** भारत के परमाणु कार्यक्रम के लिए यह एक परिवर्तन का दौर है। बड़े विद्युत संयंत्रों के अलावा, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और प्रगत थोरियम प्रणालियां परमाणु ऊर्जा की पहुंच का विस्तार करेंगी। इसलिए नये अधिनियम को एक ऐसे फ्रेमवर्क की गारंटी देनी चाहिए जो प्रौद्योगिकियों के तेज उपयोग को सुगम बनाए और साथ ही स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण को प्रोत्साहित करे। इसमें नियामकों, प्रचालकों और उद्योग के बीच निर्बाध समन्वय और भविष्य के नवाचारों को शामिल करने के लिए लचीलापन सुनिश्चित करना चाहिए। संक्षेप में, नये अधिनियम को परमाणु पुनर्जागरण के लिए एक अनुकूल पृष्ठभूमि तैयार करनी चाहिए जो भारत में जलवायु लक्ष्यों और विकसित भारत @2047 बनने की राह में स्वच्छ-ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को विश्व का अग्रणी देश बनने की आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

**(लेखक : पूर्व सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं पूर्व अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग है।)**


## कोल्हान की खबरें

## आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में शौचालय की दुर्दशा: एक गंभीर समस्या



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र वार्ड 20 स्थित नगर निगम के अधीन बंद पड़े शौचालय गंदगी और कचरे का अंबार बन चुका है। मरमती के अभाव के कारण स्थानीय दुकानदार और राहगीर को खुले में ही सोच करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। यह सिलसिला कई वर्षों से लगातार चल रहा है, जो नगर निगम की लापरवाही को दर्शाता है। इस शौचालय का निर्माण के लिए लाखों रुपये खर्च हुए थे, जिससे स्थानीय नागरिक, दुकानदार और राहगीरों को सुविधा मिल सके। लेकिन नगर निगम की लापरवाही के कारण शौचालय वर्षों से बंद पड़ा है। एक तरफ जिले के उपायुक्त स्वच्छता को लेकर सरकारी विभाग को निर्देशित कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम क्षेत्र की दुर्दशा लोगों के मन में चिंता पैदा कर रही है। वार्ड 20 में कई महत्वपूर्ण कार्यालय हैं, जिनमें आदित्यपुर थाना, तेजल विभाग, वन विभाग, तहसील कचहरी, बिजली विभाग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य कार्यालय मौजूद हैं। नगर निगम के वासी लगातार अपने काम के लिए वार्ड 20 में स्थित इन कार्यालयों में पहुंचते हैं। स्थिति तब दयनीय हो जाती है जब महिला को खुले में ही सोच करना पड़ता है। कई सारे सब्जी विक्रेता जल विभाग के कंपाउंड को ही शौचालय बना लिए हैं। यह स्थिति नगर निगम की लापरवाही को दशार्ती है और महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बन रही है। नगर निगम से मांग है कि वह इस शौचालय की मरम्मत करवाए और इसे जल्द से जल्द चालू करवाए। साथ ही, नगर निगम को स्वच्छता को लेकर गंभीर होना चाहिए और अपने क्षेत्र की दुर्दशा को सुधारना चाहिए। हमें उम्मीद है कि नगर निगम इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करेगा और हमारे क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनायेगा।

## जेएलकेएम नेता तरुण महतो से मिलने पहुंचे जयराम महतो, पुलिस ने अनुमति नहीं दी



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला में जेएलकेएम नेता तरुण महतो से मिलने पहुंचे पार्टी सुप्रीमो जयराम 'टाइगर' महतो को पुलिस ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी। तरुण महतो अवैध बालू उठाव के विरोध में ईचागढ़ थाना पुलिस से हुई झड़प में घायल होने के बाद गिरफ्तार किये गये थे और वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में अस्पताल में इलाजरत हैं। पुलिस पदाधिकारियों ने साफ कहा कि न्यायिक अभिरक्षा में बंद किसी भी व्यक्ति से मिलने के लिए कोर्ट की अनुमति अनिवार्य है, और जयराम महतो के पास इसकी अनुमति नहीं थी। इस आधार पर मुलाकात से इनकार कर दिया गया। जयराम महतो ने भी कोर्ट की प्रक्रिया और कानून का सम्मान करते हुए किसी तरह का विरोध नहीं किया और शांतिपूर्वक वापस लौट गये। जयराम महतो ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि तरुण महतो को जिस परिस्थिति में हिरासत में लिया गया है, उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव को लेकर हुई कार्यवाही में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है, इसलिए दोषी पाये जाने वाले किसी भी पुलिस पदाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान जयराम महतो के साथ सरायकेला और कोल्हान प्रमंडल के कई जेएलकेएम नेता भी मौजूद थे। उन्होंने भी पार्टी नेता के साथ निष्पक्ष व्यवहार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

## सरायकेला समाहरणालय सभागार में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति सुनिश्चित की जाये : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** उपायुक्त ने सरायकेला समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण और सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने की। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण कार्यक्रमों, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कन्यादान योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना और कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ नियुक्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि पोषण क्षेत्र से वंचित परिवारों की पहचान कर उन्हें विभागीय योजनाओं से जोड़ा जाये। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से वंचित किशोरियों के आवेदन एकत्र कर उनका सत्यापन और स्वीकृति सुनिश्चित की जाये। उपायुक्त ने CDPO और महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

# स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर सेवा आश्रम बमामाईंस में सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला कुष्ठ कल्याण समिति के महामंत्री मो. जैनुद्दीन ने अतिथियों के स्वागत के साथ किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडा ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी वित्तीय कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रोकथाम, उपचार और पुनर्वास को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की मूल भावना बताया। साथ ही कहा कुष्ठ रोग का समय पर उपचार करने से दिव्यांगता से बचा जा सकता है और कुष्ठ रोगी भी सामान्य जीवन जीने का पूर्ण अधिकार रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे पर डॉ. पांडा और जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. राजीव लोचन महतो ने आयुष्मान भारत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, कुष्ठ और टीबी नियंत्रण, टीकाकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और परिवार कल्याण कार्यक्रम सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पांडा ने कहा स्वस्थ तन और स्वस्थ मन तो शरीर वृंदावन। उन्होंने कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने, रोगियों को मुख्यधारा में शामिल करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर दिलाने पर विशेष जोर दिया। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. राजीव ने बताया शरीर पर दाग और उसमें सुनापन दिखाई दे तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग का उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। शिविर को सफल बनाने में मो. जैनुद्दीन, जवाहर राम पासवान, बृहस्पति, मित्रु, संतोष सेठ, अंबिका महतो, गोपाल डंग और आश्रम के सभी निवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 100 किलो जावा महुआ को किया विनष्ट



**चौका (आजाद सिपाही)।** चौका थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चावलीवासा जूड़िया नाला के किनारे अवैध रूप से संचालित भट्टी पर छापा मारा और 100 किलो जावा महुआ को विनष्ट किया। पुलिस ने शराब निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्री को भी जब्त कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चावलीवासा जूड़िया नाला के किनारे अवैध रूप से भट्टी का निर्माण देशी महुआ के कारोबार को संचालित किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और भट्टी को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से दारू माफियाओं में हड़कंप मच गया है और भट्टी संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और जो भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया जायेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## 18 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर परसुडीह बाजार समिति के पास छापेमारी कर दो युवकों को 18 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने स्वयं अपने बयान पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी में परसुडीह संत अंथोनी हाई स्कूल के पास बाहागढ़ निवासी 23 वर्षीय रतन बास्ते उर्फ बुतरू, बागबेड़ा सोमाय झोपड़ी घटरापाड़ा निवासी 26 वर्षीय रौशन बारला, बागबेड़ा के मंझला और मानगो के इरफान को आरोपी बनाया गया। इनमें से रतन और रौशन को पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया दोनों आरोपी पहली बार पुलिस गिरफ्त में आए हैं। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर विभागीय औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा।

## सोहदा में विधायक सोमेश चंद्र सोरेन की पहल पर 50 परिवारों को कंबल वितरित

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** मुसाबनी प्रखंड के सोहदा गांव के उंदरुडीह टोला में शुक्रवार को झामुमो विधायक सोमेश चंद्र सोरेन के निर्देश पर कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंद सबर समुदाय के 50 परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अजजा उत्थान मंच के जिला अध्यक्ष लोबीन सबर, झामुमो महिला नेत्री गीता माहली और जोनल प्रभारी सुभाष मुर्मू ने संयुक्त रूप से की। कंबल वितरण का लाभ उंदरुडीह, लतारडीह और श्याम टोला के सबर परिवारों को मिला। कार्यक्रम में जोनल प्रभारी गौरांग माहली, सिंगराई हेम्ब्रम, चांदुराम टुडू, झामुमो नेता सुनील मुर्मू सहित अजजा उत्थान मंच के सलाहकार प्रदीप सबर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लोबीन सबर ने बताया लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर से सबर परिवारों को राहत दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने विधायक सोमेश चंद्र सोरेन से कंबल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। अनुरोध के तुरंत बाद विधायक द्वारा कंबल उपलब्ध कराए गये। कंबल प्राप्त करने के बाद सबर परिवारों ने विधायक सोमेश चंद्र सोरेन और झामुमो नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा सहायता से उन्हें ठंड से काफी राहत मिलेगी।

**पहल : जेजीटीआर और बीडीएसयू के बीच तकनीकी शिक्षा को लेकर हुआ एमओयू**

# यह अनुबंध छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में साबित होगा मील का पत्थर: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड में तकनीकी शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण और उद्योग-उन्मुख कौशल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम रांची और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के बीच शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। यह समझौता राज्य में तकनीकी क्षमता को मजबूत करने और युवाओं को उच्चस्तरीय कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस दौरान समारोह में जेजीटीआर की ओर से प्रिंसिपल महेश कुमार गुप्ता और विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह की ओर से हस्ताक्षरकर्ता प्रतिनिधि के रूप में परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार भी मौजूद थे। बतातें चलें कि झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम को झारखंड सरकार द्वारा भारत सरकार की सहायता से स्थापित किया गया है। झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम मशीनिस्ट, वेल्डर, फिटर, कैड, कैम, सीएनसी एवं पीएलसी प्रोग्रामिंग, क्वालिटी कंट्रोल, मोबाइल रिपेयरिंग, कंप्यूटर हार्डवेयर, आधुनिक डिजाइन सॉफ्टवेयर और प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग सहित अनेक क्षेत्रों में इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स प्रदान करता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के बैचलर आफ टेक्नोलॉजी और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल युवाओं के करियर को नई दिशा मिलेगी, बल्कि झारखंड, विशेषकर आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। स्थानीय रोजगार को बढ़ावा की दिशा में यह एमओयू के माध्यम से छात्रों को रोजगार-उन्मुख विशेष कोर्स, प्रायोगिक प्रशिक्षण और उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए कार्यक्रम उपलब्ध होंगे। दोनों संस्थानों ने आशा व्यक्त की कि यह साझेदारी झारखंड में तकनीकी शिक्षा, विनिर्माण क्षमता और कौशल विकास के नए आयाम खोलेगी। भविष्य में रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, स्मार्ट-मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल डिजाइन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी सहयोग को विस्तारित करने की संभावनाएं हैं। उधर, इन दो संस्थाओं के बीच हुए अनुबंध को लेकर कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। कुलाधिपति ने कुलपति के इस प्रयास और सकारात्मक परिणाम के लिए विशेष रूप उनको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हर्ष व्यक्त किया।



झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम रांची और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के बीच महत्वपूर्ण समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते विवि के कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह एवं अन्य।

**दोनों संस्थान निम्न गतिविधियां संयुक्त रूप से करेंगें संचालित**

1. स्किल डेवलपमेंट एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत छात्रों के लिए उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण एवं इंडस्ट्री-रेडी कोर्स एवं सीएनसी, सीएडी/सीएएम, क्वालिटी कंट्रोल, ऑटोमेशन आदि पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।
2. संयुक्त अनुसंधान एवं तकनीकी परियोजनाएं खासकर डिजाइन, प्रोटोटाइप निर्माण, नवाचार और उत्पाद विकास में सहयोग एवं फैकल्टी विकास कार्यक्रम और शोध कार्यशालाएं के लिए काफी कारगर और लाभदायक रहेगा।
3. सेमिनार, कार्यशाला एवं उद्योग-संवाद कार्यक्रम के लिए वार्षिक तकनीकी समारोह, तकनीकी सत्र, छात्रों के लिए औद्योगिक भ्रमण और लाइव-प्रोजेक्ट करने में काफी सहूलियत होगी।
4. छात्र एवं शिक्षक आदान-प्रदान कार्यक्रम में इंटर्नशिप, फील्ड-ट्रेनिंग, फैकल्टी एक्सचेंज और संयुक्त प्रशिक्षण गतिविधियां को मिलेगा बढ़ावा।

## गढ़वा डीसी से मिले पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, सौंपा छह सूत्री मांगपत्र



भवनाथपुर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंचायत चुनाव में निर्वाचित पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों ने शुक्रवार को भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी कुमारी शर्मा के नेतृत्व में गढ़वा डीसी से मुलाकात कर उन्हें छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसके माध्यम से डीसी को अवगत कराया गया कि प्रखंड में विगत एक वर्ष से मनरेगा सहित अन्य सभी विभाग का क्रियान्वयन पूरी तरह से बंद है, जबकि प्रखंड के लगभग निबंधित अकुशल मजदूर करीब 15 हजार हैं। जबकि 200 से 250 मजदूर को कार्य दिया जा रहा है। उन्होंने मांग किया कि शेष वंचित अकुशल मजदूरों को भी रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मनरेगा के तहत सामग्री भुगतान के लिए विगत छह माह से राशि आया है, लेकिन प्रखंड कर्मी की लापरवाही से अभी तक किए गए कार्यों का सामग्री का भुगतान नहीं किया गया, जिसका यथाशीघ्र भुगतान कराया जाए। इसके अलावा, मनरेगा से विगत पांच वर्षों में एक भी सड़क का निर्माण एवं अन्य योजना का प्रशासनिक स्वीकृत नहीं दिया गया, जिससे मनरेगा योजना अंतर्गत क्रियान्वयन के लिए आदेश देने, सरकार की ओर से पारित आदेश एवं जिला के विभिन्न कार्यालय की ओर से प्राप्त आदेश की जानकारी हम प्रतिनिधियों को नहीं दिया जाता है। उक्त पत्र पर बीडीओ द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती है। जिसे प्रखंड की ओर से यथाशीघ्र अनुपालन कराया जाए। इसी तरह कई अन्य मांगें भी शामिल थे, जिसमें भवनाथपुर प्रखंड के सर्वे कराए गए बांध का जीर्णोद्धार कराने एवं जिला परिषद आय वृद्धि मद और 15वें वित्त योजना अंतर्गत मार्केट कांप्लेक्स दुकान निर्माण, विवाह मंडप, सामुदायिक भवन निर्माण योजना आदि मांग शामिल थे। इस मौके पर भवनाथपुर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बनसानी मुखिया लाइची देवी, मकरी मुखिया सरिता देवी, अरसली दक्षिणी मुखिया अनीता देवी, पंडरिया मुखिया गायत्री देवी, भवनाथपुर पंसस सरिता देवी, मकरी पंसस रीता देवी उपस्थित थीं।

## शैक्षिक भ्रमण को पर्यटक स्थल श्री सूर्य नारायण मंदिर पहुंचे स्कूली बच्चे



केतार (आजाद सिपाही)। बेलाबार एसपी कैरियर ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पर्यटक स्थल श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने मंदिर परिसर के प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण का आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को पसंदीदा व्यंजन परोसे गए। साथ ही उन्हें मंदिर की संस्कृति, सभ्यता और इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक इम्तेयाज आलम, मंदिर विकास समिति के सचिव रविकांत चंद्रवंशी, प्रिंसिपल महताब आलम, प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार, शिक्षिका सोनम कुमारी, फूलमती देवी और सहयोगी भरत ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## पलामू सांसद ने लोस में उठाया गढ़वा के सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को पूरा कराने का मामला



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत गढ़वा जिला में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को पूर्ण कराने संबंधी मुद्दे को उठाया। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना की स्वीकृति दी गयी थी। पर राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलंब से वर्ष 2019 में एलएंडटी कंपनी द्वारा शुरू किया गया, जिसे मार्च 2022 तक काम को पूरा करना था। पर समय पर काम पूरा नहीं होने के कारण कंपनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2026 तक पूरा करने का समय दिया गया है। बावजूद इसके अभी भी कुछ स्थानों पर पंप हाउस बनाने के लिए वन विभाग से अनापति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने के कारण उक्त कंपनी द्वारा अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। साथ ही उक्त कंपनी का लगभग 400 करोड़ रूपए का बिल भुगतान के लिए लंबित है। स्वभाविक रूप से उस कम्पनी द्वारा कार्य की गति धीमी कर दी गयी है, जिस कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। विदित हो कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केंद्रीय जल शक्ति, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से मांग है कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण कराने की कृपा करें।

# गढ़वा जिला भाजपा के 27 में से 24 मंडल अध्यक्षों के नामों की हुई घोषणा



गढ़वा जिला भाजपा मंडल के नव निर्वाचित 24 मंडल अध्यक्ष।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला भाजपा के पिंडरा स्थित कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें जिलेभर के सभी मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा जिला चुनाव अधिकारी अमरदीप यादव सह अधिकारी ओमप्रकाश केशरी और मधुलता कुमारी ने किया। इसमें 27 मंडल में से 24 मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा की गई। जबकि तीन मंडल बरडीहा, डंडा और श्री बंशीधर नगर के अध्यक्षों के नाम की घोषणा किन्ही कारणवश नहीं किया गया। उधर, कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। वहीं, मंडल चुनाव के दौरान मंडल अध्यक्ष के नामांकन प्रक्रिया को पूरा किया गया। घोषणा के बाद नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष का गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर खुशी जाहिर की गयी। इस दौरान, अपने संबोधन में पार्टी के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। संगठन निर्माण में हर समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। उधर, मंडल अध्यक्षों में ललन बैठा भंडरिया, बजरंग प्रसाद बड़गड़, दीपक चौहान मझीआंव ग्रामीण, दीपक चंद्रवंशी मझीआंव नगर मंडल, शशी रंजन दुबे कांडी, अशोक केशरी मेराल उत्तरी, राजेश यादव मेराल दक्षिणी, विकास तिवारी गढ़वा ग्रामीण, धनंजय गोंड नगर मंडल गढ़वा, परीक्षित तिवारी गोवावल, राजकुमार विश्वकर्मा रमकंडा, बसंत प्रसाद रंका उत्तरी, बलराम यादव रंका दक्षिणी, राजेश प्रसाद चिनियां, विकास पाण्डेय श्री बंशीधर ग्रामीण मंडल, भानू प्रताप साव भवनाथपुर, बलजीत सोनी रमना, संतोष सिंह हरिहरपुर, उपेन्द्र दास खरौंधी, कन्हाई प्रसाद केतार, दिलीप यादव सगमा, कृष्णा विश्वकर्मा विशुनपुरा, श्रवण चंद्रवंशी डंडई और मंगल यादव को धुरकी का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, डॉ पतंजलि केशरी, राजीव रंजन तिवारी, रितेश चौबे, उमेश कश्यप, मुरारी यादव, टिंकु गुप्ता, लक्ष्मण राम, विभूति भूषण चौबे, अभिषेक कश्यप, रामशीष तिवारी, रामलला दूबे और उमेश कश्यप आदि मौजूद थे।

### शशिरंजन कांडी और संतोष सिंह बने हरिहरपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष





कांडी (आजाद सिपाही)। भाजपा ने संगठन विस्तार और मजबूती को ध्यान में रखते हुए नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। कांडी मंडल अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार शशिरंजन दूबे और संतोष सिंह को हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। यह निर्णय शुक्रवार को जिले में आयोजित एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में सर्वसम्मिति से लिया गया। उधर, संतोष सिंह को हरिहरपुर मंडल का नया अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं-समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पदभार मिलने के बाद उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, पार्टी के विस्तार और कार्यकताओं को सक्रिय करने के लिए पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से कार्य करेंगे। वहीं, बधाई देने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी दूबे, भाजपा किसान मोर्चा नेता रामलला दूबे सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, निर्मल विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

## याकूज़ा इलेक्ट्रिक स्कूटर के शोरूम का शुभारंभ



मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित पुराने हॉस्पिटल के समीप न्यूटन कंप्यूटर सेंटर के बगल में याकूज़ा इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास, जियाउल असफाक, विनय पाठक, अनिल कमलापुरी, बबलू पाठक, शिव शंकर कमलापुरी और खुशी जायसवाल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। वहीं, पंडित दामोदर पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर शोरूम का शुभारंभ कराया। इस दौरान, शोरूम के प्रोपराइटर शैलेश मेहता ने बताया कि मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बाइक की सुविधा नहीं होने से लोगों को गढ़वा या डाल्टनगंज तक जाना पड़ता था। अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि मात्र 36 हजार रुपये की किफायती दर पर इलेक्ट्रिक बाइक हमारे यहां उपलब्ध है, जिससे आम लोगों की जेब पर बोझ ना पड़े। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बाइक पेट्रोल के मुकाबले बेहद सस्ती है। प्रति चार्ज बाइक कई किलोमीटर चलती है। चार घंटा चार्ज होने के बाद 55 किलोमीटर सरपट सड़क पर दौड़ेगी, जिससे रोजाना के खर्च में भारी बचत होती है। इसके अलावा ई-वाहन पर्यावरण के लिए भी काफी सुरक्षित माने जाते हैं, क्योंकि इनसे धुआं नहीं निकलता और ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता।

**यूथ क्रिकेट क्लब ने सन राइज को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा**

# खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी : डीसी

- डेढ़ माह तक चले गढ़वा जिला क्रिकेट लीग का हुआ समापन
- इसी लगन से मेहनत करें सभी बच्चे जिंदगी की उड़ान अभी बाकी है : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित लीग मैच का शुक्रवार को फइनल मुकाबला यूथ क्रिकेट क्लब और सन राइज क्रिकेट एकडमी के बीच खेला गया। जिसमें यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार खेल दिखाते हुए दो विकेट से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। डीसी दिनेश यादव, एसपी अमन कुमार एवं गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता राज माहेश्वरम ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार दिया। इस मौके पर राज माहेश्वरम ने बताया कि गढ़वा जिला क्रिकेट संघ का अपना ग्राउंड नहीं होने के कारण इतना विलंब हुआ। कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 टीमों ने भाग लिए। जिसमें 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। वहीं, डीसी ने कहा कि अच्छा लगता है जब अपने जिला का खिलाडी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा परफॉरमेंस करता है। बच्चों से कहेंगे कि खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है। वहीं, एसपी अमन कुमार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ज़िंदगी कि असली उड़ान अभी बाकी है। दूसरी ओर, पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने उतरी सनराइज क्रिकेट एकडमी की टीम 34.5 ओवर में 208 रनों पर आल आउट हो गई। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्रिकेट क्लब ने आठ विकेट खोकर 38.2 ओवर में ही 211 रन बनाकर दो विकेट से मैच जीत लिया। इस दौरान बेहतर खेल के लिए अमन कुमार को मैंन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। जबकि, बेस्ट बोलर दिव्य रंजन पाण्डेय, बेस्ट बैट्समेन एवं बेस्ट फिल्डर रुपेश को दिया गया। वहीं, इमार्जिंग प्लेयर का खिताब अर्पित गिरी को दिया गया। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के शैलेंद्र पाठक, रवि सिन्हा, अंकित राज सिंह, मीडिया प्रभारी चन्दन कश्यप, धर्मेंद्र कुमार, मनोज पाण्डेय, शमीम खान, पूर्व क्रिकेट खिलाडी सच्चिदानंद धर दुबे, उदय नारायण तिवारी आदि उपस्थित थे।




खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते डीसी दिनेश यादव, एसपी एवं अन्य।

## आइये खुशियां बांटें : दो दूरस्थ बस्तियों में पहुंची मदद की गर्माहट

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीएम संजय कुमार की पहल पर सामाजिक-प्रशासनिक सहयोग से शुरू हुए 'आइये खुशियां बांटें' अभियान के 13वें दिन डंडा गा७व और मरहटिया की दो वंचित बस्तियों में गर्म वस्त्र वितरण अभियान चलाया गया। डंडा स्थित मुसहर टोला में सदर एसडीएम संजय कुमार खुद मौजूद रहे, जबकि मरहटिया के उरा७व टोला में उक्त वितरण कार्यक्रम गढ़वा सीओ सफी आलम की देखरेख में आयोजित हुआ। जहां सभी जरूरतमंद परिवारों के सदस्यों, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को गर्म वस्त्र दिया गया। बतातें चलें कि मरहटिया का उरांव टोला मुख्यतः जनजातीय परिवारों की आबादी वाला क्षेत्र है, जबकि डंडा की मुसहर टोला बस्ती महादलित वर्ग की सर्वाधिक कमजोर आबादी को समेटे हुए है। टीम ने पूर्व में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर दोनों बस्तियों के जरूरतमंद परिवारों को चिह्नित किया और उनके बीच स्वेटर, जैकेट, शॉल, टोपी, मोजे तथा अन्य ऊनी वस्त्र वितरित किया। स्थानीय लोगों ने एसडीएम एवं पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे सर्दी से बचाव का समय पर मिला सहारा बताया। वहीं, एसडीएम ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन विभिन्न वंचित बस्तियों में संचालित किया जा रहा है, जहां प्रशासन, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं के सामूहिक सहयोग से जरूरतमंद परिवारों तक संवेदना और सहायता पहुंचाई जा रही है। मौके पर कंचन प्रसाद, अनिल कुमार, अखिलेश कुमार, नीरज पांडे आदि मौजूद रहे।

## ओड़िशा कमाने गये भवनाथपुर के व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में बढ़ती बेरोजगारी की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। रोजगार की तलाश में क्षेत्र के कई युवा दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर है। इसी बीच भवनाथपुर प्रखंड का बुका निवासी अमेंद्र राउत (48) भी काम की तलाश में ओडिशा गया था, जिसकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। शुक्रवार की अहले सुबह मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। जानकारी के अनुसार अमेंदर राउत काम करने छह महीना पहले ओडिशा के बड़बिल गया था। उसके परिवार के अन्य सदस्य भी वहीं रहकर ड्राइवरी का काम करते हैं। पता चला है कि विगत दिनों ड्यूटी के दौरान उमेंद्र के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गयी।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।**
Email Id- sreeranchi@gmail.com

**भर्ती कैम्प – 15 दिसम्बर 2025**
**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची** द्वारा **दिनांक 15.12.2025 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प–2025** का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl. No | Name & Address of the Employers | Post | No of Vacancies | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Age | Salary | Experience | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Progressive Food Products BOREYA, RANCHI. | Production upervisor | 01 | B.SC (Chemistry Hons.) | _ | 18-25 Yrs | 18000/- to 22000/- | 1 year | _ |
| | | Dispatch Supervisor | 04 | Matric | Inter | 18-25 Yrs | 12000/- | No | _ |
| | | Account Executive | 01 | Graduate | _ | 18-30 Yrs | 15000/- | Exp. in Tally | _ |
| 2. | Virson Security & Facility Services Pvt. Ltd. HARMU, RANCHI. | Security Guard | 130 | 10th pass | _ | 18-45 Yrs | 10000/- to 12000/- | _ | Only Male |
| | | Driver | 10 | 10th pass | _ | 21-45 Yrs | 12000/-to 15000/- | Yes | Only Male |
| | | Gunman | 20 | 10th pass | _ | 21-45 Yrs | 15000/- to 20000/- | Yes | Only Male |
| | | Computer Operator | 09 | 12th pass | _ | 21-45 Yrs | 10000/- to 12000/- | _ | Only Female |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in / www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।

PR.NO.368373 Labour Employment and Traning(25-26):D

# जेएसएलपीएस समूहों को अधिकतम ऋण उपलब्ध कराने के लिए डीसी का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2025-26 में एनआरएलएम अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और क्लस्टर लेवल फेडरेशन पर चर्चा हुई जिसमें सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को ऐसे गठित समूह/संगठन/ फेडरेशन को अधिकतम फण्ड उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। न्यूनतम डेढ़ लाख रुपए से लेकर अधिकतम 20 लाख रुपए तक प्राप्त करनेवाले समूह/संगठन/ फेडरेशन की मॉनिटरिंग की जाये। इस दिशा में बेहतर कार्य करनेवाले बीपीएम को सम्मानित किया जायेगा। फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान अंतर्गत ऐसे महिलाओं को चिन्हित करने का निदेश दिया गया जो इस अभियान का लाभ लेने के बावजूद हड़िया बेचने का कार्य कर रही हैं। साथ ही, जो महिलाएं हड़िया बेचने का कार्य कर रही हैं उन्हें इस अभियान से लाभान्वित कर आजीविका के अन्य माध्यमों से जोड़ा जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिला में गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्यों मुद्रा ऋण, पीएफएमइ और एआइएफ से अच्छादित किया जाये। इसके लिए, विशेष शिविर आयोजित कराये जाएं। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

### पीएमएसबीवाइ और पीएमजेजेवाइ में मिले क्लेम का लाभ

उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में जिन लोगों ने नियमित रूप से प्रीमियम भरा था, अगर उनकी मृत्यु हो जाती है तो आश्रित को योजना का लाभ त्वरित दिलायें। इसी प्रकार पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेवाई अंतर्गत अगर स्थायी विकलांगता की शिकार उक्त महिला हो जाती है तो उसे क्लेम का लाभ मिले। प्राकृतिक मृत्यु पर पीएम जीवन ज्योति योजना और दुर्घटना में मृत्यु पर पीएम सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जाता है। अगर किसी ने दोनों योजनाओं में इसमें अगर मृत्यु ही है उपरांत उसके आश्रित को दोनों योजनाओं का लाभ दिया जाये। क्लेम निर्धारित समय के अंदर करा लिया जाए।

# स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक में 16 आवेदन स्वीकृत



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि हेतु प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 16 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति के 5, अनुसूचित जनजाति के 3 तथा पिछड़ी जाति के 8 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 16 आवेदनों में से 2 कैंसर पीड़ित मरीजों के आवेदन हैं। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुमोदन के उपरांत अविलम्ब सभी लाभुकों को अनुदान राशि हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोहरदगा जिला सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ और सचिव संजय चौधरी बने




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रांतीय सेवा भारती के निर्देशानुसार प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार विजय की अध्यक्षता पर लोहरदगा जिला सेवा भारती के पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर दीपक सर्राफ को यथावत रखते हुए संजय चौधरी को सचिव, शशांक बर्मन को कोषाध्यक्ष बनाया गया, संरक्षक डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजू रंजन अग्रवाल,अवधेश मित्तल,आनंद केसरी एवं अजय अग्रवाल, सह सचिव सूरज कुमार साहू, सहकोषाध्यक्ष सुबोध प्रसाद महतो को बनाया गया एवं 11 कार्यसमिति सदस्य बनाया जायेगा। संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार एवं जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जितेंद्र कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला सेवा भारती सेवा के कार्य क्षेत्र के प्रांत में अपनी एक अलग पहचान बना रखी है जिला अध्यक्ष के सेवा कार्यों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है इनके साथ जुड़ी नयी टीम और ज्यादा सशक्त होकर सेवा भाव से लोगों की सेवा करेगी। जिला अध्यक्ष दीपक सर आपने कहा कि लोड़ागा जिला सेवा भारती संगठन सेवा के कार्य में तत्पर है और आगे भी सेवा के कार्य पर निरंतर प्रयासरत रहेगी,मानव सेवा एवं जीव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इससे आगे कुछ नहीं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना में प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को मिलेगा प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित अन्य प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विधाओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने भारत सरकार की ओर से एमएसएमई उद्यमियों के विकास के लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किये। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, एलडीएम व मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम मे पीएम विश्वकर्मा योजना मे प्रशिक्षण प्राप्त कई लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विधाओं के शिल्पकारों जैसे बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, जाल बनाने वाले, दर्जी, नाई आदि को शामिल किया गया है। योजना के तहत लाभार्थियों को पांच, सात दिन का प्रशिक्षण, प्रतिदिन 500 रुपये भत्ता, प्रशिक्षण के बाद 15,000 रुपये के टूलकिट ई वाउचर, पहले चरण में एक लाख और दूसरे में दो लाख रुपये तक का बिना गारंटी ऋण 5% ब्याज पर उपलब्ध कराया जायेगा। पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र भी दिये जायेंगे। एलडीएम ने लाभार्थियों से योजना का लाभ लेने की अपील की। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक उपकरण और आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों युवा मौजूद थे।

# महुआडांड़ जामकोना में 80 वर्षीय बुजुर्ग पेंशन से वंचित

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ प्रखंड के रेगाइ पंचायत के जामटोली से सरकारी मशीनरी की लापरवाही को उजागर करने वाला गंभीर मामला सामने आया है। 80 वर्षीय इतवारी ठिठियो अब तक वृद्धावस्था पेंशन से वंचित हैं, जबकि चौंकाने वाली बात यह है कि वर्षों बीतने के बावजूद उनका पेंशन फॉर्म तक नहीं भरा गया। ग्रामीणों के अनुसार, बुजुर्ग और उसका परिवार कई बार विभागीय कर्मचारियों से संपर्क कर चुका है, लेकिन न तो फॉर्म भरा गया और न ही किसी अधिकारी ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में रुचि दिखायी। यह स्थिति साफ दिखाती है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं कागजों में सीमित होकर रह गयी हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहा परिवार दवा, भोजन और बुनियादी जरूरतों के लिए प्रतिदिन संघर्ष कर रहा है। बुजुर्ग की समस्या और गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिला प्रसासन से तत्काल पेंशन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

# प्रतुल शाहदेव ने नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा भाजपा प्रदेश कमेटी द्वारा शुक्रवार को लातेहार जिले के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्षों के मनोनयन की घोषणा कर दी गयी। मनोनयन के उपरांत भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को समान सम्मान और महत्व प्राप्त है। एक साधारण कार्यकर्ता भी समर्पण और कर्मठता के साथ संगठन में सक्रिय होकर विधायक, सांसद सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करता है। उन्होंने भरोसा जताया कि नये पदाधिकारी निष्ठा और अनुशासन के साथ संगठन से मिले दायित्वों को सफलतापूर्वक निभायेंगे। साथ ही संगठन को मजबूत करने और राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखने का कार्य भी करेंगे।



### पहली बार रोल गांव के युवा को प्रतिनिधित्व

प्रतुल ने कहा कि ये गर्व का विषय है कि चंदवा मंडल के लिए जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल, महुआ मिलान गांव के आशीष सिंह को पहली बार मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा कि रोल मेरा पैतृक गांव है। यहां से पहली बार किसी साधारण कार्यकर्ता को भाजपा मंडल अध्यक्ष का अवसर मिला है, जो उनके लिए भी गौरव और सौभाग्य की बात है। आशीष कुमार सिंह को उन्होंने बधाई देते हुए सफल कार्यकाल के लिए मंगल कामना की।

# उतका गांव में उम्मीद सोसाइटी का पगड़ी पोशी और शपथ ग्रहण समारोह



**कैरो (आजाद सिपाही)।** गुरुवार की रात्रि प्रखंड के उतका गांव में उम्मीद सोसाइटी की ओर से पगड़ी पोशी सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के नाजीमे आला ताजुल अंसारी, सदर अख्तर अंसारी, सेक्रेटरी तौहीद अंसारी, नायब सदर सरफुल अंसारी तथा नायब सेक्रेटरी जावेद अंसारी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी पदाधिकारियों ने समाज की बेहतरी, शिक्षा को बढ़ावा देने और गलत कार्यों से दूर रहने की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर रऊफ अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नायब सदर बबलू सहित भंडरा, कैरो और अन्य प्रखंडों की अंजुमन के पदाधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों को भी सोसाइटी द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रऊफ अंसारी ने कहा कि समाज में शिक्षा की कमी सबसे बड़ी चुनौती है, इसलिए सभी अभिभावकों को बच्चों की सही देखरेख पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नशाखोरी, जुआ और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा आपसी विवादों का समाधान खुद करने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं—आफताब आलम, जमील अख्तर अंसारी, समीद अंसारी आदि ने भी समाज में एकता बनाए रखने और शिक्षा व जागरूकता को बढ़ावा देने की अपील की। मौके पर अंजुमन इस्लामिया उतका के सदर जमाल अंसारी,हाफ़िज तौफीक, रुस्तम अंसारी, कैरो के सदर इम्तियाज अंसारी, सेक्रेटरी मुस्लिम अंसारी, बंडा अंजुमन के सदर हैदर मीरदहा, सेक्रेटरी हसबुल खान के अलावे आरिफ अंसारी, यूसुफ अंसारी, खलील अंसारी आदि उपस्थित थे।

# क्लियर मेडी हेल्थ केयर अस्पताल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे चिकित्सालय में शुक्रवार को रेलवे से अनुबंध हॉस्पिटल बनारस की क्लियर मेडी हेल्थ केयर अस्पताल के द्वारा रेलवे हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। रेलवे और बनारस के क्लियर मेडी हेल्थ केयर अस्पताल कैंप में चिकित्सक के रूप मे चेस्ट और अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शैलेंद्र शिवहरे, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ वेंकट, और पेट और लिवर विशेषज्ञ डॉक्टर पवन कुमार सिंह के साथ रेलवे के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र शाह मौजूद थे। शिविर के दौरान लगभग 56 से अधिक मरीजों का निशुल्क चिकित्सकीय जांच के साथ-साथ दवा का वितरण करते हुए परामर्श दिया गया। मुख्य रूप से शिविर में मार्केटिंग हेड मृत्युंजय सिंह ने बताया की रेलवे और हमारे अस्पताल प्रबंधन के अनुबंध के अनुसार धनबाद रेल मंडल के विभिन्न अस्पतालों में इस तरह का शिविर का आयोजन करते हुए बेहतर चिकित्सा व्यवस्था और परामर्श उपलब्ध कराने का काम हमारी टीम के द्वारा किया जाता है। इस दौरान मौके पर यूनियन के शाखा सचिव सुनील कुमार सिंह अनुष्का श्वेता रवि अल्फाज समेत अनीश चिकित्सा कर भी मौजूद थे।

# जेएनवी चयन प्रवेश परीक्षा आज



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लोहरदगा के लिये चयन प्रवेश परीक्षा 2026 का सफल आयोजन आज किया जायेगा। जिसके लिये लिये पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए, बताया कि जिले में चयनित परीक्षा केंद्रों पर सुबह निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू होगी। सफलता पूर्वक परीक्षा आयोजित कराने के लिए प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन ने सभी परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि परीक्षा के लिये जारी किये गये प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षार्थी उपस्थित होकर परीक्षा देंगे। प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केंद्र ही अंतिम मान्य होगा।

# झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की बैठक 11 को स्थापना दिवस मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** 12 दिसंबर शुक्रवार को समय 12 बजे से झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की एक विस्तारित बैठक चंदवा स्थित यूनियन कार्यालय सव रामजतन भवन में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता साथी जीत वाहन मुंडा ने किया। बैठक में सर्वप्रथम मजदूर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले भारतीय जन नाट्य संघ इपटा के पूर्व पलामू जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार के आकाशमिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मौन श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया गया शैलेश कुमार मजदूर आंदोलन के साथ संस्कृत जगत से गंभीर नाता रहा है। उन्होंने अपना जीवन का बहुमूल्य समय समाज को दिया उनके छाती से संस्कृत जगत को पूर्णिय क्षति हुआ है। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि 21 नवंबर 2025 को केंद्र सरकार के द्वारा पूंजी पत्तियों की सेवा में तैयार किए गए मजदूर विरोधी चार लेबर कोड लागू कर दिए गए हैं यह मजदूर के अधिकारों पर आजादी के बाद का सबसे बड़ा हमला है। पुराने 29 श्रम कानून को रद्द कर चार लेबर कोड लाये गये हैं। यह चार लेबर कोड पूंजी पत्तियों को खुली छूट देते हैं की वे मजदूरों से मनमाना काम ले इसलिए अब समय आ गया है की अपने हक अधिकार एवं रोजगार की गारंटी के लिए एकजुट होकर संघर्ष में उतरे और आवाज उठाएं बैठक में सर्वसम्मति से 11 जनवरी 2026 को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया एवं 1 जनवरी से 28 फरवरी तक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में ओमप्रकाश गुप्ता माखन प्रसाद चौरसिया, संजय कुमार, संजय गोप, महिंद्र लोहरा, बाबूलाल गंझू, धनेश्वर तुरी, रविंद्र भोक्ता, रथु गंझू, अंजय कुमार, रामकिशोर भगत, सनोज लोहार, आह्लाद यादव आदि उपस्थित थे।

# स्कूल परिसर में चला वाहन जांच अभियान बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले में स्कूल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। जिला उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देशानुसार, लिवेन्स स्कूल परिसर में स्कूल वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) जया शंखी मुरमू की टीम ने स्कूल में संचालित सभी वाहनों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान बच्चों की बैठने की क्षमता, वाहन की तकनीकी स्थिति, और आवश्यक सुरक्षा मानकों को विशेष रूप से परखा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वाहनों का संचालन हर हाल में सुरक्षित एवं मानक अनुरूप होना चाहिए। जांच दल ने अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कड़े निर्देश दिए कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें। ?इस महत्वपूर्ण अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन के अमरेश्वर गिरी और ट्रैफिक इंचार्ज रजवार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। प्रशासन का यह कदम जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# मनोज प्रसाद बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कमिटी के निर्देश के बाद शुक्रवार को जिले के सभी मंडल अध्यक्षों के नाम की औपचारिक घोषणा की गई। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरवाडीह मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में मनोज प्रसाद का चयन किया गया। मनोज प्रसाद इससे पहले मंडल महामंत्री के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। संगठन में उनके योगदान और लंबे समय से सक्रिय भागीदारी को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गयी। मौके पर मौजूद नेताओं ने उम्मीद जतायी कि नए मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोज प्रसाद संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा आगामी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के सेमरा नवनिर्मित हाई स्कूल भवन के समीप गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीण व भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर रेफर कर दिया गया।

# धर्म रक्षा कोष संग्रह को लेकर विहिप की टोली बैठक

## पहले दिन 25 हजार रुपये का संग्रह, घर-घर और प्रतिष्ठानों तक पहुंचने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हिंदू धर्म और सनातनी आयोजनों को भव्यता प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद (विहिप) लोहरदगा ने अपने वार्षिक धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान का शंखनाद कर दिया है। इसी निमित्त आज अध्यक्ष रितेश साहू के आवास पर एक अति आवश्यक जिला टोली बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कोष की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विहिप के जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि जिला अध्यक्ष रितेश साहू ने प्रांतीय कार्यालय के निर्देशानुसार धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान को गति देने की बात कही। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और जिला टोली सदस्यों को निर्देशित किया कि वे एकजुट होकर काम करें और प्रत्येक सनातनी घर के साथ-साथ प्रतिष्ठानों में भी संपर्क साधें, ताकि प्रांत द्वारा निर्धारित सभी धार्मिक कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हो सकें। जिला मंत्री रंजीत कुमार साहू ने अभियान के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि जिला बैठक के उपरांत अब नगर क्षेत्र के साथ-साथ सभी प्रखंडों के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के सहयोग से धर्म रक्षा निधि का महत्व समझाते हुए प्रखंड और पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक संग्रह किया जायेगा। बैठक के दौरान ही धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले ही दिन टोली सदस्यों के माध्यम से 25,000 (पच्चीस हजार) रुपये की राशि संकलित की गयी, जो अभियान की सफल शुरुआत का संकेत है। बैठक में अध्यक्ष रितेश साहू, जिला मंत्री रंजीत कुमार साहू, जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक पवन प्रजापति, जिला सुरक्षा प्रमुख प्रद्युम्न पाठक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चैंबर अध्यक्ष ने पीटर इंग्लैंड मेंस वियर के शो रूम का किया शुभारंभ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** न्यू रोड, कस्तूरबा स्कूल के समीप आदित्य बिड़ला ग्रुप से सम्बद्ध पीटर इंग्लैंड मेंस वियर के एक्सक्लूसिव शो रूम का शुभारंभ चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान शो रूम के मालिक राकेश झा, व्यवसायी संतोष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विकास कुमार, सुनील साहू, प्रशांत खत्री, नवीन अग्रवाल समेत अनेकों व्यवसायी उपस्थित रहे। शो रूम का शुभारंभ करते हुए चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि अब लोहरदगा का कार्य क्षेत्र बढ़ रहा है और यहां भी बड़े शहरों के मुकाबले अनेकों ब्रांड व्यापारियों के द्वारा ग्राहकों को उपलब्ध करवाया जा रहा, यह लोहरदगा की विकास का शुरुआती दौर है जो धीरे धीरे विकास की लंबी रेखा खिंचेगी। आगे शो रूम के मालिक ने बतलाया कि दुनिया में अनेकों ब्रांड के वस्त्र उपलब्ध है, परन्तु पीटर इंग्लैंड कम्पनी द्वारा यह कोशिश की गयी है कि अन्य ब्रांड के मुकाबले गुणवत्ता में कोई कमी किये बिना ग्राहकों के पॉकेट में बिना बोझ डाले सस्ते दामों में बढ़िया और अच्छे डिजाइन के रेडीमेड वस्त्र उपलब्ध करवाया जाय। इस निमित्त हमारे शो रूम में पैंट, शर्ट, टी शर्ट, कोट, ब्लेजर इत्यादि एक से एक डिजाइन में परिधान उचित दर पर उपलब्ध करवाने की कोशिश की गयी है।

## प्रभा देवी निर्विरोध चुनी गयी चैनपुर की प्रखंड प्रमुख



चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को निवार्ची पदाधिकारी सह मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा व प्रशिक्षु आईएस हिमांशु लाल और बीडीओ सह सीओ प्रदीप दास ने नियम संगत शान्ति पूर्ण ढंग से प्रमुख पद का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न कराया। मालूम हो कि 06-जून-2022 को नवनिर्वाचित प्रमुख गायत्री देवी हुई थी जिनका कार्यकाल 23-जून-2025 को तीन वर्ष पूर्ण हुआ ही था कि सभी पंचायत समिति ने उनको गिरा दिया। जिसे देखते हुए चुनाव आयोग ने दुबारा प्रमुख का चुनाव कराने के लिए 12-दिसम्बर-2025 को 10 बजे के 15 मिनट पर वोटिंग करने का समय निर्धारित किया था जहां सर्वसम्मति से पंचायत समिति सदस्यों ने निर्विरोध मझिगवां पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रभा देवी को प्रमुख पद के लिए चुन लिया। वही नवनिर्वाचित प्रमुख प्रभा देवी ने सभी पंचायत समिति सदस्यों को अपनी ओर से आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी पंचायत समिति सदस्यों के सहयोग से प्रखण्ड का विकास करूंगी। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण में तेजी से अवरुद्ध हुए कामों का निपटारा करूंगी। मौके पर सभी पंचायत समिति सदस्यों ने नवनिर्वाचित प्रमुख प्रभा देवी को फूल माला से स्वागत किया और बम पड़ाका फोड़कर व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। प्रखंड के मैदान से गाजे बाजे के साथ रैली निकाली गयी जो शाहपुर से होते हुए मझिगवां पंचायत का भ्रमण कर रैली का समापन हुआ।

## डंडार में 30 किसानों को मिला फसल सुरक्षा का प्रशिक्षण



पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)। फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के अंतर्गत पलामू जिला कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार पांकी प्रखंड क्षेत्र के डंडार कला मे दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कृषि विशेषज्ञ आकाश रंजन और रौशन झा के द्वारा लगभग तीस किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। खासकर पौधा की सुरक्षा और फसल सुरक्षा के लिए अलग-अलग विधियां बतायी गयी। फसलों को किटनाशको से कैसे बचाएं, बीजो का उपचार कैसे करें सहित जैविक कीटनाशक कैसे बनाएं प्रशिक्षण मे जानकारी दी गयी। मौके पर सहायक तकनिकी प्रबंधक शशिरंजन, किसान मित्र सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## रघुवीर सिंह चंद्रवंशी बने उंटारी के मंडल अध्यक्ष



ऊंटारी रोड़/ पलामू (आजाद सिपाही)। जिले मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को जिला चुनाव प्रभारी की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में रघुवीर सिंह चंद्रवंशी को सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष मनोनीत कर लिया गया है। भाजपा नेता सह उंटारी रोड मंडल अध्यक्ष प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी निर्देशों के अनुसार मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में सर्वसम्मति से रघुवीर सिंह चंद्रवंशी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत कर लिया गया है। उन्हें जल्द ही प्रखंड कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता अमित प्रजापति,रमेश कुमार राजवंशी उपस्थित थे। रघुवीर सिंह चंद्रवंशी को नये मंडल अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए जिला व प्रदेश के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगे संत मरियम स्कूल के रौनक और युवराज



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। संत मरियम स्कूल के दो प्रतिभावान खिलाड़ी रौनक कुमार और युवराज कुमार का चयन नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी तैयारी के बारे में जानकारी ली और चयनित होने की खुशी में उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों के अभिभावक तथा स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन भी उपस्थित रहे। अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल में भी बच्चों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रयासरत है। हमारा उद्देश्य है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ी नेशनल ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल स्तर तक पहुंचे। शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने बताया कि 14 से 18 दिसंबर तक दत्तपुलिया, पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पलामू जिले से संत मरियम स्कूल के रौनक और युवराज के अलावा नेहा कुमारी,पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, सानवी प्रिया और जिज्ञासा गुप्ता का भी चयन हुआ है।

## मोहम्मदगंज में नवविवाहिता छह दिनों से लापता



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के करिया गांव की एक नवविवाहिता 6 दिसंबर की रात से लापता है। दो माह पूर्व विवाह हुई महिला का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। मायके पक्ष के परिजन प्रशासन से मदद की मांग करते हुए बेटी को जल्द खोज निकालने की अपील कर रहे हैं। इस संबंध मे परिजनों ने पुलिस के वरीय पदाधिकारी से भी गुहार लगाई है।लापता नवविवाहिता के पिता अजिम्मुद्दीन अंसारी ने मोहम्मदगंज थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री शगुफ्ता प्रवीण उर्फ रूबी खातून का निकाह 8 अक्टूबर 2025 को करिया गांव निवासी इस्लामुद्दीन अंसारी के पुत्र मो. फिरदोश अंसारी के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। नवविवाहिता के पिता के अनुसार, विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष का व्यवहार ठीक नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुर, सास, जेठ, जेठानी और पति मिलकर बेटी को प्रताड़ित करते थे, जिससे वह भयभीत रहती थी। अजिम्मुद्दीन अंसारी ने बताया कि 7 दिसंबर की सुबह लगभग 8 बजे लड़की के ससुर ने फोन कर उन्हें जानकारी दी कि रूबी खातून रात में घर से कहीं चली गई है और सुबह उठने पर वह घर में नहीं मिली। उधर, ससुराल पक्ष ने भी मोहम्मदगंज थाना में आवेदन दिया है। उनका कहना है कि 6 दिसंबर की रात सभी लोग भोजन कर सो गए थे और अगले दिन उठने पर रूबी घर से गायब मिली।

# अप्टी गांव के जंगल में मनातू पुलिस ने नष्ट की पोस्ते की खेती

**पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद ली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/ पलामू।** थाना क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस ने अफीम उत्पादन पर बड़ा प्रहार करते हुए अप्टी गांव के जंगलों में चल रही पोस्ते की अवैध खेती को नष्ट कर दिया। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में यह कार्रवाई शुक्रवार को बड़े पैमाने पर की गयी। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पांच एकड़ में फैली पोस्ते की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया गया।

थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डुमरी पंचायत के अप्टी गांव के घने जंगलों में कुछ लोगों द्वारा चुपके से अफीम उत्पादन के लिए पोस्ते की खेती की जा रही है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने आधुनिक संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए ड्रोन कैमरे की मदद ली। ड्रोन से लिए गए दृश्य में साफ दिखाई दिया कि जंगल के भीतर काफी बड़े हिस्से में पोस्ते की फसल तैयार की जा रही थी। इसके बाद तुरंत टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर पूरी फसल नष्ट कर दी गयी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के साथ वन विभाग की टीम भी मौजूद थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पौधों को उखाड़ने और नष्ट करने के लिए ट्रैक्टर का उपयोग किया गया, ताकि जड़ से फसल पूरी तरह खत्म हो सके।

उन्होंने कहा, पोस्ते की खेती न केवल अवैध है, बल्कि इससे अपराध और नशे की श्रृंखला भी जुड़ी होती है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस लगातार निगरानी कर रही है और जहां भी अफीम की खेती की जानकारी मिलेगी, तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान थाना प्रभारी के साथ वनकर्मी अमरेश पासवान सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद थे। टीम ने जंगल के विभिन्न हिस्सों की तलाशी लेकर सुनिश्चित किया कि कोई भी पौधा बचा न रह जाए। पुलिस के अनुसार ऐसी खेती आमतौर पर कठिन और दुर्गम इलाकों में की जाती है, ताकि लोगों और प्रशासन की नजर से बचा जा सके। मनातू पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि ऐसी किसी अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

## सरकारी विद्यालयों में शिफ्ट होंगे हरिहरगंज के 32 आंगनबाड़ी केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पीपरा।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के 32 आंगनबाड़ी केंद्र जल्द ही सरकारी विद्यालय भवनों में स्थानांतरित किये जायेंगे। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशासन ने पूरी गंभीरता के साथ प्रक्रिया को गति दे दी है। किराए पर निर्भरता कम करने और केंद्रों को सुरक्षित एवं उपयुक्त वातावरण में संचालित करने के उद्देश्य से इन 32 केंद्रों को निकटतम सरकारी विद्यालयों में शिफ्ट किया जायेगा।

हरिहरगंज बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि स्थल चयन एवं चिन्हांकन का कार्य शुरू है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध हो। विद्यालय भवनों में स्थानांतरण से न सिर्फ कार्य सुगम होगा, बल्कि सरकार की उल्लेखनीय बचत भी होगी। इस



सीडीपीओ पारितोष प्रियदर्शी की फाइल फोटो

नयी व्यवस्था से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य लाभुकों को बेहतर सुविधा, सुरक्षित भवन और स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। साथ ही, आंगनबाड़ी सेवाओं के संचालन में भी पारदर्शिता और नियमितता सुनिश्चित होगी।

प्रशासन का लक्ष्य है कि सरकार स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर नए शैक्षणिक माहौल में आंगनवाड़ी गतिविधियों का संचालन शुरू किया जाए, ताकि लाभुकों को समय पर और बेहतर सेवा मिलने में कोई बाधा न हो।

## देवघर एयरपोर्ट पर झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ दिया गया ऑनर



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान का देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए जिले के शीर्ष प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर झा, उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ ने बुके प्रदान कर माननीय मुख्य न्यायाधीश का अभिवादन किया। इसके उपरांत एयरपोर्ट परिसर में सार्जेंट मेजर के नेतृत्व में पुलिस जवानों द्वारा उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस सम्मान समारोह के दौरान न्यायाधीशगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश के आगमन से एयरपोर्ट परिसर में गरिमा और सम्मान का विशेष माहौल देखने को मिला।

## आज से मिलेगा आचार पापड़ और मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण

**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार देवघर जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसबीआइ आरएसइटीआइ देवघर में 20 दिवसीय आचार, पापड़ एवं मसाला पाउडर निर्माण प्रशिक्षण 13 दिसंबर 2025 से शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक और महिलाएं इसमें आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को स्वावलंबी बनाकर उन्हें छोटे स्तर पर उद्योग शुरू करने के लिए सक्षम बनाना है। संस्थान की ओर से प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्रशिक्षण, भोजन एवं छात्रावास की व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क होगी।

**मुख्य न्यायाधीश का मधुपुर आगमनः बार एसोसिएशन ने किया स्वागत**

## फैमिली कोर्ट सप्ताह में पांच दिन होगा संचालित, मुख्य न्यायधीश ने दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** सिविल कोर्ट परिसर में शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के आगमन पर बार एसोसिएशन की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान बार काउंसिल के सदस्य बलेश्वर प्रसाद सिन्हा, अमर सिंह एडवोकेट, मधुपुर बार एसोसिएशन के महासचिव श्याम सुंदर भैया और अध्यक्ष मुरारी सिंह ने मुख्य न्यायाधीश को बुके भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत उपरांत हुए संवाद मेंअधिवक्ताओं ने मधुपुर न्यायालय की विभिन्न समस्याओं को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा। फैमिली कोर्ट सप्ताह में पाँच दिन संचालित होगा ।अधिवक्ता गुलजादी एडवोकेट अमर सिंह ने बताया कि फैमिली कोर्ट केवल एक दिन चलने से जनता को अत्यधिक परेशानी होती है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने आश्वासन देते हुए कहा कि आगे से फैमिली कोर्ट सप्ताह में पांच दिन संचालित किया जायेगा, जिससे मामलों के निष्पादन में तेजी आयेगी। वहीं साइबर कोर्ट व बिजली कोर्ट की मांग बार एसोसिएशन के महासचिव श्याम सुंदर भैया ने मधुपुर में बिजली कोर्ट और साइबर कोर्ट स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्तमान में नियुक्ति पर रोक लगाए जाने के कारण न तो नए मजिस्ट्रेट नियुक्त हो पा रहे हैं, न ही पदोन्नति संभव हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस वजह से तत्काल कोई फैसला लेना कठिन है, लेकिन जैसे ही नियुक्ति पर रोक हटेगी, मधुपुर में एक एडीजे (अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश) की नियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी, साथ ही साइबर कोर्ट और बिजली कोर्ट भी स्थापित किए जायेंगे। मुख्य न्यायाधीश के इस आश्वासन से अधिवक्ताओं और स्थानीय लोगों में प्रसन्नता देखी गयी।

## सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हथियारा की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवीपुर प्रखंड के जितजोरी पंचायत अंतर्गत मेझलाडीह मैदान में शुक्रवार को आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी-जितजोरी पंचायत स्तरीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सह मैच का भव्य आयोजन देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों और ग्रामीण दर्शकों में खेल के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। मुख्य अतिथि एवं संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य उर्फ भईया जी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजक सचिन कुमार दास और सागर कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत माला और बुके






देकर किया। अपने संबोधन में आदर्श लक्ष्य ने कहा कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का मजबूत आधार बन रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले के 196 पंचायतों में सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनसे चयनित खिलाड़ी प्रखंड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। अप्रैल में चयनित खिलाड़ियों को भूटान में इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों बलथर, शंकरपुर, रामपुर, हथियारा, मेझलाडीह, गिद्धदिया, युवा 11 और हथियारा-2 ने हिस्सा लिया। पहला चरण परिणाम में बलथर ने शंकरपुर को हराया, रामपुर ने हथियारा को हराया, मेझलाडीह ने गिद्धदिया को हराया और हथियारा ने युवा 11 को हराया। सेमीफाइनल में मेझलाडीह ने बलथर को हराया, हथियारा ने रामपुर को हराया। रोमांचक फाइनल मुकाबला मेझलाडीह और हथियारा टीम के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए हथियारा टीम ने मेझलाडीह को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गये, जबकि उपविजेता मेझलाडीह टीम को भी मेडल और सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आदर्श लक्ष्य ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों, ग्रामीणों और आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।

## गोंदलीटांड में स्कूल से राशन-पंखा चोरी ब्लड कलेक्शन सेंटर में भी की सेंधमारी

आजाद सिपाही संवाददाता





**मधुपुर।** गोंदलीटांड इलाके में बीती रात अपराधियों ने दो स्थानों पर सेंधमारी कर दहशत का माहौल बना दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोंदलीटांड में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर स्टोर रूम की दीवार काटकर मध्यान भोजन का राशन, तेल, मसाले और पंखा समेत कई सामान चुरा लिया। वहीं अन्य कमरों के ताले भी तोड़ दिए गये, जिससे स्कूल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अख़्तर आजाद ने गहरी चिंता जताते हुए कहा यह पहली घटना नहीं है कई बार चोरी हो चुकी है। प्रशासन को अब सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मंडल ने कहा स्कूल वह जगह है जहां बच्चों को इमानदारी और नैतिकता सिखायी जाती है। लगातार हो रही चोरी से बच्चों और शिक्षकों दोनों का मनोबल टूट रहा है। इसी रात गोंदलीटांड स्थित एक ब्लड कलेक्शन सेंटर में भी चोरों ने सेंधमारी की। नया फ्रिज उनका मुख्य निशाना था, लेकिन उसे ले जाने में अपराधी नाकाम रहे। वारदात से क्षेत्र में भय का माहौल है। सेंटर संचालक महबूब ने कहा इलाके में पहले भी चोरी हुई है। पुलिस रात्रि गश्ती बढ़ाये, तभी अपराधियों के हौसले कम होंगे। स्थानीय लोग लगातार हो रही घटनाओं को शिक्षा-स्थल की गरिमा, बच्चों की सुरक्षा और समाज के विश्वास पर हमला बता रहे हैं। अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर है कि कब कार्रवाई कर अपराधियों पर शिकंजा कसा जायेगा।

## देवघर में 24वीं सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल आज



**देवघर (आजाद सिपाही)।** 24वीं पुरुष वर्ग के लिए जेसी बोस मेमोरियल ट्रॉफी और महिला वर्ग के लिए मोहबीर उरांव मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 19 दिसंबर तक टाटा, जमशेदपुर में किया जायेगा। इस महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए देवघर जिला टीम के खिलाड़ियों के चयन को लेकर ट्रायल 13 दिसंबर 2025 को स्थानीय इनडोर स्टेडियम में संपन्न होगा। ट्रायल की देखरेख राष्ट्रीय खिलाड़ी आयुष नेवर तथा देवघर जिला वॉलीबॉल टीम के कोच एवं स्टेट रेफरी नितेश पंडित करेंगे। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आने वाले प्रतिभाशाली पुरुष और महिला खिलाड़ी अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगे। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की सर्विस, रिसीव, स्मैश, ब्लॉक, फिटनेस और टीम वर्क कौशल का परीक्षण किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को देवघर जिला का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा, जो उनके खेल करियर के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। कोच नितेश पंडित ने कहा कि देवघर में वॉलीबॉल की प्रतिभा हमेशा से मजबूत रही है और इस बार भी जिले से सर्वोत्तम खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा। वहीं राष्ट्रीय खिलाड़ी आयुष नेवर ने खिलाड़ियों से अनुशासन और समर्पण के साथ प्रदर्शन की अपील की।

## अजय प्रसाद गुप्ता बने भाजपा के हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के लिए मेदिनीनगर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में हुसैनाबाद नगर मंडल के नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पर्यवेक्षक कोडरमा विधायक नीरा यादव और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह चुनाव प्रभारी सुरेश साव की उपस्थिति में संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया के दौरान सभी सदस्यों की सहमति से अजय प्रसाद गुप्ता को हुसैनाबाद नगर मंडल का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन पूर्ण होने के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने तथा मंडल के आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, बिनय कुमार सिंह उर्फ बिनु बाबू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विपिन बिहारी सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, रौनक सिंह, सोमेश सिंह, नरेंद्र पांडे, लवली गुप्ता, दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, प्रभात भुईया, विभाकर नारायण पांडे सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भाजपा जिला चुनाव प्रभारी ने 16 मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बीस फूटा स्थित जिला कार्यालय में भाजपा पलामू जिला संगठनात्मक चुनाव के प्रथम चरण में 16 मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधियों का सर्वसहमति से चुनाव संपन्न होने के उपरांत जिला चुनाव प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव द्वारा घोषणा कर दी गयी। जिला चुनाव प्रभारी सुरेश साहू, सह चुनाव प्रभारी लवली गुप्ता एवं नरेंद्र पांडे, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित सभी वरिष्ठ नेता एवं सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे। इसमें 16 मंडल अध्यक्ष के नामो की सूची पांकी से विश्वजीत सिंह, सगलीम राकेश कुमार राम, लेस्लीगंज प्रकाश मेहता, कुंदरी काशीनाथ विश्वकर्मा, लोहरसी रोशन सिंह,मनातू अरविंद यादव, तरहसी परमेश्वर साव, सतबरवा संदीप कुमार, मेदिनीनगर ग्रामीण उत्तरी सुनील तिवारी, मेदिनीनगर दक्षिणी शहर सरवन गुप्ता, मेदिनीनगर सदर पोलपोल आनंद सिंह, बिश्रामपुर नगर ज्वाला गुप्ता, उंटारी रोड रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, नावा बाजार महादेव यादव,पड़वा वशिष्ठ कुमार, हुसैनाबाद नगर अजय गुप्ता के नाम की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता, विपिन बिहारी सिंह, अविनाश वर्मा,किशलय तिवारी,निभाकर नारायण पाण्डेय,प्रभात भुईयां सहित काफी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिविर लगाकर बनाया गया आयुष्मान कार्ड



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अहमद लेन स्थित आजाद बस्ती में शुक्रवार को वार्ड नंबर 9, 10 और चार के नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस कार्य के लिए स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और सहिया टीम की ओर से संयुक्त रूप से विशेष शिविर आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व डीलर असगर आलम, अरबाज आलम और सहिया सय्यदा खातून ने किया। शिविर में सहिया बहनों, स्वास्थ्य कर्मियों, महिला आरोग्य समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सभी योग्य परिवारो का पंजीकरण किया गया। इस मौके पर सहिया सय्यदा खातून ने लोगों को योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान कार्ड से प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिलता है। स्थानीय निवासियों ने अपने दस्तावेज अपडेट कर कार्ड निर्माण कराया। टीम ने बताया कि जिनका कार्ड नहीं बन सका है, वे अगले शिविर या नजदीकी सहिया/सीएससी केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। कैंप का उद्देश्य क्षेत्र में 100 फीसदी आयुष्मान कार्ड कवरेज सुनिश्चित करना था।

## पूर्व सांसद के भाई के निधन पर जताया शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव के भाई अनिल उरांव के निधन पर गहरा शोक जताया है। कहा कि उनका आकस्मिक निधन अपूरणीय क्षति है। ईश्वर पीड़ित परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे। वहीं, शोक जताने वालों में हेमावती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजूर, हिमेश कुमार, बैजनाथ उरांव और कलावती आदि शामिल रहे।

## आज छठ मोहल्ला से शुरू होगा स्वच्छता अभियान



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में स्वच्छ घागरा निर्माण को लेकर सीओ की अध्यक्षता में एक जरूरी बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि स्वच्छता अभियान की शुरूआत शनिवार को छठ मोहल्ला से सुबह 11 बजे से होगी। इस दौरान मोहल्ले के लोगों के साथ बैठक कर स्वच्छता एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई जाएगी। सीओ ने कहा कि घाघरा को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रशासन और समाज दोनों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। बैठक में मुखिया योगेंद्र भगत, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, आशीष सोनी, मनोज साहू आदि उपस्थित थे।

## हत्या के फरार आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कोर्ट के निर्देश पर खड़िया पाड़ा निवासी बादल टोप्पो के विरुद्ध गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वह हत्या का आरोपी है और फिलहाल फरार चल रहा है।इस कार्रवाई को असिस्टेंट राजू बहादुर ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा कि कोर्ट की ओर से कई बार समन भेजने के बावजूद बादल टोप्पो न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। यहां तक कि उसके घर पर इश्तेहार भी चिपकाया गया, फिर भी उसने कोर्ट में हाजिर होने की कोई पहल नहीं की। 15 सितंबर 2020 को बादल टोप्पो पर अपनी ही पत्नी की हत्या करने का आरोप लगा था। घटना के दिन वह शराब के नशे में था और मामूली विवाद के दौरान उसने पत्नी की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद आरोपित के पुत्र आकाश टोप्पो ने अपने पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## हत्या के दो आरोपित दोषी करार, सुनवाई 15 को



**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन प्रेम शंकर की अदालत ने शुक्रवार को डायन बिसाही के शक में घाघरा थाना क्षेत्र के डुको निवासी सावित्री देवी की हत्या के दो आरोपितों लोहरा गोप और मतीराम गोप को दोषी पाया। उसके सजा की सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से लोक अभियोजक अजय रजक ने पैरवी किया। घटना 20 मई 2025 की है। इस मामले में मृतका के पति सीताराम महतो ने अज्ञात पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराया था। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि डायन बिसाही के शक में लोहरा एवं मतीराम ने हत्या की घटना को अंजाम दिया था। घटना के दिन सीताराम अपने पशु को चराने के लिए जंगल की ओर गया था। उस समय सावित्री देवी घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर मतिराम और लोहरा गोप घर में घुस कर धारदार हथियार से वार कर सावित्री देवी की हत्या कर दी थी।

# गुमला में कल से शुरू होगी धान की खरीदारी

## सभी प्रखंडों में 29 लैंपसों का चयन, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में धान की खरीददारी 15 दिसंबर से होगी। डीसी के निर्देशन में इसके लिए विभाग की ओर से 29 लैम्पसों का चयन किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। पिछले वर्ष का न्यूनतम समर्थत मूल्य प्रति क्विंटल 2350 रुपए था। धान के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 100 रुपए की बढ़ोतरी होने से इसका सीधा लाभ जिले के किसानों को मिलेगा। कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस वर्ष जिले में धान की पैदावार अच्छी हुई है। ऐसे में किसानों को बढ़े हुए मूल्य पर धान की बिक्री करने और समय पर राशि का भुगतान करने से अधिक लाभ की संभावना है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने बताया कि 15 दिसंबर से जिले में शुरू होने वाले धान क्रय के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। धान क्रय को लेकर जिले में 29 धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाया गया है। इसमें बसिया प्रखंड के खटखुरा, कामडारा के रेड़वा, सुरहु, भरनो के मारासिली, डुबो, सुपा, भरनो लैंपस, डुमरी लैम्पस, जैरागी, मझगांव, पालकोट प्रखंड के उत्तरी पालकोट लैम्पस, बंगरू लैम्पस, पालकोट लैम्पस, गुमला प्रखंड के टोटो लैम्पस, कोटाम लैम्पस, करौन्दी लैम्पस घाघरा प्रखंड के आदर लैम्पस, चुन्दरी लैम्पस, बेलागाड़ा लैम्पस, चपका लैम्पस चैनपुर प्रखंड के छिंछवानी लैम्पस, बरवेनगर लैम्पस, कुरूमगढ़ लैम्पस, रायडीह प्रखंड के कुड़ोछतरपुर लैम्पस, अलबर्ट एक्का जारी प्रखंड के जरडा लैम्पस, विशुनपुर प्रखंड के बनारी लैम्पस, जोरी लैम्पस, सिसई प्रखंड के लरंगो लैम्पस, बोन्डो लैम्पस शामिल हैं।

# गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने नेक्स्टजेन रिक्रूटमेंट वेंचर्स के साथ किया एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** छात्र-छात्राओं को बड़े पैमाने पर एमएनसी और प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने नेक्स्टजेन रिक्रूटमेंट वेंचर्स के साथ शुक्रवार को एमओयू (समझौते पर करार) किया है। इस दौरान कॉलेज के निदेशक अभिजीत कुमार, प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू, प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल, टीपीओ (1/सी) अमित रंजन एवं नेक्स्टजेन वेंचर्स के प्रतिनिधि सुधासत्व विस्वास उपस्थित रहे। निदेशक अभिजीत कुमार ने कहा कि यह एमओयू छात्रों के लिए बेहतर प्लेसमेंट सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे रोजगार के विविध अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि कॉलेज के छात्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। वहीं, नेक्स्टजेन वेंचर्स के प्रतिनिधि बिस्वास ने कहा कि उनका उद्देश्य युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में बेहतर करियर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस समझौते को छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम उपलब्धि बताया।

## आदिम जनजाति परिवारों को राशन मिलने में ना हो परेशानी : राजनील



**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हापुड़ गांव में आदिम जनजाति परिवारों को राशन मिलने में हो रही परेशानी को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राशन डीलर के माध्यम से वितरण होने के कारण कई गांवों के आदिम जनजाति परिवारों तक राशन नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने मांग की कि इन परिवारों को सीधे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की बाधा न आए। इस पर आपूर्ति पदाधिकारी ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान विशुनपुर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, पंसस हीरामणी देवी, प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, संजीव उरांव, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, अमृत बिरिजिया और लालदेव बिरिजिया आदि मौजूद थे।

## गुमला के मशहूर शायर सनम सुलेमान हुए सपुर्द-ए-खाक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मशहूर समाजसेवी एवं गुमला में उर्दू के पहले शायर मोहम्मद सुलेमान सनम का गुरुवार को 95 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्हें शुक्रवार को गुमला कब्रिस्तान में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना एनाम रब्बानी ने जनाजे की नमाज पढ़ाई। मरहूम सुलेमान सनम उर्दू अदब से गहरा लगाव रखते थे। उन्होंने कई नज्म, गजल, मनकबत, कव्वाली और नाते-रसूल लिखीं। वे नमाज-रोजा के पाबंद, सुलझे और नरम मिजाज इंसान माने जाते थे। उनके निधन से मोहल्ले और शहर में गम का माहौल है। समाजसेवी खालिद शाह, शहजाद अनवर, सलाउद्दीन अंसारी, समीम खान, आशिक अंसारी सहित अंजुमन इस्लामिया, जामा मस्जिद कमेटी, मोती मस्जिद कमेटी एवं कई संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया। जनाजे में लोहरदगा, रांची, टांगरटोली, छत्तीसगढ़ और पलामू से भी रिश्तेदार पहुंचे थे।

## चैनपुर बीडीओ ने मनरेगा कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# बागवानी के बीच की खाली जमीन पर खेती करने के लिए अधिकारी किसानों को प्रेरित करें : यादव बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत संचालित आम बागवानी और कूप निर्माण कार्यों का शुक्रवार को बीडीओ यादव बैठा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने मालम पंचायत अंतर्गत वर्ष 2024-25 में संचालित कूप, तालाब, टीसीबी, आम बागवानी, अबुआ आवास सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तिलवारी पाठ, रातुजामटोली, मालम, डहुडढ़गांव और जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर योजना स्थलों का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि कई योजना स्थलों पर योजना बोर्ड टूटा हुआ था, जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित रोजगार सेवक मंझार सिद्दीकी को कड़ी फटकार लगाई और बोर्ड को तुरंत ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद मुखिया गुंजनमर्था केरकेट्टा, इंजीनियर संदीप तिवारी, रोजगार सेवक और लाभुकों से बातचीत कर उन्होंने कूप निर्माण के लाभुकों को हिदायत दी कि कुआं बनने के बाद उसके ऊपर बंधा अवश्य बनाया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। आम बागवानी के संबंध में कहा कि झाड़ी, घेराबंदी और साफ-सफाई का कार्य तत्परता से किया जाए। उन्होंने किसानों को बागवानी के बीच की खाली जमीन पर खेती करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी लाभुकों और उपस्थित कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि सभी कार्य गुणवत्ता पूर्वक किए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर मुखिया गुंजनमर्था केरकेट्टा, इंजीनियर संदीप तिवारी, रोजगार सेवक मंझार सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

# डीडीसी ने किया विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेहल पंचायत के गुरियाडीह गांव में डीडीसी दिलेश्वर महतो ने विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभुकों से मुलाकात की और उनके आवास निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। डीडीसी ने तीसरी किश्त का लाभ प्राप्त कर चुके लाभुकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य को हर हाल में पूरा करें। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आम बागवानी, कूप निर्माण एवं अन्य चल रही विकास योजनाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागीय कर्मियों को योजनाओं में महिला मजदूरों की भागीदारी बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण महिलाओं को अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके। डीडीसी ने लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा कराने पर भी जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं की पारदर्शिता और गति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कर्मियों को सतर्क रहते हुए गुणवत्ता से समझौता न करने की हिदायत दी और विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## किसानों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान

**घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हालमाटी गांव में स्वयंसेवी संस्था प्रदान की ओर से क्लस्टर स्तरीय जैविक कृषि मेला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना प्रवीण, बीडीओ दिनेश कुमार और बेलागाडा की मुखिया रानी उरांव उपस्थित रहीं। इस दौरान बागवानी किसानों और एफपीओ के शेयरधारकों के साथ विशेष संवाद स्थापित किया गया। अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती एवं इससे जुड़ी आजीविका गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एफपीओ की ओर से संचालित बाजार व्यवस्था की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाते हुए बताया गया कि जैविक पद्यति से खेती कर किसान बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में किसानों को मशरूम उत्पादन, हल्दी एवं ओल की खेती, सरसों उत्पादन और पशुपालन जैसी गतिविधियों से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संस्था की ओर से अब तक प्रखंड के करीब चार गांवों में मेलों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इस अवसर पर प्रदान संस्था के रोशन, राजू, शिवनारायण, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।**

## लड़कियों से दुर्व्यवहार एसीएस ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला के सीसी कतरी जंगल से जलावन लकड़ी ला रही लड़कियों से दुर्व्यवहार किए जाने के मामले में आदिवासी छात्र संघ का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी से मिला। वन रक्षी राकेश मिश्रा एवं उसके एक सहयोगी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।आदिवासी छात्र संघ के नेता महावीर मिंज ने कहा कि जल जंगल जमीन हम आदिवासियों का है जब विभाग नहीं था तब से हमारा जंगल है और जंगल लगाने व बचाने का काम आदिवासी करते आ रहे हैं। आजाद भारत के बाद विभाग बना और जंगल बचाने के नाम पर आदिवासी बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।आदिवासी राज्य में आदिवासियों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

## दुष्कर्म के आरोपित ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**भरनो/गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला कोर्ट में दो सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के फरार आरोपित भरनो थाना क्षेत्र के डांडकेसा निवासी सुधीर उरांव (20) ने शुक्रवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। बताते चलें कि इस मामले में पूर्व में अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गौरतलब हो कि 14 नवंबर की रात दो नाबालिग सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। दोनों बहनें सिसई थाना क्षेत्र के एक गांव में लगने वाला जतरा देखने गयी थी। शाम होने पर वे अपने रिश्तेदार के घर पैदल लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से स्कूटी पर पहुंचे एक युवक ने उन्हें गांव छोड़ने की बात कहकर अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। अंधेरा होने पर आरोपित उन्हें आताकोरा गांव स्थित पतरा के पास सुनसान जगह पर ले गये, जहां स्कूटी रोककर अपने दोस्तों को बुलाया। इसके बाद युवकों ने दोनों नाबालिग बहनों के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। दुष्कर्म के बाद दोनों बहनें किसी तरह अपने रिश्तेदार के घर पहुंचीं और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। अगले दिन पीड़िता की मां ने भरनो थाना पहुंचकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। मामला सामने आते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर 16 नवंबर को आताकोरा गांव निवासी विश्वास उरांव (19), डाडकेशा सरना टोली निवासी बीरबल उरांव (21) और डाडकेशा अम्बा टोली निवासी प्रकाश उरांव (19) को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## धान के गांज और पुआल में लगी आग, जलकर खाक

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोंसा सेमरटोली गांव में शुक्रवार की दोपहर 2.30 बजे लालमोहन सिंह के खलिहान में रखी धान के गांज में आग लगने से करीब चार एकड़ भूमि से काटकर रखी गई धान जलकर रोख हो गयी। है। बताया जा रहा कि लालमोहन सिंह के खलिहान के बगल में किसान दिलीप सिंह का पुआल भी पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। इस आगलगी की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और भुक्तभोगी किसान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया।लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही खलिहान में रखा धान और पुआल जलकर राख हो गये। भुक्तभोगी किसानों ने तुरंत इसकी जानकारी कोंसा के मुखिया प्रेमचंद केरकेट्टा को दी और प्रखंड प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## योग साधकों ने किया विभिन्न आसनों का अभ्यास

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पोटरो गांव में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे शिविर में सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को ग्रामीणों ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योग गुरु गजराज महतो ने योग साधकों को विभिन्न आसनों के साथ मर्कटासन, गोमुखासन एवं बज्रासन का अभ्यास कराया। योग गुरु ने बताया कि इनके नियमित अभ्यास से कमर दर्द की समस्या दूर होती है। साथ ही सीना बलिष्ठ एवं हृदय-फेफड़ा मजबूत होते हैं। पुनः कटि संभाग (कंधा), गर्दन, सोल्डर की फिटनेस के लिए कटि चक्रासन का अभ्यास कराया गया।


झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
(आपदा प्रबंधन प्रभाग)
टी.ए. डिवीजन बिल्डिंग, गोलचक्कर के नजदीक, धुर्वा, राँची, झारखण्ड, पिन–834004,
फोन नं.–0651–2400218, ई–मेल– disasteroffice-jhr@jharkhandmail.gov.in

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2025
पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
Mitigation Project for Lightning Safety (MPLS) के झारखण्ड राज्य में क्रियान्वयन हेतु Technical Agency के चयन हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Mitigation Project for Lightning Safety (MPLS) के झारखण्ड राज्य में क्रियान्वयन हेतु Technical Agency के चयन के संबंध में |
| 2 | ई–निविदा का बेवसाईट पर प्रकाशन की तिथि | 12.12.2025 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.01.2026, अपराह्न 02:00 बजे तक |
| 4 | ई–निविदा आंमत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | आपदा प्रबंधन प्रभाग, टी.ए. डिवीजन बिल्डिंग, गोलचक्कर के नजदीक, धुर्वा, राँची, झारखण्ड, पिन–834004, कार्यालय दूरभाष संख्या–0651–2400218 ई–मेल disasteroffice-jhr@jharkhandmail.gov.in |

संयुक्त सचिव
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,
(आपदा प्रबंधन प्रभाग),
झारखण्ड, राँची।

PR 368420 (Disaster Management) 25-26 (D)



अनुसूची–I
झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

विज्ञप्ति संख्या–2690 दिनांक–09.12.2025

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची के लिए बाह्य स्रोत से वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना।

वित्त विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या–2316/वि. दिनांक–04.10.24 के आलोक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची के लिए बाह्य स्रोत से वाहनों की आपूर्त्ति किये जाने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं का चयन कर वाहन का दर निर्धारण किया जाना है। अतः ऐसे इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता, जो विभाग द्वारा निर्धारित शर्त्तो के अन्तर्गत वाहन उपलब्ध कराने में सहमत है, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक–**29.12.2025 को अपराह्न 05:00** बजे तक स्वीकार होगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा की भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक–**05.01.2026 को अपराह्न 03:30** बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। आपूर्तिकर्ता को Commercial Registered वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शर्त्तें तथा अन्य विवरण कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के आधिकारिक वेबसाईट (https://www.jharkhand.gov.in/agriculture) से डाउनलोड किये जा सकते है।

ह0/–
(मनोज कुमार झा)
उप सचिव,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची।

PR 368366 (Agriculture) 25-26 (D)

## पदुगोड़ा पंचायत में महिलाओं का कॉस्टम ज्वेलरी प्रशिक्षण शुरू



महुदा (आजाद सिपाही)। पदुगोड़ा पंचायत सचिवालय में बैंक ऑफ इंडिया (आरसीटी), धनबाद के सहयोग से पंचायत क्षेत्र की महिलाओं व किशोरियों के लिए 14 दिनों का कॉस्टम ज्वेलरी (चूड़ी निर्माण) प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण 10 दिसंबर से प्रारंभ होकर 23 दिसंबर तक चलेगा। कुल 28 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। ट्रेनर सावित्री देवी ने बताया कि इच्छुक महिलाएँ अब भी अपना नामांकन करा सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागी बैंक से लोन लेकर अपना स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर सकती हैं। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जा रही है। प्रशिक्षण देने वाली टीम में तीन सदस्य सावित्री देवी (ट्रेनर), अंजू महतो किशोर कुमार महतो शामिल हैं। पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस तरह के प्रशिक्षण लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पंचायत की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हों, अपना व्यवसाय शुरू करें और समाज में अपनी पहचान बनाएं—इसी दिशा में ये कदम उठाए जा रहे हैं। मुखिया ने आगे कहा कि भविष्य में भी पंचायत क्षेत्र में और तरह-तरह के रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग रोजगार से जुड़ सकें और आत्मनिर्भर बनें।

## जनता दरबार में डीडीसी ने मामलों पर की सुनवाई



बोकारो (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 21 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय , जिला समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो इस्पात संयंत्र में सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने तथा सुरक्षा सर्वप्रथम की मूल भावना को कार्यस्थल की संस्कृति में प्रभावी रूप से स्थापित करने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में दिनांक 12 दिसंबर 2025 को गैस सुरक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 89 अधिकारी, कर्मचारी तथा संविदा कर्मियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग के सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक विनीत तिर्की उपस्थित थे। सत्र की शुरुआत में सुरक्षा विभाग के सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला एवं सुरक्षा शपथ दिलायी। तत्पश्चात ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री विनीत तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्टील प्लांट में गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया एवं सभी प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

## बिजली विभाग का छापामारी अभियान, 9.84 लाख का जुर्माना और 33 लोगों पर केस

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले के अंतर्गत आने वाले सभी डिवीजन में छापामारी की गयी। जिसमें कुल 9.84 लाख रूपया फाइन किया गया। करीबन पूरे जिले में 359 जगह छापेमारी की गयी और विभिन्न थाने में करीब 33 व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया। धनबाद डिविजन में 75 जगह छापेमारी की गयी। जिसमें 10 व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया। उस से 3.21 लाख रूपया का फाइन किया गया। गोविंदपुर डिवीजन में 51 जगह छापेमारी किया गया, जिसमें 9 व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया 0.92 लाख फाइन किया। निरसा डिवीजन में 119 जगह छापेमारी की गयी जिसमें 6 व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया, 4.46 लाख रुपए का फाइन किया गया और झरिया डिवीजन में 114 जगह पर छापामारा गया। जिसमें 8 व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया और 1.25 लाख रूपया का फाइन किया गया।

## शिविर में 23 यूनिट रक्त का संग्रह

डुमरी (आजाद सिपाही)। डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 23 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत प्रमुख उषा देवी, सीओ शशिभूषण वर्मा, रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजेश महतो, पुलिस इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व प्रमुख यशोदा देवी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लड बैंक गिरिडीह से आये चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों ने रक्त दान करने आये दाताओं का सभी आवश्यक जांच पड़ताल कर रक्त लिया। डुमरी रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि रक्त दान महादान है। क्योंकि किसी के रक्त दान से हम किसी जरूरतमंद को जीवनदान दे सकते हैं। इसलिए सभी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान ब्लड बैंक गिरिडीह के डॉ साहिल अख्तर, एलटी रंजीत कुमार, शंभू महतो, आशिष कुमार, आनंद कुमार, सोनी कुमारी, प्रदीप कुमार सहित बीएसएम राम प्रवेश, बीटीटी मानिकचंद महतो, राजु कुमार महतो, सुरेश महतो, विवेक कुमार सेठ, अजीत कुमार, दिनेश कुमार, लेखराज प्रसाद, अमलेश कुमार महतो, आबीद अंसारी, रवि सिन्हा, ममता सिंह आदि उपस्थित थे।

## महुदा इंटर महाविद्यालय में भ्रष्टाचार विवाद

# बातचीत के बाद आमरण अनशन खत्म, धरना जारी

**आज होगी निर्णायक बैठक, जनप्रतिनिधियों व गवर्निंग बॉडी की बैठक में होगा फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता



महुदा। महुदा इंटर महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और कर्मियों की बर्खास्तगी के विरोध में चल रहा आमरण अनशन बीते गुरुवार को तीसरे दिन बाघमारा सीओ, धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष तथा क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई वार्ता के बाद समाप्त कर दिया गया। अनशनकारियों ने 9 सूत्री मांगों, विशेषकर बर्खास्त कर्मियों की बहाली, वरीयता के आधार पर प्राचार्य चयन, प्रबंधन निकाय को भंग कर पुनर्गठन की अनुशंसा, ईपीएफ कटौती जमा नहीं होने, वित्तीय अनियमितताओं की जांच और महाविद्यालय के संपूर्ण अंकेक्षण की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया था। प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता के बाद यह आश्वासन दिया गया कि सभी आरोपों और मांगों पर गंभीरता से जांच की की जाएगी। हालांकि आमरण अनशन समाप्त हो चुका है, लेकिन धरना अब भी जारी है। आज क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें सभी विवादित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर समाधान की दिशा में ठोस और सकारात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। स्थानीय लोगों और महाविद्यालय कर्मियों की निगाहें अब इस बैठक पर टिकी हैं, जिससे उम्मीद है कि लंबे समय से चले आ रहे विवादों का समाधान सामने आयेगा और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की जायेगी।

## झरिया में मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों में उबाल, बीसीसीएल प्रबंधन को दी अंतिम चेतावनी



आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। धनसार पोथी सेंटर, मुंडा बस्ती, कलाली रोड, हरीपुर सेंटर, नई दिल्ली, ब्राइट कुसुंडा और इंदिरा बस्ती के लोग पानी-बिजली और रोजगार की समस्याओं को लेकर विश्वकर्मा प्रोजेक्ट प्रबंधन के खिलाफ मुखर हो गए हैं। लगातार समस्याओं के समाधान न मिलने से आमलोगों में गहरा आक्रोश है। शुक्रवार को युवा बेरोजगार मंच के पहल पर ग्रामीणों और बस्ताकोला प्रबंधन के बीच बैठक हुई, जिसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, पेयजल और बिजली की नियमित आपूर्ति जैसी चार सूत्रीय मांगें रखी गयी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि बैठक में प्रबंधन की ओर से केवल मौखिक आश्वासन दिया गया और किसी स्पष्ट कार्रवाई की बात नहीं कही गयी। युवा बेरोजगार मंच के सचिव अभिषेक सिंह उर्फ ढोलक सिंह ने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन बार-बार वादाखिलाफी कर रहा है। अगर प्रबंधन ने इस बार भी आश्वासन पूरा नहीं किया, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल आश्वासन के आधार पर 13 दिसंबर से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन धरना स्थगित किया गया है, लेकिन वादाखिलाफी हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विश्वकर्मा प्रोजेक्ट प्रबंधन आपस में लोगों को बांटने की कोशिश कर रहा है, जबकि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। लगातार बढ़ते असंतोष को देखते हुए क्षेत्र में बड़ा जनआंदोलन खड़ा होने की आशंका जतायी जा रही है, यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया।

## आइआइटी के चार छात्रों को 80 लाख का पैकेज

**11 दिनों में 350 से अधिक का कैंपस प्लेसमेंट**

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आइआइटी धनबाद के वर्ष 2026 बैच के छात्र-छात्राओं की बल्ले-बल्ले है। देशी-विदेशी कंपनियां मेधावी छात्र-छात्राओं को भारी भरकम पैकेज पर लपक रही हैं। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के चार छात्रों को 80-80 लाख रुपए का पे पैकेज मिला है। इन छात्रों का नाम गोपनीय रखा गया है। कई छात्रों को 50 लाख रुपये से अधिक का पे पैकेज मिला है। भारी भरकम पे पैकेज मिलने पर छात्र-छात्राओं में जश्न का माहौल है। आनेवाले दिनों में यह पैकेज और बढ़ने की संभावना है। बताते चलें कि एक दिसंबर से देश के सभी 23 आइआइटी में विधिवत रूप से कैंपस प्लेसमेंट शुरू हुआ है। पिछले 11 दिनों में आईआईटी के 350 से अधिक छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जॉब ऑफर की गयी है। वहीं 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को पहले ही पीपीओ (प्री प्लेसमेंट ऑफर) मिला था। ऐसे में प्लेसमेंट पाने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 550 से अधिक से पहुंच गयी है। जल्द ही यह संख्या 600 को पहुंच जायेगी। आइआइटी का करियर डेवलपमेंट सेंटर (सीडीसी) इससे काफी उत्साहित है। कई नामी-गिरामी कंपनियों का कैंपस प्लेसमेंट अभी होना है। वर्ष 2025 में आईआईटी के छात्र सौरव शक्ति को सर्वाधिक 1.22 करोड़ सलाना पे पैकेज मिला था। संस्थान को उम्मीद है कि इस बार भी छात्र-छात्राओं को बेहतर पे पैकेज मिलेगा। 1 दिसंबर, सोमवार को भी संस्थान के करियर डेवलपमेंट सेंटर में विभिन्न कंपनियों की ओर से आयोजित साक्षात्कार में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## बीसीसीएल के स्टेट एरिया मैनेजर के घर से नगद समेत 15 लाख के जेवर की चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा। बरोरा थाना अंतर्गत हरिणा कॉलोनी में बंद पड़े बीसीसीएल अधिकारी के आवास का ताला तोड़कर गुरुवार रात्रि चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात ले भागे, जिसका एकमात्र कारण बीसीसीएल की लापरवाही बतायी जाती है क्योंकि वरीय अधिकारीयो के आवास पर न ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है और न ही नाईट गार्ड की व्यवस्था है पूरी जिम्मेवारी एकमात्र स्थानीय थाना पर है । घटना की जानकारी मिलते ही शुक्रवार सुबह बीसीसीएल एरिया-1 और ब्लॉक-2 के दर्जनों अधिकारी सहित भुक्तभोगी स्टेट लीगल एरिया मैनेजर आलोक कुमार ने स्थानीय थाना पहुँचकर पुलिस को लिखित शिकायत देकर नगदी समेत 15 लाख के जेवरात चोरी होने की बात बताई। तथा थाना प्रभारी से चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने और कोलियरी के आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का भी मांग किया। वहीं थाना प्रभारी साधन कुमार ने कहा कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही अपराधी पकड़े जायेंगे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में झड़प, आधा दर्जन लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। धनसार थाना क्षेत्र के गांधीनगर हल्दी पट्टी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस झड़प में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें महिला और पुरुष के सिर में गंभीर चोट आयी है। जानकारी के अनुसार, महतो पक्ष और यादव पक्ष के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जलेश्वर महतो ने आरोप लगाया कि यादव पक्ष उनकी खटियाणी भूमि की बाउंड्री तोड़ रहा है, जबकि भगवान यादव ने कहा कि उनकी जमीन के डीड और रसीदें हैं और वे अपना जमीन सीमांकन कर रहे हैं। मारपीट की सूचना पर धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए ओएनजीसी ने यातायात पुलिस को 31 बैरिकेड दिये

आजाद सिपाही संवाददाता




बोकारो। जिला प्रशासन बोकारो की पहल पर ओएनजीसी (सीबीएम परिसम्पत्ति, बोकारो) द्वारा सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु बोकारो यातायात पुलिस को शुक्रवार को 31 बैरिकेड प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा थे। विशिष्ट अतिथियों में ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति प्रबंधक टीआर उन्नीकृष्णन नायर, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज तथा यातायात डीएसपी विद्याशंकर थे। अन्य अतिथियों में परिसंपत्ति आलम्बन प्रबंधक बिपिन कुमार, सब सर्फेस प्रबंधक आलोक दास, भूतल प्रबंधक बिपिन प्रसाद, मानव संसाधन प्रमुख दयानंद कालुंदिया, हेड ड्रिलिंग सर्विसेस अपूर्वा ज्योति बोरा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं समन्वयक सीएसआर) डॉली कुमारी, प्रभारी सुरक्षा विष्णु पाण्डेय, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन इंचार्ज अजय कुमार दास, रामबहाल सिंह राजभाषा पदाधिकारी शशि कुमार एवं अन्य वरिष्ठ शामिल थे। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने में ओएनजीसी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस अवसर पर, ओएनजीसी सीबी एम एसेट, बोकारो के एसेट मैनेजर टीआर उन्नीकृष्णन नायर ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि एक गंभीर मुद्दा है। इसे रोकना समाज में हर किसी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नायर ने यह भी बताया कि ओएनजीसी एक ऊर्जा उत्पादक होने के साथ-साथ, अपने परिचालन क्षेत्र के समुदायों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। ये बैरिकेड्स बोकारो में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उनका एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ताकि सड़क दुर्घटनाओं की दर को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन नरेश ठाकुर, सचिव, हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग द्वारा किया गया। मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष संजय गोप, निशिकांत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, तथा यातायात पुलिस के कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एना में प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक

धनसार (आजाद सिपाही)। एना कोलियरी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को एना कैंटीन में बैठक कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के मिडिया प्रभारी कौशल वर्मा ने कहा की प्रबंधन के लापरवाही के कारण क्षेत्र में बिजली पानी की घर समस्या उत्पन्न हो गयी है। बीसीसीएल प्रबंधन का रवैया ग्रामीण विरोधी हो गयी है जबकि यहां पर बीसीसीएल को मुनाफा देने वाले परियोजनाएं चल रही है। सीएसआर मद से क्षेत्र के विकास का सभी कार्य बंद पड़ा हुआ है। श्रमिक कॉलोनी की आवास, नाली, सड़क जर्जर अवस्था में है। पूर्व पूर्व में भी ग्रामीणों ने रोजगार, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रबंधन को पत्र लिखा था. परंतु ग्रामीण के बाद को प्रबंधन ने अनसुनी कर दिया है. बैठक में सर्वसम्मति से 17 दिसंबर को एना कोलियरी कार्यालय घेराव करने का घोषणा किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम ग्रामीण शामिल रहेंगे। मौके पर चिंटू शर्मा, कन्हैया साव, छोटू दत, दीपक चंद्रवंशी, मधेश्वरी सिंह चंद्रवंशी, इलियास शाह, कयूम अंसारी, हथुड़ी देवी, धर्मेंद्र साह इसराइल अंसारी रोशन यादव अजय कुमार आदि थे।

## बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल ने पूरा किया 50 वर्ष का सफर

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप मिल ने 12 दिसंबर 2025 को अपने स्थापना के 50 वर्षों के गौरवपूर्ण संचालन का सफर पूरा किया। इस विशेष अवसर पर हॉट स्ट्रिप मिल परिसर में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन तथा अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) पीके वर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) पीके वर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी। अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने केक काटकर एचएसएम समूह को इस विशेष अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने हॉट स्ट्रिप मिल के 50 वर्षीय गौरवशाली सफर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी निरंतर प्रगति, उत्कृष्ट उत्पादन क्षमता तथा उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धियों के लिए संपूर्ण एचएसएम टीम की सराहना की। श्री रंजन ने कहा कि पिछले पांच दशकों से हॉट स्ट्रिप मिल, बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन गतिविधियों का एक मजबूत और अत्यंत महत्वपूर्ण आधार स्तंभ रहा है। इस मिल ने न केवल उच्च गुणवत्ता वाले फ्लैट उत्पादों के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई है, बल्कि देश की औद्योगिक एवं अवसंरचनात्मक विकास आवश्यकताओं की पूर्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि समर्पित टीमवर्क, सतत नवाचार, तकनीकी दक्षता और कर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने सुरक्षा, गुणवत्ता, उत्पादकता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति निरंतर संकल्प को बनाए रखने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT (CO-OPERATIVE DIVISION)**
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI**

**Short e-Tender Notice**

Tender Notice No:- ICDP/RANCHI/09/2025-26 DATE:- 08.12.2025

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of Prefabricated Packaging & Sheeves Fitted Storage unit at Various Places of Jharkhand. |
| 02. | No. Of Unit | 150 |
| 03. | Estimated Value of work(IN Rs) | (3,50,000 X 150) = 5,25,00,000.00 |
| 04. | Earnest Money (IN Rs) | 5,25,000.00 |
| 05. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 06. | Time of Completion | 12 Months |
| 07. | Date Of Publication on Website | 17.12.2025 AT 11:00 AM |
| 08. | Last Date & Time of Submission of bids | 27.12.2025 Up to 05:00 PM |
| 09. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 10. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http://jharkhandtenders.gov.in from 17.12.2025 at 11:00 AM to 27.12.2025 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 27.12.2025. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharkhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 29.12.2025

03. Estimate Cost May Vary.

04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

PR 368427
Co-opretive(25-26)D

Sd/-
State monitoring Officer ICDP Cell, Ranchi

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में दी जानकारी

# रेलवे ने इस साल 3.02 करोड़ फेक आइआरसीटीसी अकाउंट बंद किये

- अश्विनी वैष्णव बोले-तत्काल टिकटों की कालाबाजारी रोकने ओटीपी लगाया, इससे 65% मामलों में आया सुधार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** रेलवे ने जनवरी 2025 से अब तक 3.02 करोड़ संदिग्ध आइआरसीटीसी अकाउंट बंद कर दिये हैं। इस बात की जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को लोकसभा में दी। यह कदम टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए उठाया गया है। धांधली करने वाले लोग बॉट्स और सॉफ्टवेयर से फेक आइडी बनाकर तत्काल टिकट बुक करते थे और ऊंचे दाम पर बेचते थे। इससे असली पैसेंजर्स को कन्फर्म टिकट नहीं मिलता था।

**कन्फर्म तत्काल टिकट के 65% मामलों में सुधार :** अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने फर्जी अकाउंट्स को रोकने के लिए एंटी-बॉट सॉल्यूशंस जैसे एके-एएमएआइ आधारित सिस्टम लागू किए हैं, जिनका मकसद ट्रैफिक फिल्टर करके असली यात्रियों को आसान टिकट बुकिंग अनुभव देना है। तत्काल टिकट बुकिंग में दुरुपयोग रोकने के लिए सरकार ने आधार-आधारित ओटीपी वेरीफिकेशन सिस्टम भी शुरू किया है। ऑनलाइन बुकिंग में यह प्रणाली सिस्टेमेटिक तरीके से लागू की गयी है और 4 दिसंबर 2025 तक यह 322 ट्रेनों में सक्रिय थी। सरकार का दावा है कि इस उपाय से इन ट्रेनों में लगभग 65% मामलों में कन्फर्म तत्काल टिकट की उपलब्धता में सुधार हुआ है।

**साइबर हमलों से बचाव के लिए लगातार निगरानी :** वैष्णव ने यह भी बताया कि रेलवे के रिजर्वेशन सिस्टम की नियमित सुरक्षा ऑडिट सीइआरटीन-आइएन इम्पैनल्ड ऑडिट एजेंसियां करती हैं। साथ ही, टिकटिंग सिस्टम से जुड़े इंटरनेट ट्रैफिक की निरंतर निगरानी सीइआरटीन-आइएन और एनसीआइआइपीसी के करती हैं, ताकि किसी भी साइबर हमले का समय रहते पता लगाया जा सके और उसे रोका जा सके।

### तत्काल टिकट काउंटरों पर भी ओटीपी सिस्टम लागू

रेलवे ने आरक्षण काउंटरों पर भी तत्काल टिकट लेने के लिए ओटीपी व्यवस्था शुरू की है, जो दिसंबर 2025 तक 211 ट्रेनों में लागू हो चुकी थी। मंत्री ने बताया कि संदिग्ध टिकट बुकिंग से जुड़े कई पीएनआरएस की पहचान कर उन्हें नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट किया गया है। रेलवे के टिकटिंग और साइबर सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए विभाग कई सुरक्षात्मक स्तरों का उपयोग करता है जिनमें नेटवर्क फायरवॉल, इंट्रूजन प्रिवेंशन सिस्टम, एप्लिकेशन डिलीवरी कंट्रोलर्स और वेब एप्लिकेशन सुरक्षा शामिल हैं।

# जनगणना 2027 के लिए केंद्र ने 11,718 करोड़ मंजूर किये

- एक व्यक्ति पर 97 रुपये खर्च आयेगा
- पहली बार डिजिटली होगी जनगणना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। सरकार ने जितनी राशि अभी रखी है, उसके मुताबिक एक व्यक्ति की गणना पर सरकार के करीब 97 रुपये खर्च होंगे। दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाये तो एक व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपये खर्च (11,718.24 करोड़ रुपये/121 करोड़ आबादी) आयेगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाये तो प्रति व्यक्ति 78 रुपये खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह CaaS सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितंबर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। इसके अलावा कैबिनेट ने CoalSETU विंडो को मंजूरी दी है। इसके तहत अलग-अलग इंडस्ट्रियल इस्तेमाल और एक्सपोर्ट के लिए कोल लिंकेज की नीलामी, सही पहुंच और रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल पक्का करना है।

# सोना 4,114 और चांदी 6,899 रुपये हुई महंगी

- 10 ग्राम सोना 1.33 लाख और 1 किलो चांदी 1.95 लाख के ऑल टाइम हाई पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत आज (12 दिसंबर) ऑल टाइम पर पहुंच गयीं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम सोने की कीमत 4,114 बढ़कर 1,32,710 हो गई है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। गुरुवार को इसकी कीमत 1,28,596 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोने की कीमत 1,30,874 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर थी।

**चांदी तीन दिन में 16,287 महंगी हुई :** वहीं, चांदी के दाम 6,899 बढ़कर 1,95,180 रुपए किलो हो गई है। ये लगातार तीसरे दिन अपने ऑल टाइम हाई पर है। इससे पहले गुरुवार को चांदी 1,88,281 रुपये किलो और बुधवार को 1,86,350 रुपये किलो के ऑल टाइम हाई पर थी। यानी तीन दिन में ये 16,287 रुपये महंगी हुई है।

**इस साल सोना 56,548 और चांदी 1,09,163 महंगी हुई :** इस साल अब तक सोने की कीमत 56,548 रुपये बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,32,710 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,09,163 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,95,180 रुपये प्रति किलो हो गयी है।

**2 लाख के पार जा सकती है चांदी :** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 35 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी 2 लाख रुपये किलो के पार जा सकती है।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में साहिबगंज डीसी ने कहा

# अहर्ता पूरी करनेवाली 18 से 50 वर्ष से कम उम्र की सभी महिलाएं योजना की हकदार




**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में आजाद सिपाही संवाददाता डॉ कमलेश कुमार के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि अहर्ता पूरी करने वाली 18 वर्ष से 50 वर्ष से कम उम्र की सभी महिलाएं इस योजना की हकदार हैं। उपायुक्त ने इस संवाददाता द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में पूछे गये सवालों के खुल कर जवाब दिये। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से लेकर 50 वर्ष से कम उम्र की सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सकता है। इस मसले पर यहां पेश है डीसी से हुई बातचीत के मुख्य अंशः-

> “वर्तमान में मंईयां योजना पोर्टल में एडिट का विकल्प नहीं है। यह विकल्प प्राप्त होते ही सभी योग्य लाभुकों को सूचित कर दिया जायेगा।

***सवाल : मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरने के बाद अगर अभ्यर्थी महिला को एक किस्त भी राशि नहीं मिली, तो उनको क्या करना चाहिए?***

**जवाब :** इसका मतलब साफ है कि उस महिला के आवेदन में त्रुटि है। अंचल/प्रखंड कार्यालय जाकर सुधार कराया जा सकता है।

***सवाल : अगर किसी महिला लाभुक को मार्च 2025 तक यानी पिछले तीन महीने का 7500 रुपये मिले, उसके बाद से उसको राशि नहीं मिल रही है, तो इसकी क्या वजह हो सकती है?***

**जवाब :** मुख्य रूप से इसकी चार वजह हो सकती है। पहला संबंधित लाभुक महिला का नेशनल पेमेंट कॉपेरिशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआइ) या डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) नहीं रहना हो सकता है। इसके लिए संबंधित लाभुक को प्रज्ञा केंद्र में अपने बैंक खाते को आधार के साथ लिंक करना होगा। दूसरी वजह लाभुक के बैंक खाता और आधार कार्ड के नाम में अंतर होना हो सकती है। इसके लिए संबंधित बैंक में जाकर लाभुक को नाम में सुधार करवाना होगा। तीसरी वजह ज्वाइंट अकाउंट होना हो सकती है। इसके लिए लाभुक को संबंधित बैंक में जाकर सिंगल अकाउंट खुलवाना होगा। चौथी वजह लाभुक के राशन कार्ड का नंबर पोर्टल में गलत भरा जाना हो सकती है। इसके लिए पोर्टल में एडिट का विकल्प प्राप्त होते ही सुधार कर दिया जायेगा।

***सवाल : अगर मंईयां योजना पोर्टल में आवेदक का नाम अथवा राशन कार्ड का नंबर गलत दर्ज हो गया है, तो क्या करना चाहिए?***

**जवाब :** वर्तमान में मंईयां योजना पोर्टल में एडिट का विकल्प नहीं है। यह विकल्प प्राप्त होते ही सभी योग्य लाभुकों को सूचित कर दिया जायेगा।

***सवाल : मंईयां योजना के लिए नये लाभुकों का आवेदन स्वीकार किया जा रहा है या नहीं?***

**जवाब :** मंईयां योजना के लिए नये लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर पंचायतवार आवेदनों की जांच कर सूचीबद्ध किया जा रहा है। पोर्टल खुलते ही स्वीकृति की कार्रवाई की जायेगी।

***सवाल : साहिबगंज जिले की किसी महिला की शादी राज्य के दूसरे जिले में हो गयी है। उसे यहां से योजना का लाभ मिलेगा या नहीं?***

**जवाब :** झारखंड राज्य के जिस जिले में शादी हुई है, वहां से मंईयां योजना का लाभप्राप्त किया जा सकता है।

***सवाल : एक घर से अधिकतम कितनी महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जा सकता है?***

**जवाब :** अहर्ता रखने वाली 18 साल से लेकर 50 साल से कम उम्र की सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सकता है।

# विनेश फोगाट ने ओलिंपिक 2028 के लिए संन्यास वापस लिया



**पंचकूला (आजाद सिपाही)।** विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लेकर कुश्ती में लौटने का फैसला लिया है। वे 2028 में लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में हिस्सा लेना चाहती हैं। विनेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिख कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खामोशी में मुझे कुछ ऐसा मिला जिसे मैं भूल गयी थी। आग कभी खत्म नहीं होती। विनेश 2024 के पेरिस ओलिंपिक में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय रेसलर बनी थीं। हालांकि, फाइनल से पहले उनका 100 ग्राम वजन ज्यादा निकला, जिससे वे डिसक्वालिफाई हो गयीं। इसके बाद उन्होंने रेसलिंग को अलविदा कह दिया था। विनेश अभी हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**